राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

# समृद्धि न्यूज

समृद्ध समाज का आधार

वर्ष- 13 अंक - 25
लखनऊ, मंगलवार 23 सितंबर, 2025
पृष्ठ- 12 मूल्य - रु 3.00
लखनऊ से प्रकाशित


samradhinewslko@gmail.com, www.samriddhisamachar.com, info@samriddhinews.com



जन कल्याण के कार्यों को सदैव प्राथमिकता दें अधिकारी : सीएम योगी 03

लाखों श्रद्धालुओं ने लेहड़ा मंदिर में टेका मत्था 12

## द्वितीयं ब्रह्मचारिणी



**दधाना करपद्माभ्यामक्षमालाकमण्डलू। देवी प्रसीदतु मयि ब्रह्मचारिण्यनुत्तमा॥**

नवरात्रि पर्व के दूसरे दिन मां ब्रह्मचारिणी की पूजा-अर्चना की जाती है। ब्रह्म का अर्थ है तपस्या और चारिणी यानी आचरण करने वाली। इस प्रकार ब्रह्मचारिणी का अर्थ हुआ तप का आचरण करने वाली। इन्होंने भगवान शंकर को पति रूप में पाने के लिए घोर तपस्या की थी। इस कारण इन्हें ब्रह्मचारिणी नाम से जाना जाता है। इनके हाथ में कमंडल सुशोभित होता है।

## -: सर्राफा बाजार भाव :-

| सोना | | प्रति 10 ग्राम |
|---|---|---|
| 24 कैरेट | = | 1,13,220/ |
| 22 कैरेट | = | 1,03,800/ |
| 18 कैरेट | = | 84,960/ |
| चांदी | | प्रति किलो |
| | = | 1,38,000/ |



## संक्षिप्त समाचार

### जापान में नया प्रधानमंत्री चुने जाने की कवायद शुरू

**टोक्यो।** जापान में सत्तारूढ़ लिबरल डेमोक्रेटिक पार्टी (एलडीपी) ने निवर्तमान प्रधानमंत्री शिगेरू इशिबा के इस्तीफा देने के बाद उनका उत्तराधिकारी चुनने के लिए होने वाले आगामी चुनाव के लिए आज आधिकारिक अभियान की शुरूआत की। जापान के एक प्रमुख अखबार की रिपोर्ट के मुताबिक आगामी चार अक्टूबर को एलडीपी के 295 सांसदों और करीब दस लाख पार्टी के कार्यकर्ता पार्टी के नये नेता के चुनाव में मतदान करेंगे। पार्टी के शीर्ष पद के लिए पांच उम्मीदवार प्रतिस्पर्धा कर रहे हैं जिसमें कृषि मंत्री शिंजिरो कोइज़ुमी और पूर्व आर्थिक सुरक्षा मंत्री साने ताकाइची, इशिबा की सरकार के मुख्य कैबिनेट सचिव योशिमासा हयाशी, पूर्व कैबिनेट मंत्री तोशिमित्सु मोतेगी और पूर्व आर्थिक सुरक्षा मंत्री ताकायुकी कोबायाशी शामिल हैं।

### शादी के बंधन में बंधे हिमाचल के कैबिनेट मंत्री

**चंडीगढ़।** हिमाचल प्रदेश के कैबिनेट मंत्री विक्रमादित्य सिंह सोमवार को चंडीगढ़ में पंजाब की डॉ. अमरीन कौर के साथ शादी के बंधन में बंध गए। दोनों ने चंडीगढ़ के सेक्टर-11 स्थित गुरुद्वारे में लावां ली। शादी हिंदू व सिख परंपरा के अनुसार हुई। सुबह करीब 11 बजे दोनों परिवार गुरुद्वारे पहुंचे। अमरीन कौर, सरदार जोतिंद्र सिंह सेखों और ओपिंद्र कौर की बेटी हैं। वह पंजाब यूनिवर्सिटी में साइकोलॉजी की असिस्टेंट प्रोफेसर हैं। गुरुद्वारे में शादी की रस्में बेहद सादगी से पूरी हुईं। इसमें दोनों तरफ से सिर्फ करीबी रिश्तेदार और दोस्त शामिल हुए।

### सीबीआई ने धोखाधड़ी में नीरज कुमार को पकड़ा

**नई दिल्ली।** केंद्रीय अन्वेषण ब्यूरो (सीबीआई) ने 3.81 करोड़ रुपये की साइबर धोखाधड़ी के मामले में फरार आरोपित नीरज कुमार को मुंबई से गिरफ्तार किया। नीरज म्यूल (अवैध लेनदेन के लिए बनाए गए) खाते के जरिए अवैध धन को ट्रांसफर करने में मुख्यारोपित था। सीबीआई के मुताबिक नीरज ने सह-आरोपित सुधीर पलांडे के साथ मिलकर इंडसइंड बैंक में एक म्यूल खाता खुलवाया, जिसमें एक ही दिन में 3.81 करोड़ रुपये जमा किए गए और तुरंत कई अन्य खातों में स्थानांतरित कर दिए गए।

### पायलट की गलती की चर्चा अफसोसजनक : सुप्रीम कोर्ट

**नयी दिल्ली।** एअर इंडिया की फ्लाइट एआई-171 ने 12 जून को दोपहर 1.38 बजे उड़ान भरी थी और 1.40 बजे हादसा हो गया। उस समय प्लेन 200 फीट की ऊंचाई पर था। सुप्रीम कोर्ट ने अहमदाबाद में हुए प्लेन क्रैश में पायलट की गलती को लेकर उठ रही चर्चाओं को अफसोसजनक बताया है। इसके लिए कोर्ट ने सोमवार को केंद्र सरकार, नागरिक उड्डयन महानिदेशालय और विमान दुर्घटना जांच ब्यूरो से जवाब मांगा है।

### प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने अरुणाचल के ईटानगर में 5100 करोड़ की परियोजनाओं का लोकार्पण कर प्रदेशवासियों को नवरात्र का दिया उपहार

# कांग्रेस की सोच से पूर्वोत्तर को हुआ नुकसान

**▸ अरूणाचल का हर व्यक्ति शौर्य और शांति का प्रतीक : प्रधानमंत्री**

एजेंसी

**ईटानगर।** प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने सोमवार को अरुणाचल प्रदेश के ईटानगर में 5100 करोड़ की परियोजनाओं का लोकार्पण कर प्रदेशवासियों को नवरात्र का उपहार दिया। इसमें 3,700 करोड़ से अधिक की दो जलविद्युत परियोजना और तवांग में एक अत्याधुनिक सम्मेलन केंद्र की आधारशिला रखी है।

श्री मोदी ने इस अवसर पर अपने संबोधन में कहा कि अरुणाचल की यह भूमि उगते सूर्य की धरती के साथ देशभक्ति के उफान की भी धरती है। जैसे तिरंगे का पहला रंग केसरिया है, वैसे ही अरुणाचल का पहला रंग भी केसरिया है। यहां का हर व्यक्ति शौर्य और शांति का प्रतीक है। प्रधानमंत्री ने कहा कि आज से देश में नेक्स्ट जेनरेशन वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) सुधार लागू हुए हैं। जीएसटी बचत उत्सव की शुरुआत हुई है। उन्होंने कहा कि त्योहारों के इस मौसम में जनता जनार्दन को यह डबल बोनस मिला है। उन्होंने कहा कि 2014 में जब आपने मुझे सेवा का मौका दिया, तभी मैंने कांग्रेस की सोच से देश को मुक्ति दिलाने की ठान लिया था। हमारी प्रेरणा किसी राज्य में वोटों और सीटों की संख्या नहीं बल्कि राष्ट्र सर्वप्रथम (नेशन फर्स्ट) की भावना है। हमारा एक ही मंत्र नागरिक देवो भवः है। जबकि कांग्रेस का यह मानना था कि इस प्रदेश में कम लोग हैं, लोकसभा की सिर्फ दो ही सीटें हैं, तो क्यों अरुणाचल पर ध्यान दिया जाए। कांग्रेस की सोच से अरुणाचल को, पूरे पूर्वोत्तर को बहुत नुकसान हुआ। हमारा पूरा पूर्वोत्तर क्षेत्रा विकास में पीछे छूट गया। प्रधानमंत्री ने पूर्वोत्तर की कांग्रेस द्वारा अनदेखी किये जाने पर कहा कि हमारे अरुणाचल प्रदेश में वैसे तो सूर्य की किरण सबसे पहले आती हैं लेकिन दुर्भाग्य से यहां विकास की किरण आते-आते कई दशक लग गए। इसका कारण जो लोग दिल्ली में बैठकर देश चला रहे थे, उन्होंने अरुणाचल को हमेशा नजरअंदाज किया। उन्होंने कहा कि हम पूर्वोत्तर के आठों राज्यों को अष्टलक्ष्मी के रूप में पूजते हैं, इसलिए इस क्षेत्र को विकास में पीछे नहीं देख सकते। यहां विकास के लिए केंद्र सरकार अधिक से अधिक धन खर्च कर रही है। हमने कांग्रेस की उस अवधारणा को भी बदल दिया जिसके अनुसार जिन जिलों को वह पिछड़ा जिला कहती थी उसे हम लोगों ने आकांक्ष जिला बनाया और वहां विकास को प्राथमिकता दी गयी। देश के सीमावर्ती जिन गांवों को कांग्रेस अंतिम गांव कहती थी, उन्हें हमने प्रथम गांव माना। इसके अच्छे परिणाम आज हम देख रहे हैं। वाइब्रेंट विलेज की सफलता ने लोगों का जीवन आसान बनाया है। प्रधानमंत्री ने कहा कि जब कांग्रेस की सरकार थी तब अरुणाचल प्रदेश को 10 साल में सेंट्रल टैक्स में से सिर्फ 6,000 करोड़ रुपये ही मिले थे। जबकि भाजपा सरकार के 10 वर्षों के कार्यकाल में अरुणाचल को एक लाख करोड़ रुपये से अधिक मिल चुके हैं।



### उपराष्ट्रपति ने प्रधानमंत्री मोदी के भाषणों की पुस्तकों का किया विमोचन

**नई दिल्ली।** उपराष्ट्रपति सीपी राधाकृष्णन ने सोमवार को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के चुनिंदा भाषणों वाले पुस्तकों के दो खंडों का विमोचन किया। इन खंडों का शीर्षक 'सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास' है। ये भाषण प्रधानमंत्री के दूसरे कार्यकाल के चौथे और पांचवें वर्ष को कवर करते हैं। सूचना एवं प्रसारण मंत्रालय द्वारा यहां आयोजित कार्यक्रम में उपराष्ट्रपति ने नवरात्रि के पावन अवसर पर नागरिकों को शुभकामनाएं दीं और कहा कि पदभार ग्रहण करने के बाद यह उनका पहला सार्वजनिक समारोह था।

उपराष्ट्रपति ने कहा कि ये दोनों खंड प्रधानमंत्री के राष्ट्र के प्रति योगदान, दृष्टिकोण और सपनों को समझने की कुंजी हैं। उन्होंने प्रधानमंत्री मोदी को देश और विदेश में लाखों लोगों के लिए एक जीवंत प्रेरणा बताया, जो अपने आचरण से लोगों को अपना सर्वश्रेष्ठ देने के लिए प्रेरित करते हैं, जो आम आदमी के प्रतिनिधि से एक सच्चे जननेता के रूप में विकसित हुए हैं, जिनके दृढ़ संकल्प ने हमें दिखाया है कि कैसे असंभव को संभव बनाया जा सकता है, नामुमकिन को मुमकिन करना, असम्भव को संभव करना। पुस्तकों में 2022-23 के लिए 76 भाषण और 12 मन की बात संबोधन और 2023-24 के लिए 82 भाषण और 9 मन की बात संबोधन शामिल हैं। इन्हें 11-11 विषयगत खंडों में संकलित किया गया है। उपराष्ट्रपति ने कहा कि ये पुस्तकें प्रधानमंत्री की विचारों की स्पष्टता, दूरदर्शी दृष्टिकोण और समावेशी शासन के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाती हैं।



### पीएम मोदी ने पंडित जसराज का भजन किया साझा

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आज से शुरू हुये नवरात्र के पावन अवसर पर प्रसिद्ध शास्त्रीय गायक पंडित जसराज द्वारा रचित एक भक्तिमय भजन साझा किया और इसे इस त्योहार की शुद्ध भक्ति भावना का प्रतीक बताया। प्रधानमंत्री ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म एक्स पर पोस्ट किए गये एक संदेश में नवरात्र के दौरान संगीत और आध्यात्मिक अभिव्यक्ति के बीच गहरे संबंध पर ज़ोर देते हुये कहा नवरात्र शुद्ध भक्ति का पर्व है। बहुत से लोगों ने इस भक्ति को संगीत के माध्यम से आत्मसात किया है।

### 48 लाख की अफीम स्मैक बरामद, दो तस्कर गिरफ्तार, तीन फरार

**बरेली।** उत्तर प्रदेश के बरेली जिले में थाना बारादरी पुलिस ने नवरात्र की पूर्व संध्या पर बड़ी कार्रवाई करते हुए दो शातिर तस्करों को गिरफ्तार कर लिया। इनके कब्जे से 900 ग्राम अफीम, 200 ग्राम स्मैक, 3.5 किलो पावर पाउडर, 94 हजार रुपये नकद, दो बाइक और पांच मोबाइल बरामद किए गए। बरामद मादक पदार्थों की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत करीब 48 लाख रुपये बताई जा रही है। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर चल रहे अभियान के तहत प्रभारी निरीक्षक धनंजय पांडेय और चौकी प्रभारी मॉडल टाउन उपनिरीक्षक जितेंद्र कुमार की टीम ने रविवार देर रात पुराने रेलवे ग्राउंड के पास दबिश दी। यहां पांच तस्कर खड़े मिले। पुलिस ने साजिद पुत्र लईक निवासी फाईक एंक्लेव, थाना बारादरी और रेहान पुत्र नूर इस्लाम निवासी बहेड़ी को दबोच लिया। मौके का फायदा उठाकर नन्हें, उसका बेटा रोहित उर्फ शोएब और आरिफ निवासी भोजीपुरा भाग निकले। गिरफ्तार तस्करों ने पूछताछ में बताया कि वे झारखंड से अफीम और मणिपुर से स्मैक मंगाकर बरेली, उत्तराखंड, दिल्ली और पंजाब तक सप्लाई करते हैं।

### एनएससीएन (के) पांच वर्ष के लिए गैरकानूनी संगठन घोषित

**नई दिल्ली।** केंद्र सरकार ने नेशनल सोशलिस्ट काउंसिल ऑफ नगालैंड-खापलांग (एनएससीएन-के) और इसके सभी गुटों, शाखाओं तथा अग्रणी संगठनों को तत्काल प्रभाव से पांच वर्षों के लिए गैरकानूनी संगठन घोषित कर दिया है। गृह मंत्रालय ने सोमवार को जारी अधिसूचना में कहा कि एनएससीएन (के) भारत की संप्रभुता और अखंडता के लिए खतरा पैदा करने वाली गतिविधियों में शामिल रहा है। संगठन ने भारतीय संघ से अलग होकर भारत-म्यांमार क्षेत्र के नगा आबादी वाले क्षेत्रों को शामिल करते हुए एक अलग संप्रभु नगालैंड बनाने का लक्ष्य घोषित किया है तथा उल्फा (आई), पीआरईपीएके और पीएलए जैसे अन्य गैरकानूनी संगठनों से गठजोड़ किया।

## विकसित यूपी @2047 का लोगो लंदन में हुआ लांच

समृद्धि न्यूज

**लंदन/लखनऊ।** लंदन के द कर्व स्लो हॉल में आयोजित कार्यक्रम में उत्तर प्रदेश के प्रवासी समुदाय ने मुख्यमंत्री योगी की विकसित यूपी 2047 पहल और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विकसित भारत @2047 अभियान का गर्मजोशी से स्वागत किया। उपस्थित लोगों ने अभियान की भूरी-भूरी प्रशंसा की और इसे वैश्विक स्तर पर आगे बढ़ाने की इच्छा जताई। कार्यक्रम के दौरान विकसित यूपी 2047 का लोगो भी लांच किया गया।

उत्तर प्रदेश के स्टाम्प और रजिस्ट्रेशन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) रविंद्र जायसवाल ने सभा को सम्बोधित करते हुए राज्य में हो रहे परिवर्तनात्मक बदलावों और 2047 तक के विकास के रोडमैप पर विस्तृत प्रकाश डाला।

**यूपी डायस्पोरा का सक्रिय योगदान व वैश्विक विस्तार**

यूपीडीएफ यूके के चेयरमैन डॉ. अजय सिंह ने बताया कि उपस्थित लोगों ने अन्य शहरों जैसे केम्ब्रिज और स्विडन में कार्यक्रम आयोजित करने की इच्छा व्यक्त की, ताकि अधिकतम सुझाव 5 अक्टूबर तक प्राप्त किए जा सकें। यूपीडीएफ ग्लोबल अध्यक्ष पंकज के अनुसार दुबई, नीदरलैंड्स, अमेरिका और अन्य देशों में भी इसी तरह के कार्यक्रम आयोजित किए जा रहे हैं, ताकि वैश्विक यूपी डायस्पोरा को अभियान से जोड़ा जा सके।

### यूपी के मुख्य सचिव शशि प्रकाश गोयल ने संभाला कार्यभार

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्य सचिव शशि प्रकाश गोयल ने शारदीय नवरात्रि के पहले दिन सोमवार को अपना कार्यभार संभाल लिया। वे स्वास्थ्य कारणों से अवकाश पर थे। मुख्य सचिव एसपी गोयल पिछले सवा महीने से अस्वस्थता के कारण अवकाश पर थे। उनके स्थान पर दीपक कुमार कार्यभार संभाल रहे थे। स्वास्थ्य लाभ के बाद श्री गोयल ने नवरात्रि के पहले दिन कार्यभार ग्रहण किया। लोकभवन में मुख्य सचिव से कई अधिकारियों ने शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देश भी दिए। दीपक कुमार अब आईआईडीसी और एपीसी के साथ-साथ एसीएस वित्त, सीईओ यूपीईडा का पद संभालेंगे।

## जीएसटी में सुधार से उत्पादन बढ़ने के साथ रोजगार का भी होगा सृजन : मुख्यमंत्री योगी

**▸ सीएम ने जीएसटी सुधार को बताया पीएम मोदी की तरफ से दीपावली उपहार**

समृद्धि न्यूज

**गोरखपुर।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने जीएसटी सुधारों को प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी की तरफ से देशवासियों को दीपावली का उपहार बताते हुए जीएसटी की घटी दरों को रोजगार बढ़ाने में सहायक बताया है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि जीएसटी कम होने से आम उपभोक्ता की क्रय शक्ति बढ़ेगी। क्रय शक्ति बढ़ने से मांग बढ़ेगी। मांग से खपत, खपत से उत्पादन बढ़ेगा और उत्पादन बढ़ने से नया रोजगार सृजन भी होगा। मुख्यमंत्री सोमवार को जीएसटी रिफॉर्म पर जन जागरण पदयात्रा और व्यापारियों से संवाद करने के बाद यहां मीडिया से वार्ता कर रहे थे। मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि शारदीय नवरात्र के पहले दिन प्रधानमंत्री मोदी के मार्गदर्शन में जीएसटी की घटी दरें पूरे देश में लागू कर दी गई हैं। जीएसटी में यह अब तक सबसे बड़ा रिफॉर्म है। कई वस्तुओं और सेवाओं में कर की दरों को पांच प्रतिशत या शून्य पर ला दिया गया है। उन्होंने कहा कि जीवनरक्षक दवाओं को करमुक्त कर दिया गया है, जबकि अन्य दवाओं पर कर की दर को घटाकर पांच प्रतिशत कर दिया गया है। एन्होंने कहा कि किसानों के लिए जीएसटी पांच प्रतिशत या शून्य कर दी गई है। शिक्षण सामग्री पर कर की दर को बारह से शून्य कर दिया गया है। मुख्यमंत्री ने कहा कि जीएसटी एक है, लेकिन इसके लाभ अनेक हैं। जीएसटी रिफॉर्म अर्थव्यवस्था को नई गति देंगे। क्रयशक्ति बढ़ने से आम ग्राहक उल्लास और उमंग से पर्व-त्योहार मनाएगा। बाजार में मजबूती आने से खपत और उत्पादन बढ़ने का सकारात्मक असर रोजगार पर पड़ेगा।



## कश्मीर को दहलाने की कोशिश, डल झील के पास संदिग्ध वस्तु से हड़कंप

**▸ सफेद गेंद जैसी वस्तु को किया गया निष्क्रिय**

एजेंसी

**श्रीनगर।** श्रीनगर की प्रसिद्ध डल झील के किनारे अचनाक से हड़कंप मच गया और पर्यटकों सहित सभी लोग जान बचाने के लिए इधर-उधर भागने लगे। दरअसल यहां पर एक संदिग्ध वस्तु देखे जाने पर अचानक से हड़कंप मच गया। जिसके बाद पुलिस और सुरक्षा एजेंसियों ने तुरंत हरकत में आ गई और एक सफेद गेंद जैसी दिखने वाली वस्तु को गंभीरता से लेते हुए आस पास सभी लोगों की सुरक्षा के लिए काम शुरू किया। जिसके बाद सतर्कता बरतते हुए नियंत्रित विस्फोट के जरिए उस वस्तु को निष्क्रिय कर दिया गया। यह घटना तब सामने आई जब झील के किनारे रोजाना की निगरानी के दौरान सुरक्षाकर्मियों की नजर एक सफेद गेंद जैसी दिखने वाली चीज पर पड़ी। शक होने पर पुलिस ने इलाके को तुरंत घेर लिया और वहां मौजूद स्थानीय लोगों और पर्यटकों को सुरक्षित स्थानों पर भेज दिया। इसके बाद मौके पर पहुंची बम निरोधक दस्ते ने किसी भी संभावित खतरे को टालने के लिए संदिग्ध वस्तु को नियंत्रित विस्फोट के जरिए नष्ट कर दिया। पुलिस ने बताया कि इस घटना में कोई जानमाल का नुकसान नहीं हुआ है।

### सुशीला कार्की कैबिनेट के चार मंत्रियों ने ली शपथ

**काठमांडू।** अंतरिम सरकार की पीएम सुशीला कार्की की कैबिनेट में शामिल होने के लिए चार नवनियुक्त मंत्रियों ने सोमवार को शपथ ली। राष्ट्रपति रामचंद्र पौडेल ने शीतल निवास में समारोह में इन्हें शपथ दिलाई। पूर्व न्यायाधीश अनिल सिन्हा, राष्ट्रीय आविष्कार केंद्र के संस्थापक महावीर पुन, पत्रकार जगदीश खरेल और कृषि विशेषज्ञ मदन परियार ने मंत्री पद की शपथ ली। सिन्हा ने उद्योग, कानून और भूमि व्यवस्था मंत्री, पुन ने शिक्षा, विज्ञान और प्रौद्योगिकी मंत्री, खरेल ने संचार और सूचना मंत्री तथा परियार ने कृषि मंत्री के रूप में शपथ ली। अतिरिक्त स्वास्थ्य सचिव के पद से इस्तीफा देने वाली डॉ. संगीता मिश्रा को लेकर विवाद होने के बाद उनका नाम अंतिम समय में शपथग्रहण की सूची से हटा दिया।

## भारत-मोरक्को सैन्य चिकित्सा में करेंगे सहयोग

**▸ रक्षा मंत्री ने मोरक्को में प्रवासी समुदाय के साथ की बातचीत**

एजेंसी

**नई दिल्ली।** भारत और मोरक्को ने सोमवार को रक्षा सहयोग बढ़ाने के लिए समझौता किया है। दोनों देशों ने द्विपक्षीय संबंधों को मजबूत करने के साथ ही सैन्य चिकित्सा में सहयोग के लिए व्यापक रोडमैप पर सहमति जताई है। मोरक्को की यात्रा पर गए रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने मोरक्को की राजधानी रबात में नई रक्षा शाखा खोलने का भी ऐलान किया है।

उन्होंने मोरक्को में प्रवासी समुदाय के साथ बातचीत में भारत की तरक्की के बारे में बताया। रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह अफ्रीका में पहले भारतीय रक्षा विनिर्माण संयंत्र के उद्घाटन में हिस्सा लेने के लिए इस समय मोरक्को की यात्रा पर हैं। उन्होंने मोरक्को के रक्षा मंत्री अब्देलतीफ लौदियी के साथ रबात में द्विपक्षीय बैठक की, जहां दोनों मंत्रियों ने रक्षा सहयोग पर समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए। यह समझौता दोनों देशों के बीच बढ़ती साझेदारी के लिए मजबूत संस्थागत ढांचा खड़ा करने के साथ ही रक्षा उद्योग, संयुक्त अभ्यास, सैन्य प्रशिक्षण और क्षमता निर्माण में सहयोग का मार्ग प्रशस्त करेगा। दोनों मंत्रियों ने सशस्त्र बलों के बीच आदान-प्रदान बढ़ाने, प्रशिक्षण कार्यक्रमों को सुगम बनाने और रक्षा क्षेत्र में सह-विकास एवं सह-उत्पादन के अवसरों की खोज के महत्व पर बल दिया। दोनों नेताओं ने रक्षा उद्योग में सहयोग को और बढ़ाने का निर्णय लिया और आतंकवाद-निरोध, समुद्री सुरक्षा, साइबर रक्षा, शांति अभियानों, सैन्य चिकित्सा और विशेषज्ञों के आदान-प्रदान को शामिल करते हुए व्यापक रोडमैप पर सहमति व्यक्त की।



### केंद्र सरकार का राहत पैकेज पंजाब के बाढ़ पीड़ितों के साथ मजाक : राहुल गांधी

**चंडीगढ़।** लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी ने पंजाब के बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों के लिए दिए गए राहत पैकेज को नाकाफी करार देते हुए सवाल उठाए हैं। राहुल गांधी ने इसे पंजाब के लोगों के साथ अन्याय बताया है। उन्होंने प्रधानमंत्री से अपील की है एक व्यापक राहत पैकेज तुरंत जारी करें। राहुल गांधी हाल ही में पंजाब दौरे पर आए थे। राहुल गांधी के रावी पार गांवों में नहीं जाने को लेकर सियासत गरमाई हुई है। पंजाब पुलिस ने सुरक्षा का हवाला देकर उन्हें पाकिस्तान की सीमा से सटे गांवों में जाने से रोक दिया था। सोमवार को राहुल गांधी ने अपने सोशल मीडिया एक्स पर लिखा कि मुझे पूरा विश्वास है कि लोग एक बार फिर पंजाब को खड़ा करेंगे।

**पुरस्कार**

### इस साल के ई-शासन पुरस्कार के लिए देशभर से आए 1.45 लाख से अधिक आवेदन


# सेवा वितरण को बेहतर बनाने के लिए चार ग्राम पंचायतें अव्वल

**▸ ई-गवर्नेंस में श्रेष्ठ प्रदर्शन करने वाली ग्राम पंचायतों को राष्ट्रीय पुरस्कार**

एजेंसी

**नई दिल्ली।** देश की चार ग्राम पंचायतों को डिजिटल सेवा वितरण में उत्कृष्ट कार्य के लिए राष्ट्रीय ई-शासन पुरस्कार 2025 से सम्मानित किया गया। यह पुरस्कार आंध्र प्रदेश के विशाखापत्तनम में आयोजित 28वें राष्ट्रीय ई-शासन सम्मेलन में केंद्रीय कार्मिक, लोक शिकायत एवं पेंशन राज्य मंत्री डॉ. जितेंद्र सिंह ने प्रदान किए। सम्मेलन का उद्घाटन आंध्र प्रदेश के मुख्यमंत्री एन. चंद्रबाबू नायडू ने किया। यह पुरस्कार पंचायती राज मंत्रालय और कार्मिक मंत्रालय ने आपसी सहयोग से शुरू किया है।

केंद्रीय पंचायती राज मंत्रालय के अनुसार, इस साल के ई-शासन पुरस्कार के लिए देश भर से आए 1.45 लाख से अधिक आवेदनों में से चार ग्राम पंचायतों को ग्राम पंचायतों में सेवा वितरण को बेहतर बनाने वाली पहल श्रेणी के तहत चुना गया। स्वर्ण पुरस्कार महाराष्ट्र के धुले जिले की रोहिणी ग्राम पंचायत को मिला, जिसके सरपंच डॉ. आनंदराव पवारा हैं। रजत पुरस्कार पश्चिम त्रिपुरा जिले की पश्चिम मजलिसपुर ग्राम पंचायत को दिया गया, जिसकी सरपंच अनीता देब दास हैं। निर्णायक मंडल पुरस्कारों में पहला पुरस्कार गुजरात के सूरत जिले की पलसाना ग्राम पंचायत को मिला, जिसके सरपंच प्रवीणभाई अहीर हैं। दूसरा निर्णायक मंडल पुरस्कार ओडिशा के केंदुझार जिले की सुआकाटी ग्राम पंचायत को प्रदान किया गया, जिसकी सरपंच कौतुका नाइक हैं। स्वर्ण पुरस्कार विजेता पंचायत को 10 लाख रुपये और रजत पुरस्कार विजेता पंचायत को 5 लाख रुपये की पुरस्कार राशि दी जाएगी।




**महाराष्ट्र :** रोहिणी ग्राम पंचायत राज्य की पहली पंचायत है, जिसने पूरी तरह कागज रहित ई-कार्यालय प्रणाली अपनाई है। यहां 1,027 सेवाएं ऑनलाइन उपलब्ध हैं, और प्रत्येक घर में डिजिटल शिक्षा सुनिश्चित की गई है। शिकायतों का तुरंत निवारण होता है, और संदेश सेवा के माध्यम से हर नागरिक तक सूचनाएं पहुंचाई जाती हैं।

**त्रिपुरा :** पश्चिम मजलिसपुर पंचायत ने नागरिक चार्टर आधारित मॉडल अपनाया है, जिसमें जन्म, मृत्यु, विवाह प्रमाण पत्र, व्यापार लाइसेंस, संपत्ति रिकॉर्ड, और मनरेगा जॉब कार्ड जैसी सेवाएं ऑनलाइन उपलब्ध हैं। यहां हर आवेदन की डिजिटल निगरानी की जाती है।

**गुजरात :** पलसाना पंचायत ने क्यूआर कोड और यूपीआई के माध्यम से कर भुगतान, शिकायत निवारण, और लाभकारी योजनाओं की पारदर्शी व्यवस्था लागू की है। यहां हर साल 10 हजार से अधिक लोग डिजिटल सेवाओं का लाभ उठाते हैं।

**ओडिशा :** सुआकाटी पंचायत ने सेवा ओडिशा और ओडिशावन मंच के जरिए चौबीसों घंटे सेवाएं उपलब्ध कराई हैं। महिला नेतृत्व और सभी वर्गों की भागीदारी के साथ यह पंचायत शासन और लोगों के बीच की दूरी को कम कर रही है।

## वाराणसी आ रही फ्लाइट का कॉकपिट खोलने की कोशिश

**▸ कैप्टन ने नहीं खोला दरवाजा, सीआईएसएफ ने नौ को हिरासत में लिया**

समृद्धि न्यूज

**वाराणसी।** बेंगलुरु से वाराणसी आ रही एअर इंडिया के विमान में एक यात्री ने कॉकपिट का दरवाजा खोलने की कोशिश की। उसने दरवाजे का सही पासकोड भी डाला, लेकिन कैप्टन ने हाईजैक के डर से दरवाजा नहीं खोला। केबिन क्रू ने उसे रोकने की कोशिश की, तो उसके साथ के लोग आ गए। अंदर जाने की कोशिश करने लगे। एयरलाइंस कर्मियों ने उन्हें फटकार लगाते हुए सीट पर बैठाया। कैप्टन ने एयर ट्रैफिक कंट्रोल (एटीसी) को इसकी जानकारी दी। एटीसी ने एयरपोर्ट अथॉरिटी को सूचना दी। जैसे ही विमान वाराणसी में लैंड हुआ, सीआईएसएफ ने आरोपी और उसके 8 साथियों को हिरासत में लिया। सूचना मिलते ही एटीएस, एलआईयू, सेंट्रल इंटेलिजेंस और साइबर क्राइम की टीम मौके पर पहुंची। सभी बेंगलुरु के निवासी हैं। लोकल पुलिस के जरिए उनके एड्रेस का वेरिफिकेशन कराया जा रहा है। बाबतपुर पुलिस चौकी में सुबह 10.30 बजे से उनसे पूछताछ की जा रही है। सभी के मोबाइल और कॉल डिटेल चेक किए जा रहे हैं। वाराणसी पुलिस ने इसकी पुष्टि की है।

## खबरें एक नजर में

### पंडालों में प्रतिष्ठित हुईं देवी प्रतिमाएं



**पनवाड़ी, महोबा।** शारदीय नवरात्र की परमा तिथि पर सोमवार शाम विभिन्न पंडालों में मातारानी की प्रतिमाएं विधि विधान से स्थापित हुईं। नगर में लगभग 15 स्थानों पर नवदुर्गा कमेटियों द्वारा पंडाल सजाए गए हैं। जिनमें श्रद्धालु नौ दिन तक अर्चन, वंदन और पूजन कर देवी उपासना करेंगे। कस्बा में मुख्य रूप से मैन बाजार, बनियाटपुरा, संतोषीमाता मंदिर, तिवारीपुरा, बस स्टैंड, नौगांव फदना रोड, सुभाष नगर, गायत्री मुहाल, अग्निहोत्रीपुरा समेत अन्य स्थलों पर देवी पंडालों में मनमोहक सजावट की गई है। इसके अलावा, कस्बा के प्राचीन पूजा स्थल बड़ी माता मंदिर, काली मंदिर और दुर्गा मंदिर को भव्य रूप से सजाया गया है। बहुधा घरों में नौ दिन जवारा रखने की परंपरा है, जिसकी शुरुआत सोमवार शाम माता के भजनों के साथ आरम्भ हुई। देवी पंडालों और धार्मिक स्थलों में सुरक्षा के मद्देनजर पुलिस बल की तैनाती की गई है। साथ ही हरेक पूजा स्थल पर कमेटी प्रबंधन को सीसीटीवी कैमरा लगाए जाने के लिए निर्देशित किया गया है। प्रथम दिवस मां शैलपुत्री की पूजा का विधान है। पंडित सुरेश तिवारी ने बताया कि माता के इस स्वरूप की आराधना से शक्ति और साहस की वृद्धि होती है। शैल पुत्री नाम वाले माता के इस स्वरूप को सफेद या लाल रंग के पुष्प प्रिय हैं। गाय के दूध से बने पकवान और मिठाई का भोग लगाने से मां प्रसन्न होकर भक्त की मनोकामनाएं पूरी करती है।

### गैस सिलेंडर में हुए रिसाव से गृहस्थी जलकर खाक



**भरुआ सुमेरपुर।** क्षेत्र के ग्राम भौंरा डंडा में खाना बनाते समय गैस सिलेंडर में रिसाव होने से आग लग गई। आग से करीब दो लाख रुपये की गृहस्थी का सामान जलकर खाक हो गया। ग्रामीण में एकजुट होकर आग पर काबू पाया। रविवार की शाम मूलचंद प्रजापति की पत्नी खाना बना रही थी। इसी बीच गैस सिलेंडर में रिसाव होने से आग लग गई। आग ने देखते ही देखते विकराल रूप धारण कर लिया। पीड़ित ने बताया कि आग से गृहस्थी के समान के साथ 50 हजार की नकदी जल गई है। उसके मुताबिक करीब दो लाख का नुकसान हुआ है। ग्रामीणों ने एकजुट होकर कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। ग्राम प्रधान सुरेंद्र सिंह भदौरिया ने घटना से गांव के लेखपाल को अवगत कराया है।

### ट्रक की टक्कर से बाइकसवार की मौत

**मौदहा हमीरपुर।** क्षेत्र के राजमार्ग में ट्रक की टक्कर से घायल बाइक सवार की इलाज के दौरान मौत हो गई। इस घटना से मृतक के परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने मृतक के शव को मेडिकल परीक्षण के लिए भेज घटना की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। पुलिस ने आरोपी ट्रक चालक को घटना के बाद ही गिरफ्तार कर लिया था। कोतवाली क्षेत्र मौदहा के ग्राम नरायच निवासी हरिकिशन 34 वर्ष पुत्र भगवान दीन रविवार की दोपहर अपने गांव से बाइक द्वारा मौदहा आ रहा था तभी राजमार्ग पर राठ तिराहा के समीप पीछे से आ रहे ट्रक ने उसकी बाइक में टक्कर मार दी जिससे हरिकिशन बाइक समेत सड़क पर गिर गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे गंभीर हालत में सरकारी अस्पताल मौदहा से प्राथमिक उपचार के बाद मुख्यालय रेफर किया गया था। रविवार की रात हरि किशन को इलाज हेतु कानपुर ले जाते समय रास्ते में मौत हो गई। इस घटना से मृतक के परिजनों में कोहरा मच गया। कोतवाली पुलिस ने मृतक के शव को मेडिकल परीक्षण के लिए भेज घटना की जांच पड़ताल शुरू कर दी है। पुलिस ने आरोपी ट्रक चालक को पहले ही हिरासत में ले लिया था। मृतक ट्रक चला कर अपने परिवार का भरण पोषण करता था वह अपने पीछे चार पुत्रियों व एक पुत्र समेत पत्नी को बिलखता छोड़ गया है। इस घटना से गांव में शोक का माहौल है।

### सहकारी समिति में हजारों की संख्या में किसान खाद लेने पहुंचे



**कुरारा, हमीरपुर।** कस्बा कुरारा में सहकारी समिति में डी ए पी खाद आने की सूचना मिलते ही हज़ारों की भीड़ केंद्र में एकत्र हो गई। प्रभारी द्वारा खाद का वितरण किया गया देर शाम एस डी एम सदर द्वारा खाद वितरण केंद्र का औचक निरीक्षण किया क्षेत्र के साधन सहकारी समिति कुसमरा में एक ट्रक खाद आने की जानकारी मिलते ही किसानों की भारी भीड़ एकत्र हो गई। केंद्र प्रभारी द्वारा खाता धारक किसानो को पांच पांच बोरी खाद का वितरण किया तथा आधार कार्ड के द्वारा दो दो बोरी खाद का वितरण किया गया। देर शाम पांच बजे एस डी एम सदर के डी शर्मा द्वारा केंद्र का निरीक्षण किया गया। तथा किसानों को खाद मिलने का आश्वासन दिया। केंद्र प्रभारी को खाद वितरण के निर्देश दिए।

### जीएसटी कम होने पर भाजपा ने मनाई खुशी



**बांदा।** नवरात्र के पावन पर्व प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा शुभारंभ किए गए जीएसटी बचत उत्सव के अंतर्गत देश भर में जीएसटी की कम दरें लागू होने पर आज बांदा में भाजपा द्वारा खुशी मनाते हुए व्यापारियों को मिठाई खिलाई गई। प्रधानमंत्री ने जीएसटी दरों में कमी करके देशवासियों को बड़ा दिवाली का उपहार दिया इससे उपभोक्ताओं को भारी राहत मिली। माननीय सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी व भाजपा जिलाध्यक्ष कल्लू सिंह राजपूत के नेतृत्व में भाजपा के पदाधिकारी व कार्यकर्ताओं ने भाजपा कार्यालय पीली कोठी से अभियान के तहत शहर की दुकानों में जाकर केंद्र सरकार द्वारा जीएसटी कटौती किए जाने पर व्यापारियों को होने वाली लाभ की जानकारी देते हुए मिठाई खिलाई। इस दौरान भाजपाइयों ने जीएसटी मिला उपहार धन्यवाद मोदी सरकार के नारे लगाए। जिलाध्यक्ष ने दुकानदारों को बताया कि जीएसटी में कटौती का लाभ सामान्य, मध्यम वर्ग, किसान व व्यापारियों तथा उद्यमियों मिलेगा सरकार ने लगभग 375 वस्तुओं और सेवाओं पर जीएसटी दरो में कटौती की। बच्चे से जुड़े उत्पादों में जीएसटी दर12 प्रतिशत से घटाकर पांच फीसदी रहगई है। दैनिक उपयोग में होने वाली खाने पीने की वस्तुओं में 5प्रतिशत तक की कटौती की गई है इसी प्रकार वाहनों में 5प्रतिशत तक की कटौती की गई है। जीएसटी दरों में कमी होने से त्यौहारी सीजन में उपभोक्ताओं को राहत मिलेगी। सदर विधायक प्रकाश द्विवेदी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने जीएसटी दरों में कमी करके देशवासियों को दिवाली का बड़ा उपहार दिया है। इससे उपभोक्ताओं को भारी राहत मिलेगी उन्होंने कहा इससे प्रदेश की जीएसटी दरों में सुधारों का सबसे बड़ा फायदा उत्तर प्रदेश को होगा यह सुधार किसानों और ग्रामीणों की अर्थव्यवस्था के लिए भी ऐतिहासिक होगा इससे किसानों एवं ग्रामीण भारत की अर्थव्यवस्था को मजबूती देगा। त्यौहारों में परंपरा के साथ खरीददारी भी संस्कृति का हिस्सा बन चुकी है ऐसे में अगर सरकार कर प्रणाली को सरल और उपभोक्ता हितैषी बनाया है इससे लोगों पर बोझ कम होगा। सतत त्योहारों की खुशी में बढ़ोतरी होगी। उन्होंने कहा जीएसटी दरों में कमी होने से वस्तुओं की मांग में वृद्धि होगी तथा व्यापार व्यवसाय को प्रोत्साहन मिलेगा इस सरलीकरण का लाभ आम जनता को प्राप्त होगा। उन्होंने कहा कि आज से लागू हो गए यह बदलाव 2017 के बाद का सबसे बड़ा टैक्सी फार्म है जिससे नाम आदमी से लेकर व्यापारियों और उद्यमियों को राहत मिलेगा। कार्यक्रम में पंकज, अंकित, बासु, उत्तम सक्सेना, राजेश गुप्ता, जनम सेठ, भोलू, लखन राजपूत, आनंदी साहू, ममता मिश्रा, राकेश वाल्मिक, दुर्गा चौरसिया, नीरज त्रिपाठी, इंद्रजीत राजपूत, संतोष नायक आदि समस्त पदाधिकारी ओम कार्यकर्ता गन सम्मलित रहे।


# भोर पहर से मां के जयकारों से गुंजयमान हुआ हमीरपुर

### शारदीय नवरात्र के पहले दिन जिलेभर के देवी मंदिरों में उमड़ी भक्तों की भीड़

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**

शारदीय नवरात्र के पहले दिन जिलेभर के देवी मंदिरों में मातारानी के दर्शन-पूजन के लिए श्रद्धालुओं की अपार भीड़ उमड़ पड़ी। तड़के से ही भक्तों ने मंदिर परिसरों की ओर बढ़ना शुरू कर दिया। पूरे दिन देवी स्थलों में भक्ति, आस्था और जयकारों से गूंजता रहा।वहीं जिलेभर के पंडालों में विधि विधान से हवन पूजन के बाद माँ दुर्गा की प्रतिमाओं की स्थापना की गई। इस वर्ष नवरात्र पर्व पूरे 10 दिन का है। 22 सितंबर से 1 अक्टूबर तक मां दुर्गा की विभिन्न स्वरूपों में आराधना होगी। 2 अक्टूबर को दशहरे के उपरांत 3 अक्टूबर को मूर्ति विसर्जन होगा।शारदीय नवरात्र के पहले दिन सोमवार को भोर पहर से ही मुख्यालय के चौरा देवी, गौरा देवी, दुर्गा देवी व शीतला माता मंदिरों में भक्तों की भीड़ उमड़ पड़ी। मंदिर परिसर में महिलाओं बच्चों सहित देवी भक्तों ने विधि विधान से पूजा अर्चना कर माँ का आशीर्वाद लिया।इस दौरान मां के शक्तिपीठों में मां दुर्गे के गगनभेदी नारों से गुंजायमान हो गए। घरों में भी कलश स्थापना करके मां की आराधना की गई। वहीं सदर कोतवाली क्षेत्र में 67 जगहों पर विधि विधान हवन पूजन के बाद माँ दुर्गा की प्रतिमाओं की स्थापना हुई। सुरक्षा व्यवस्था को ध्यान में रखते हुए पुलिस और प्रशासन ने व्यापक इंतजाम किए गए है। वहीं सुमेरपुर कस्बा सहित थाना क्षेत्र के 120 स्थानों में मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित करके सुख समृद्धि की कामना के साथ मां की आराधना शुरू की गई है।

### देवी मंदिर में भक्तों का तांता, घरों में कलश स्थापना करके मां की हुई आराधना



**भरुआ सुमेरपुर।** भोर होते ही मां के शक्तिपीठ मां के गगन भेदी नारों से गुजायमान हो उठे। तड़के से ही पूजा अर्चना के लिए देवी मंदिर में भक्तों का तांता लग गया। घरों में कलश स्थापना करके मां की आराधना की गई। इसी तरह कस्बे से लेकर गांवो में बनाए गए 120 देवी पंडालो में मां दुर्गा की स्थापना विधि विधान से करके सुख समृद्धि की कामना की गई।इस वर्ष नवरात्र पर्व 10 दिन का है। 22 सितंबर से 1 अक्टूबर तक मां दुर्गा की विभिन्न स्वरूपों में आराधना होगा। 2 अक्टूबर को दशहरे के उपरांत 3 अक्टूबर को मूर्ति विसर्जन होगा। भोर से ही मां के शक्तिपीठ मां दुर्गे के गगनभेदी नारों से गुंजायमान होने लगे। सुबह से भक्तों की भीड पूजन अर्चन के लिए उमड़ पड़ी। कस्बा सहित थाना क्षेत्र के 120 स्थानों में मां दुर्गा की प्रतिमा स्थापित करके सुख समृद्धि की कामना के साथ मां की आराधना शुरू की गई है। थाना क्षेत्र में सुरक्षा के पुख्ता इंतजाम किए हैं। थानाध्यक्ष अनूप सिंह ने बताया कि पूरे क्षेत्र में पुलिस गशत बढ़ाया गया है रात में वह खुद पूरी तरह अपनी टीम के साथ भ्रमण में रहेंगे। इसके अलावा सभी चौकी एवं हल्का इचांर्ज को अपने अपने क्षेत्र में मुस्तैद रहने के निर्देश दिए गए हैं।

# सीओ सदर की अध्यक्षता में पीस कमेटी की बैठक संपन्न

**कुरारा, हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**



स्थानीय थाना परिसर में आगामी त्यौहार व शारदीय नवरात्र के मद्देनजर पीस कमेटी की बैठक का आयोजन किया गया। जिसमें देवी पंडाल के आयोजकों व ग्राम प्रधानों की मौजूदगी रही।

एसडीएम सदर व सीओ सदर ने लोगो को पांडाल के सम्बन्ध में जानकारी दी। थाना परिसर में आयोजित पीस कमेटी की बैठक में सीओ सदर ने पंडाल में देवी प्रतिमा सजाने वाले आयोजक विद्युत से संबंधित सुरक्षा के इंतजाम रखे। तथा लाइट के तार आदि खुले न रखे। तथा शराब आदि नशे के प्रयोग से बचे। तथा डी जे आदि में अश्लील गाने न बजाए। तथा विसर्जन के दौरान सावधानी रखे। व्यापार मंडल अध्यक्ष अश्वनी द्विवेदी ने लाइट आपूर्ति के दौरान बार बार ट्रिपिंग करने की समस्या बताई। किसी भी समस्या के लिए थाना पुलिस को सूचित करे। पंडाल में सी सी टी वी कैमरा लगानेकी बात पर आयोजकों द्वारा चंदा न हो पाने की समस्या बताई। इस अवसर पर थाना प्रभारी रामआसरे सरोज, रामप्रकाश शिवहरे, गणेश तिवारी, अजेश विश्वकर्मा, संतोष सिंह, अनुज यादव, छेदा लाल आदि सैकड़ों लोग मौजूद रहे।

# योजनाओं में ऋण न उपलब्ध कराने पर संबंधित बैंकर्स पर होगी कार्रवाई: डीएम

**हमीरपुर, समृद्धि न्यूज़।**

### उद्योग बंधु की बैठक कर सरकार की रोजगार परक योजनाओं की समीक्षा की

जिलाधिकारी घनश्याम मीना की अध्यक्षता में जनपद के व्यापारी एवं उद्योग बंधुओं के साथ कलेक्ट्रेट सभागार में आयोजित बैठक में सरकार की विभिन्न प्रकार की रोजगारपरक योजनाओं की समीक्षा की गई। साथ ही व्यापारियों एवं उद्यमियों की समस्याएं सुनते हुए उनके निस्तारण के लिए निर्देश दिए गए। बैठक को संबोधित करते हुए जिलाधिकारी ने बताया कि सोमवार से भारत सरकार द्वारा जीएसटी व्यवस्था में कई सुधार किए गए है। पूर्व से प्रचलित 5 प्रतिशत, 12 प्रतिशत एवं 18 प्रतिशत में से 12 प्रतिशत का स्लैब खत्म कर दिया गया है। इसके साथ ही 12 प्रतिशत जीएसटी स्लैब की लगभग 90 प्रतिशत वस्तुओं को 5 प्रतिशत के स्लैब में डाल दिया गया है। इससे आम जनमानस को काफी सहूलियत होगी, जिससे रोजमर्रा की कई वस्तुएं कम दामों पर खरीद सकेंगें। उन्होंने निवेश मित्र, ऋण योजना, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना के अंतर्गत ऋण स्वीकृति एवं वितरण की समीक्षा करते हुए निर्देश दिए कि इन योजनाओं के अंतर्गत किए जाने वाले आवेदनों को किसी भी दशा में पेंडिंग न रखा जाए। सीएम युवा योजना के बारे में कहा कि यह सरकारी की महत्वपूर्ण रोजगारपरक योजना है, इसको लागू करने में अधिकारी किसी भी प्रकार की लापरवाही न करें। बैंकर्स यदि योजना के तहत ऋण देने में बाधा उत्पन्न करेगें तो उन पर कार्यवाही की जाएगी। बैठक् में व्यापारियों ने बिजली, पानी, अतिक्रमण, जाम, साफ सफाई, पेयजल आपूर्ति, नगर क्षेत्रों में यातायात व्यवस्था, जीएसटी भुगतान आदि से संबंधित समस्याएं रखी। जिनके निस्तारण के लिए जिलाधिकारी ने संबंधित अधिकारियों को निर्देशित किया। बैठक में एडीएम वित्त एवं राजस्व विजय शंकर तिवारी, एएसपी मनोज कुमार गुप्ता, उपायुक्त उद्योग रवि वर्मा, उपायुक्त राज्य कर सहित अन्य संबंधित अधिकारी तथा उद्यमी एवं व्यापारी, बैंकर्स आदि मौजूद रहे।

### बीएमकेएस ने की नौ दिनों तक मांस एवं नशे के व्यापार पर प्रतिबंधित लगाने की मांग

**हमीरपुर।** बीएमकेएस ने प्रदेश को नशा एवं मांसाहार मुक्त बनाने की मांग को लेकर सोमवार को कलेक्ट्रेट में कार्यकर्ताओं ने एकत्र होकर प्रदर्शन किया। इस दौरान उन्होंने मुख्यमंत्री से सम्बोधित ज्ञापन डीएम को सौपा है। भगवती मानव कल्याण संगठन के जिलाध्यक्ष धीरेन्द्र कुशवाहा के नेतृत्व में दिए ज्ञापन में कहा कि हिंदुओं की पवित्रता एवं आस्था का परम पावन पर्व शारदीय नवरात्र सोमवार से प्रारंभ हो गया है। जिसमें अनेक हिंदू जनमानस नौ दिन उपवास रहते हुए साधना आराधना करता है। जगह-जगह पर माता भगवती दुर्गा की पूजा के पंडाल सजाए जाते हैं। ऐसे में यदि जगह-जगह शराब की बिक्री एवं निरीह पशुओं का वध कर मांस का व्यापार किया जाता है, तो निश्चित रूप से धर्मवान समाज एवं साधकों की उस दुर्गन्धयुक्त वातावरण में साधना एवं शान्ति बाधित होती है। उन्होंने जन मानस को इस मानसिक पीड़ा से बचाने के लिए पूरे प्रदेश में नौ दिनों तक मांस एवं नशे के व्यापार पर प्रतिबंधित लगाने की मांग की है।

# अपर एसपी ने थाना अतर्रा में किया मिशन शक्ति जागरूकता रैली का शुभारंभ

**अतर्रा/बांदा, समृद्धि न्यूज़।**



बेटियां निडर होकर आगे बढ़ रही हैं उत्तर प्रदेश में बेटियां पूरी तरह सुरक्षित हैं। बेटियों की तरफ कोई गलत उठाकर नहीं देख सकता बेटियों व महिलाओं को सोशल मीडिया का उपयोग सुरक्षित तरीके से करना चाहिए अपनी प्राइवेसी किसी से शेयर नहीं करना चाहिए उक्त बातें अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज ने थाना परिसर में मिशन शक्ति जागरूकता रैली को संबोधित करते हुए कही।

सोमवार को मिशन शक्ति जागरूकता अभियान के तहत मिशन शक्ति रैली को कस्बे के हिंदू इंटर कॉलेज से अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज वी क्षेत्राधिकार प्रवीण कुमार यादव की अगवाई में निकल गई जिसको भारतीय जनता पार्टी के पूर्व जिला अध्यक्ष संजय सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया रैली कस्बे के हिंदू इंटर कॉलेज से गांधी चौक तक हाथ में बेटियां वह महिलाओं के सशक्तिकरण के नारों से लिखी हुई तख्ती व जागरूकता व महिलाओं में सशक्तिकरण को लेकर नारों के साथ गांधी चौक तक गई वहां से थाना परिसर में रैली का समापन हुआ थाना परिसर में अपर पुलिस अधीक्षक शिवराज ने संबोधित करते हुए कहा कि आज पूरे प्रदेश में बेटियां पूरी तरह सुरक्षित हैं निडर होकर आगे बढ़ रही हैं उन्होंने अपील करते हुए कहा कि बेटियां व महिलाएं सोशल मीडिया का उपयोग सुरक्षित तरीके से करें अपनी प्राइवेसी किसी से शेयर ना करें कोई भी दिक्कत परेशानी होने पर पुलिस हेल्पलाइन नंबर का उपयोग करें। क्षेत्राधिकार श्री यादव ने कहा कि आज बेटियां हर तरह से सक्षम है जागरूक हैं और हर मुसीबत से लड़ने की क्षमता रखती हैं । रैली के दौरान अतर्रा डिग्री कॉलेज, हिन्दू इंटर कॉलेज, ब्रह्म विज्ञान इंटर कॉलेज, एनसीसी कैडेटों की संख्या सराहनी रही। इस दौरान, प्रशिक्षु क्षेत्राधिकारी पीयूष पाण्डेय, कोतवाली प्रभारी ऋषिदेव सिंह सहित थाना अतर्रा के महिला एवं पुरुष कांस्टेबल सहित प्रधानाचार्य शिवदत्त त्रिपाठी, राकेश कुमार, एनसीसी प्रभारी संतोष द्विवेदी, बीरेंद्र दीक्षित, मधु सविता, डाक्टर पंकजा मिश्रा, संतोष कुमार, नम्रता सिंह, श्याम निगम, तथा डिग्री कालेज की महिला स्टाफ एवं बालिकायें सम्मिलित रही।

# प्रतियोगिताओं में स्थान प्राप्त करने वाले छात्र-छात्राएं सम्मानित



**बांदा।** सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कालेज बांदा के छात्र-छात्राओं ने विगत दिवसों में आयोजित प्रतियोगिताओं में स्थान प्राप्त किए जिन्हें आज मेडल एवं प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया विद्या मंदिर इंटर कॉलेज बांदा की प्रार्थना सभा में प्रातः प्रधानाचार्य रमेश गुप्ता के द्वारा विगत दीवसो में आयोजित खेलकूद प्रतियोगिता एवं प्रांतीय विज्ञान मेला तथा गणित मेला एवं संस्कृत बौद्ध परियोजना के अंतर्गत स्थान प्राप्त किये छात्र-छात्राओं को मेडल देकर उन्हें सम्मानित किया तथा उनके उज्जवल भविष्य की कामना की इस कार्यक्रम के उपलक्ष में विद्यालय के खेल शिक्षक अमरनाथ मिश्रा, सुरेंद्र सिंह तथा जय करण सिंह उपस्थित रहे खेलकूद प्रतियोगिता में बहन मयूरी योगिता, अंजली देवी, पूनम अंजली यादव, अंजली राजपूत तथा भैया रोहित सिंह कार्तिकेय सुमित मोहित अभिषेक सिंह एवं अभिषेक वर्मा आदि ने अपना स्थान सुनिश्चित किया इसी क्रम में विज्ञान मेले में बहन रिया देवेश दिक्षित, प्रतिभा अग्निहोत्री, अंकित शुक्ला, अजय गोस्वामी एवं आयुष्मान गुप्ता ने अपना स्थान सुनिश्चित किया। इन सभी छात्र-छात्राओं में प्रथम स्थान आने वाले सभी भैया-बहनों को क्षेत्र की प्रतियोगिता में सम्मिलित होने का मौका प्राप्त होगा। कार्यक्रम में मेडल की व्यवस्था विद्यालय के प्रथम सहायक नारायण तिवारी ने की तथा वितरण में विष्णु द्विवेदी ने सहायता प्रदान की। प्रधानाचार्य रमेश गुप्ता ने सभी छात्र-छात्राओं को क्षेत्र में अपना स्थान सुनिश्चित करने के लिए बधाई एवं मोटिवेट किया।

# अवैध तमंचे के साथ भ्रमण कर रहे अभियुक्त को किया गया गिरफ्तार



**बांदा।** पुलिस अधीक्षक बांदा पलाश बंसल के निर्देशन में जनपद में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण लगाये जाने तथा अवैध शस्त्रों के विरुद्ध की जा रही कार्यवाही के क्रम में थाना अतर्रा पुलिस द्वारा अवैध तमंचे के साथ भ्रमण कर रहे अभियुक्त को गिरफ्तार किया गया । गौरतलब हो कि थाना अतर्रा पुलिस को रात्रि गश्त एवं चेकिंग के दौरान बिसण्डा रोड पर एक युवक के संदिग्ध रुप से खड़े होने की सूचना प्राप्त हुई । जिस पुलिस द्वारा तत्काल मौके पर जाकर युवक को हिरासत में लेकर तलाशी ली गई तो उसके कब्जे से एक अवैध तमंचा व एक कारतूस बरामद हुआ । पुलिस द्वारा अभियुक्त को गिरफ्तार करते हुए इस सम्बन्ध में अतर्रा पर अभियोग पंजीकृत कर अभियुक्त को सम्बन्धित न्यायालय भेजा गया। गिरफ्तार अभियुक्त का नाम शिवकिशोर कुशवाहा उर्फ बढ़ौना पुत्र सुखराम निवासी कुचारम थाना पहाड़ी जनपद चित्रकूट। हाल पता- आरा मशीन के पास बिसण्डा रोड थाना अतर्रा जनपद बांदा है।


## कार्यालय अधिशासी अभियंता जोन-3, अलीगंज, जलकल विभाग, नगर निगम, लखनऊ

पत्रांक-1025/ई.ई.-3/एल.जे.एस./2025-26 दिनांक- 22.09.2025

### अति अल्पकालीन निविदा सूचना

जलकल विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु नीचे दिये गये विवरण के अनुरूप कार्य को कराये जाने हेतु मोहरबन्द निविदायें दिनांक 29.09.2025 को 3:00 बजे तक आमंत्रित किए जाते है। निविदा प्रपत्र किसी भी कार्य दिवस में दिनांक 29.09.2025 को 01:00 बजे तक निविदा मूल्य नगद भुगतान कैश काउन्टर पर करके प्राप्त किये जा सकते है। भरी हुई सील्ड निविदायें उसी दिन अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय में 3:30 बजे तक निविदा बाक्स में प्राप्त की जायेगी। निविदा बाक्स से प्राप्त सभी निविदायें उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष 4:00 बजे सायंकाल खोली जायेगी।

| क्र. सं. | कार्य/आपूर्ति का विवरण | निविदा का मूल्य | धरोहर धनराशि |
|---|---|---|---|
| 1. | जोन-3 के अन्तर्गत पटेल पार्क,8 नम्बर चौराहा, निरालानगर में स्थापित नलकूप के लिए 180 मी. और जय शंकर प्रसाद वार्ड में स्थापित रिबोर नलकूप के लिए 120 मी. 6.0 sq mm समरसेबिल केबल आपूर्ति का कार्य। | 150.00 | 2260.00 |
| 2. | जोन-3 के अन्तर्गत फैजुल्लागंज प्रथम, द्वितीय, तृतीय व त्रिवेणीनगर वार्डों में 02 नग 10 एच.पी. स्टार्ट, 01 नग 20 एच.पी. स्टार्ट, 04 नग MU2 कन्टक्टर्स और 04 नग 3 पोल पावर कन्टक्टर्स MNX50 कि आपूर्ति सम्बन्धि कार्य। | 100.00 | 1796.00 |
| 3. | जोन-3 के अन्तर्गत लखनऊ कान्वेंट स्कूल, लोनी कटरा और अलीगंज सेक्टर क्यू. में मकान सं. ED-453 के सामने स्थापित समरसेबिल पम्प के रिबोर का कार्य। | 350.00 | 6555.00 |
| 4. | जोन-3 के अन्तर्गत अलीगंज सेक्टर- A में मकान सं. C134 के सामने पार्क में स्थापित समरसेबिल पम्प के रिबोर का कार्य। | 200.00 | 3278.00 |
| 5. | जोन-3 के अन्तर्गत खदरा में म.सं.-532/152 पाण्डेय टोला, डंडाईया बाजार और मं.सं.-8/202, सेक्टर-डी. गौराबाघ के सामने स्थापित समरसेबिल पम्प के रिबोर का कार्य। | 350.00 | 6555.00 |

नियम एवं शर्तें निविदा प्रपत्र में दी गई है, जिन्हें देखा जा सकता है। विस्तृत जानकारी अधिशासी अधिकारी अभियन्ता जोन-3 के कार्यालय में सम्पर्क कर किसी भी कार्य दिवस में प्राप्त की जा सकती है। निविदा खुलने के दिनांक को यदि कोई अवकाश हो अथवा किसी कारणवश कार्यालय बन्द हो तो अगला कार्य दिवस ही निविदा खुलने का दिनांक होगा। निविदा बिना कारण बताये निरस्त करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी/महाप्रबन्धक में निहित है।

**अधिशासी अभियन्ता**
**जोन-3, अलीगंज**
**जलकल विभाग, लखनऊ**


# निर्माणाधीन कार्यों को निर्धारित समय के साथ गुणवत्तायुक्त पूर्ण कराये जायें: आयुक्त

### आयुक्त की अध्यक्षता में सम्पन्न हुई समीक्षा बैठक

**बांदा, समृद्धि न्यूज़।**



आयुक्त चित्रकूटधाम मण्डल बॉदा अजीत कुमार की अध्यक्षता में आयुक्त कार्यालय सभागार में एक करोड़ से अधिक लागत की निर्माणाधीन परियोजनाओं के सम्बन्ध में बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में आयुक्त ने सभी कार्यदायी संस्थाओं के अधिकारियों को निर्देश दिये कि निर्माणाधीन संचालित परियोजनाओं/कार्यों को निर्धारित समय के साथ गुणवत्तायुक्त कार्य पूर्ण कराये जायें। उन्होंने लम्बित परियोजनाओं एवं कार्यों के प्रति नाराजगी व्यक्त करते हुए कार्यों को मैनपावर बढाकर शीघ्र पूर्ण किये जाने के निर्देश सम्बन्धित अधिकारियों को दिये। उन्होंने निर्माण से सम्बन्धित विभाग के अधिकारियों को भी निर्देशित किया कि संचालित निर्माण कार्यों का समय-समय पर निरीक्षण करें तथा कार्यों को समय से पूर्ण करायें। आयुक्त ने उत्तर प्रदेश प्रोजक्ट कॉरपोरेशन लिमिटेड द्वारा जिला कारागार में उच्च सुरक्षा बैरक 12 क्षमता इनक्लोजर वॉल सहित का निर्माण कार्य शीघ्र पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिये। उन्होंने चिकित्सा एवं परिवार कल्याण विभाग द्वारा चित्रकूट के जिला चिकित्सालय में 50 बेड के क्रिटिकल केयर ब्लाक का निर्माण कार्य में विलम्ब होने पर शीघ्र कार्य को पूर्ण कराये जाने के निर्देश दिये। जनपद बॉदा के ग्राम पचांयत चंदौर विकास खण्ड नरैनी स्थित कारूबाबा मंन्दिर में पर्यटन के विकास कार्य को पूर्ण किये जाने तथा जनपद चित्रकूट स्थित चित्रकूटधाम परिषद के नवीन कार्यालय भवन का निर्माण कार्य की शासन से शीघ्र धनराशि अवमुक्त कराने की कार्यवाही किये जाने के निर्देश दिये। महोबा के अर्जुन बांध के निकट टापू का पर्यटन विकास एवं वाटर स्पोर्ट्स के कार्य में धनराशि की मांग शासन से किये जाने हेतु उनके स्तर से पत्र प्रेषित किये जाने के निर्देश दिये। नवीन राजकीय हाईस्कूल लोहडा चित्रकूट के निर्माण कार्य में तेजी लाये जाने के निर्देश उत्तर प्रदेश आवास विकास परिषद को दिये। बैठक में संयुक्त विकास आयुक्त अरबिन्द कुमार सहित सम्बन्धित कार्यदायी संस्थाओं एवं विभागीय अधिकारीगण उपस्थित रहे।

# केजीएमयू में नई कैजुअल्टी और 6 बेड वेंटिलेटर यूनिट शुरू

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** नवरात्र के पहले दिन यूपी के सबसे बड़े चिकित्सा विश्वविद्यालय केजीएमयू के ट्रॉमा सेंटर में गंभीर मरीजों के लिए बड़ी सौगात दी गई। यहां 40 बेड के नए कैजुअल्टी यूनिट और 6 वेंटिलेटर बेड पर भर्ती शुरू हो गई।

कुलपति प्रो. सोनिया नित्यानंद ने फीता काटकर नए वर्किंग स्पेस का उद्घाटन किया है। इस दौरान भर्ती मरीजों से मिलकर उन्होंने हालचाल लिया। उद्घाटन से पहले उन्होंने पूजन और हवन भी किया। ट्रॉमा सेंटर के मुख्य चिकित्सा अधीक्षक डॉ. प्रेमराज सिंह ने बताया कि इस नए बिल्टअप



एरिया से आपातकालीन मरीजों को बेहतर उपचार और राहत मिल सकेगी। सभी 40 बेड पर मरीजों के लिए डॉक्टर ऑन कॉल बेल की सुविधा भी दी गई है। जिससे डॉक्टर को खुद से जाकर बुलाने की जरूरत नहीं पड़ेगी। बहुत जल्द पोर्टेबल सीटी स्कैन मशीन की व्यवस्था के प्रयास किया जा रहे हैं। मकसद दूर दराज से आने वाले मरीजों को ट्रॉमा सेंटर में तत्काल बेस्ट मेडिकल फैसिलिटी मुहैया कराना है। डॉ. अमिया अग्रवाल ने बताया कि कैजुअल्टी एरिया में एक माइनर व्यू सेटअप भी गई है। स्टाफ के लिए वॉशरूम भी बना दिए गए।

डॉक्टर के लिए अलग से वॉशरूम बनाए गए हैं। ट्रॉमा सेंटर में 24 घंटे मरीजों की आमद रहती है, ऐसे में राउंड द क्लॉक ड्यूटी करने वाले डॉक्टरों को इलाज के दौरान कोई परेशानी ना हो इसका भी ख्याल रखा गया है। इस दौरान सीएमएस डॉ. बी के ओझा, एमएस डॉ. सुरेश कुमार, डीन पैरामेडिक्स डॉ. केके सिंह, डॉ. आशीष श्रीवास्तव, डॉ. हैदर अब्बास, डॉ. अविनाश अग्रवाल, डॉ. समीर मिश्रा, डॉ. वैभव जायसवाल, डॉ. यादवेन्द्र धीर, सीएमओ डॉ. धीरेंद्र पटेल और डॉ. समीर कुमार मौजूद रहे।

### ट्रॉमा सेंटर में रेजिडेंट डॉक्टर व नर्सिंग स्टाफ आमने-सामने

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** केजीएमयू के ट्रॉमा सेंटर में नर्सिंग ऑफिसर और रेजिडेंट डॉक्टरों के बीच का विवाद गहरा गया है। नर्सिंग स्टाफऔर रेजिडेंट डॉक्टर आमने-सामने आ गए हैं। पुलिस ट्रॉमा सेंटर का गेट बंद करके मामले को शांत करने में जुटी है। नर्सिंग स्टाफ और रेजिडेंट डॉक्टर एक-दूसरे पर गुंडागर्दी का आरोप लगा रहे हैं। ट्रॉमा सेंटर में अफरा-तफरी का माहौल बना हुआ है। भारी पुलिस बल तैनात है। आज दोपहर करीब 2 बजे नर्सिंग स्टाफरेजिडेंट डॉक्टरों के खिलाफ ट्रॉमा सेंटर के ग्राउंड फ्लोर स्थित ट्राइज हॉल में प्रदर्शन शुरू किया। नर्सिंग स्टाफने जमकर नारेबाजी की। रेजिडेंट डॉक्टरों पर नर्सिंग स्टाफके साथ शराब के नशे में गाली-गलौज और मारपीट करने का आरोप लगाया। हालांकि, थोड़ी देर बाद ट्रॉमा सेंटर इंचार्ज के कहने पर नारेबाजी बंद कर दी। बड़ी संख्या में जुटे नर्सिंग स्टाफ का कहना है कि जब तक यूनिवर्सिटी प्रशासन दोषी रेजिडेंट डॉक्टरों पर कार्रवाई नहीं करता तब तक धरना जारी रहेगा। वहीं, शाम पांच बजे रेजिडेंट डॉक्टर गेट नंबर 2 से पैदल चलकर ट्रॉमा सेंटर पहुंचे। नर्सिंग स्टाफ की गुंडागर्दी नहीं चलेगी के नारे लगाए। धरना दे रहे नर्सिंग स्टाफके शुभम राव ने बताया कि दारू के नशे में रेजिडेंट डॉक्टरों ने ड्यूटी के दौरान मेरे साथ मारपीट की।

# कैंट इलाके में तेंदुआ देखे जाने से लोगों में दहशत, वन विभाग की टीम ने की अकेले बाहर न जाने की अपील

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश की राजधानी लखनऊ के कैंट इलाके में तेंदुए को देखे जाने से इलाके के लोग दहशत में आ गए हैं। वन विभाग की टीम भी सक्रिय हो गई है। टीम ने लोगों से सुरक्षित रहने के साथ-साथ अकेले बाहर नहीं निकलने की अपील की है।

लखनऊ के कैंट एरिया में तेंदुआ देखे जाने पर रिहायशी इलाका, बंगला बाजार और आसपास के क्षेत्र के लोगों में दहशत का माहौल है। लोग वन विभाग से जल्द ही इसे पकड़ने की मांग कर रहे हैं। इस मामले में डिप्टी रेंजर अंकित शुक्ला ने



बताया कि सोमवार को सोशल मीडिया में एक वीडियो वायरल हुआ है। यह वीडियो एक व्यक्ति ने उस वक्त बनाया , जब गन्ना संस्थान के पास से तेंदुआ रोड पार करते हुए जंगल की ओर जा रहा था। वीडियो के आधार पर हम लोग यहां पर आए हैं। वन टीम कॉम्बिंग कर रही है, लेकिन अभी तक कोई जानकारी हासिल नहीं हुई है। वीडियो को लेकर उन्होंने कहा कि हम इसे अफवाह नहीं मान रहे हैं, लेकिन कौन सा हिंसक जानवर है, यह जानने के लिए सर्च आपरेशन चलाया जा रहा है। अभी तक कोई सफलता नहीं मिली है। उन्होंने लोगों से अपील की है कि घबराएं नहीं, सतर्क रहें। टीम ने इलाके के लोगों के साथ बैठक भी की है। वहीं, गन्ना संस्थान की कॉलोनी में रहने वाले लोगों ने कहा कि यहां पर उनका परिवार रहता है। शाम के समय बच्चे पार्क में खेलने और महिलाएं टहलने जाती हैं। जब से यह वीडियो वायरल हुआ है, इसे देखते हुए सभी घर में कैद हो गए हैं। बच्चों को बाहर नहीं निकाला जा रहा है।

## खबरें एक नजर में


### 118वें उर्स के अवसर पर दादा मियां की दरगाह पहुंचे अजय राय



**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** प्रसिद्ध सूफी ख्वाजा मोहम्मद नबी रज़ा शाह (दादा मियां) की दरगाह पर आयोजित 118 वें उर्स के अवसर पर आज उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय, पूर्व मंत्री जियारत करने पहुंचे। इस मौके पर सर्व प्रथम प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष श्री राय ने सज्जादा नसीन से मुलकात कर उनका कुशलक्षेम लिया तत्पश्चात सूफी ख्वाजा मोहम्मद नबी रज़ा शाह (दादा मियां) की दरगाह पर चादर पोशी की एवं प्रदेशवासियों के लिए अमन चैन की दुआ माँगी। इस मौके पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के साथ मीडिया विभाग के वाइस चेयरमैन मनीष श्रीवास्तव हिंदवी, उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के विधि विभाग के कोऑर्डिनेटर अली आसिफ जमा रिज़वी, उ.प्र. कांग्रेस प्रकोष्ठ के कोऑर्डिनेटर डॉ. अमित राय, प्रदेश प्रवक्ता सचिन रावत, विधि विभाग स्क्रीनिंग कमेटी के सदस्य अमानुर रहमान एडवोकेट राकेश कुमार एवं रेहान अली मुख्य रूप से शामिल रहे।

### बेंचमार्क टेस्ट में सी.एम.एस. छात्रों को विश्व में प्रथम रैंक

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** सिटी मोन्टेसरी स्कूल, गोमती नगर प्रथम कैम्पस के पाँच मेधावी छात्रों ने इण्टरनेशनल बेन्चमार्क टेस्ट (आई.बी.टी.) के अन्तर्गत आयोजित इण्टरनेशनल रीजनिंग कम्पटीशन में 100 परसेन्टाइल के साथ विश्व में प्रथम



रैंक अर्जित कर लखनऊ का गौरव बढ़ाया है। इन छात्रों में अस्मित झा, दिव्यांश कुशवाहा, कुशाग्र वर्मा, रूझान पाण्डेय एवं सत्यार्थ केसरवानी शामिल हैं। सी.एम.एस. संस्थापिका-निदेशिका डा. भारती गाँधी ने इन मेधावी छात्रों को उज्जवल भविष्य का आशीर्वाद दिया है। यह जानकारी सी.एम.एस. के हेड, कम्युनिकेशन्स श्री ऋषि खन्ना ने दी है। श्री खन्ना ने बताया कि आस्ट्रेलियन काउन्सिल फॉर एजुकेशनल रिसर्च (ए.सी.ई.आर.) के तत्वावधान में अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर इण्टरनेशनल बेन्चमार्क टेस्ट आयोजित किया गया, जिसमें कई देशों के छात्रों ने प्रतिभाग किया। इसके अलावा, देश भर के अनेक प्रतिष्ठित विद्यालयों के छात्रों ने प्रतिभाग कर अपने ज्ञान-विज्ञान व प्रतिभा का भरपूर प्रदर्शन किया तथापि इस विश्व स्तरीय प्रतियोगिता में सी.एम.एस. गोमती नगर प्रथम कैम्पस के छात्रों ने अन्तर्राष्ट्रीय रीजनिंग प्रतियोगिता में शत-प्रतिशत अंक अर्जित कर अपने मेधात्व का परचम लहराया है।

### नौका बिहार के दौरान नाव पलटने पर दो की मौत

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** बहराइच में सरयू नदी पर नौका बिहार के दौरान नाव पलटने पर राजाजीपुरम, लखनऊ निवासी गोपी एवं अंकुश की मृत्यु हो गई। घटना के संज्ञान में आने पर आज उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय पूर्व मंत्री सेक्टर-सी, राजाजीपुरम, लखनऊ पहुंचे और पीड़ित परिवारजनों से मिलकर सांत्वना दी। इस मौके पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष ने पीड़ित परिवारजनों को हर संभव मदद का आवश्वासन देते हुए कहा कि इस दुख की घड़ी में पूरा कांग्रेस परिवार आपके साथ खड़ा है। इस मौके पर प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष के साथ पूर्व मंत्री राज बहादुर, शहर कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष डॉ.शहजाद आलम, राजेश सिंह काली, पूर्व पार्षद के.के. शुक्ला, वीरेन्द्र मौर्या आदि मुख्य रूप से मौजूद रहे।

### मर्यादा और कर्तव्य का बोध कराती है रामलीला

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** दशहरा का नाम सुनते ही रामराज्य का स्वतः मन मे स्वरूप कौंधने लगता है। रामलीला का मंचन हमे स्मृतियों को ताजा करने और जीवन मे मर्यादा का ध्यान में रखने का भाव जागृत करने का काम करता है। रामलीला हमे मर्यादा और कर्त्तव्य का बोध कराती है। विचार व्यक्त करते हुए कुर्मांचल रामलीला समिति के महामंत्री विपिन सिंह ने कहा कि हर वर्ष की तरह ही इस वर्ष भी आगामी 28 सितम्बर से 3 अक्टूबर तक रामलीला मैदान कुर्मांचल नगर में मर्यादा पुरषोत्तम भगवान राम की लीलाओं का मंचन होगा। कार्यक्रम को मनोरम बनाने खातिर कलाकार अभी से रिहर्सल कर रहे हैं।यह रामलीला तुलसीदास रचित रामचरित मानस से संग्रह कर राग रागनियों पर आधारित है। रामलीला महोत्सव का शुभारंभ समिति के मुख्य संरक्षक विधायक ओपी श्रीवास्तव द्वारा किया जायेगा।

### जनता झूठे जश्न और उत्सवों में बहलने वाली नहीं : लोकदल

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** देश में जीएसटी को लेकर उत्सव मनाए जाने को लेकर लोकदल अध्यक्ष सुनील सिंह ने प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि देश की जनता पर जबरन थोपे गए बढ़े हुए जीएसटी और महंगाई को लेकर सरकार ने खुलेआम जश्न मनाया था। आज वही सरकार कह रही है कि जीएसटी कम कर दिया गया है और फिर से उत्सव मनाया जाए। सुनील सिंह ने सरकार से पूछा है, क्या जनता की लूट का उत्सव मनाना ही अब 'अमृतकाल' है? क्या महंगाई की मार झेलते गरीब और मध्यम वर्ग के दर्द को ढकने के लिए ही सरकार ढोल-नगाड़े बजा रही है?जनता से वसूले गए अतिरिक्त कर और उनकी बरबाद हुई कमाई का हिसाब कौन देगा? महंगाई और करों की आग में जलती जनता को राहत देने के बजाय सरकार अपनी असफलताओं को उपलब्धि बताकर उत्सव मना रही है। जनता के धैर्य की भी एक सीमा होती है। जनता अब झूठे जश्न और फर्जी उत्सवों में नहीं बहलने वाली। महंगाई और जीएसटी के नाम पर जनता को लूटने वाली यह सरकार आने वाले चुनाव में जनता के प्रकोप का सामना करेगी।

### लखनऊ विवि में एनएसयूआई ने वीसी ऑफिस में ताला जड़ा

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** लखनऊ विश्वविद्यालय में एनएसयूआई छात्रों ने जमकर प्रदर्शन किया। छात्रों ने हंगामा करते हुए वीसी ऑफिस में ताला लगा दिया। उसके बाहर एक घंटे तक प्रदर्शन करते हुए हंगामा और नारेबाजी करते रहे। प्रदर्शन कर रहे छात्रों ने विश्वविद्यालय में एडमिशन में धांधली का आरोप लगाया। प्रदर्शन कर रहे एनएसयूआई के छात्र नेता विशाल सिंह ने कहा कि विश्वविद्यालय में लगातार दाखिले में धांधली हो रही है। लंबे समय से हम देखते आ रहे हैं कि एडमिशन में यहां स्लैब चलता है। पैसा देकर अलग-अलग कोर्स में दाखिला दिया जाता है। 50 हजार से लेकर 1 लाख रुपए तक स्लैब बनाया गया है। यहां एडमिशन में धांधली के साथ दलाली हो रही है। जिसके वजह से जो मेरिट वाले छात्र हैं, उन्हें मायूसी होती है और एडमिशन नहीं मिल पाता है। विशाल सिंह ने कहा कि हमारे पास एडमिशन में धांधली का पूरा आंकड़ा मौजूद है। लंबे समय से यह खेल चल रहा है। 25 प्रतिशत से 50 प्रतिशत का स्लैब बना है, जो ऊपर से लेकर नीचे तक कर्मचारियों में बंटता है। जिनकी पहुंच है वो धांधली का हिस्सा बनकर आसानी से एडमिशन ले सकते हैं। बाकी गरीब, मजदूर और किसान का बेटा भटकता रह रहता है। आज हम लोग यहां प्रदर्शन कर रहे हैं, जरूरत पड़ी तो इसके खिलाफहर जगह मुहिम चलाई जाएगी।

### अजय द्विवेदी ने समर्थकों संग कांग्रेस की सदस्यता ग्रहण की

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी की नीतियों एवं जनहित के मुद्दों पर सदन से लेकर सड़क तक के संघर्षों से प्रेरित होकर आज यहां प्रदेश कांग्रेस मुख्यालय पर उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के अध्यक्ष अजय राय पूर्व मंत्री तथा उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी के ज्वाईनिंग प्रभारी नितिन शर्मा के समक्ष जनपद सीतापुर से नगर पालिका परिषद महमूदाबाद से पार्षद रहे अजय द्विवेदी एडवोकेट ने अपने समर्थकों के साथ कांग्रेस पार्टी की प्राथमिक सदस्यता ग्रहण की। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष अजय राय ने अजय द्विवेदी एडवोकेट के साथ सदस्यता ग्रहण करने आए हुए लोगों के गले में कांग्रेस तिरंगा पट्टिका पहनाकर एवं पार्टी का सदस्यता कार्ड देकर उन्हें विधिवत रूप से कांग्रेस पार्टी की सदस्यता दिलाई एवं उन्हें उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं भी दीं। इस मौके जिला कांग्रेस कमेटी सीतापुर की अध्यक्ष श्रीमती ममता वर्मा, उत्तर प्रदेश कांग्रेस कमेटी विधि विभाग के कोऑर्डिनेटर अली आसिफ जमा रिजवी आदि मौजूद रहे।

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सामने जनता दर्शन में सुनी लोगों की समस्याएं

# जन कल्याण के कार्यों को सदैव प्राथमिकता दें अधिकारी

**जनता दर्शन में करीब 250 लोगों की सुनीं समस्याएं**

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ/गोरखपुर ।** मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शारदीय नवरात्र की प्रतिपदा पर शक्ति की उपासना से पहले जनसेवा की। गोरखनाथ मंदिर में जनता दर्शन में लोगों से मुलाकात की, समस्याएं सुनीं और निस्तारण के लिए अधिकारियों को दिशानिर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने अधिकारियों को निर्देशित किया कि हर जरूरतमंद व्यक्ति को शासन की कल्याणकारी योजनाओं का लाभ मिले।



आज सोमवार को गोरखनाथ मंदिर परिसर स्थित महंत दिग्विजयनाथ स्मृति भवन के सामने आयोजित जनता दर्शन में लोगों तक सीएम योगी खुद पहुंचे और समस्याओं को सुन आश्वस्त किया समस्या का समयबद्ध, पारदर्शी व संतुष्टिपरक निस्तारण होगा। जनता दर्शन में मुख्यमंत्री ने करीब 250 लोगों की समस्याएं सुनीं। इसमें बड़ी संख्या महिलाओं की रही। एक महिला ने राशन कार्ड न होने की समस्या बताई तो मुख्यमंत्री ने तुरंत अधिकारियों को निर्देशित किया कि महिला की समस्या को संवेदनशीलता से देखें। राशन कार्ड की व्यवस्था करने के साथ पात्रता के अनुसार पेंशन योजना का भी लाभ दिलाएं। जमीन कब्जा करने की शिकायतों पर मुख्यमंत्री ने कहा कि ऐसे मामलों में कड़ी कानूनी कार्यवाही की जाए। उन्होंने गरीबों की जमीन पर कब्जा न होने देने के सख्त निर्देश दिए। राजस्व व पुलिस से संबंधित मामलों में प्रभावी कार्रवाई हो। अधिकारी जन कल्याण के कार्यों को सदैव प्राथमिकता पर रखें ।

### विपक्ष के नेताओं को सद्बुद्धि दें भगवान : केशव

**लखनऊ, समृद्धि न्यूज।** संस्कृति मंत्रालय रूस के काल्मिकिया में 24 सितंबर से 1 अक्टूबर तक भगवान बुद्ध से संबंधित पिपरहवा कपिलवस्तु के पवित्र अवशेषों की प्रदर्शनी लगाने जा रहा है। भगवान बुद्ध से जुड़े पवित्र अवशेषों को रूस में प्रदर्शन करने वाले प्रतिनिधिमंडल की अध्यक्षता डिप्टी सीएम केशव मौर्य करेंगे। काल्मिकिया रूस में भगवान बुद्ध के पवित्र पिपरहवा कपिलवस्तु अवशेषो की प्रदर्शनी व भारतीय प्रतिनिधि मण्डल का नेतृत्व करने का अवसर केशव प्रसाद मौर्य को देने के लिए बौद्ध भिक्षुओं ने प्रधानमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किय । बौद्ध भिक्षुओं ने उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य की रूस की सफल यात्रा और कार्यक्रमो के सफल आयोजन हेतु आशीर्वाद दिया व सफल यात्रा की मंगलमय शुभकामनायें दी। उप मुख्यमंत्री के कैम्प कार्यालय 7-कालिदास मार्ग पर प्रदेश भर से बड़ी संख्या मे आये बौद्ध भिक्षुओं द्वारा एक समारोह में इस पुनीत कार्य के लिए प्रधानमंत्री के प्रति आभार व्यक्त किया गया व धन्यवाद ज्ञापित किया गया।

### मंत्री ओम प्रकाश राजभर मेदांता अस्पताल में भर्ती

**लखनऊ ।** उत्तर प्रदेश के पंचायती राज मंत्री व सुहेलदेव भारतीय समाज पार्टी (सुभासपा) अध्यक्ष ओम प्रकाश राजभर को चक्कर आने और चलने में दिक्कत की शिकायत पर उन्हें मेदांता हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया है, जहां पर उनकी सेहत में पहले से काफी सुधार है। मेदांता हॉस्पिटल के निदेशक डॉ राकेश कपूर के मुताबिक राजभर को माइनर स्ट्रोक की समस्या है। दरअसल, ओम प्रकाश राजभर की बीते रविवार शाम को अचानक तबीयत बिगड़ गई। जिसके बाद उप मुख्यमंत्री बृजेश पाठक उन्हें लेकर राम मनोहर लोहिया अस्पताल पहुंचे। जहां प्राथमिक जांच के बाद डॉक्टरों ने उनका इलाज किया। इस बीच देर शाम को उन्हें मेदांता हॉस्पिटल में भर्ती कराया गया।

# नौ अक्टूबर को होने वाले प्रदर्शन में बड़ी संख्या में उपस्थित होने का आवाहन



समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** सोमवार को महासंघ कार्यालय लखनऊ में महासंघ के लखनऊ इकाई के सभी सहयोगी संगठनों के साथ 9 अक्टूबर को प्रदेश सरकार/शासन स्तर पर लम्बित समस्याओं का अभी तक कोई सकारात्मक निर्णय/आदेश न जारी होने पर खेद व्यक्त किया गया, जिसके विरोध में किए जाने वाले प्रदेश व्यापी धरना-प्रदर्शन की तैयारी की समीक्षा की गयी।

गत दिनों प्रदेश की विभिन्न ईकाइयो में की गयी जनजागरण मीटिंग व शेष ईकाइयों में पुनः जनजागरण मीटिंग करने की तारीख तय की गयी। बैठक में उपस्थित सभी संगठनों ने लखनऊ ईकाई के सभी विभागों/जोन कार्यालय आदि में 4 से 8 अक्टूबर तक जनजागरण मीटिंग कर 9 अक्टूबर को भारी संख्या में धरना-प्रदर्शन में उपस्थित होने का आवाहन किया जायेगा। उप्र नगर निगम चतुर्थ श्रेणी कर्मचारी संघ के अध्यक्ष रामकुमार रावत व महामंत्री जितेंद्र सिद्धार्थ के नेतृत्व में लखनऊ की विभिन्न पार्को आलमबाग, पुराना किला, कृष्णानगर, कारगिल पार्क आदि में 9 अक्टूबर को होने वाले धरना-प्रदर्शन की जनजागरण मीटिंग की गयी।

# चार लोगों ने किराए की गाड़ी से की थी ओला ड्राइवर की हत्या

## डीसीपी उत्तरी गोपाल कृष्णा चौधरी ने प्रेस वार्ता कर किया पूरी घटना का खुलासा, तीन हत्यारोपी गिरफ्तार

समृद्धि न्यूज़

**लखनऊ।** मलिहाबाद पुलिस और डीसीपी उत्तरी की क्राइम/सर्विलांस टीम ने सोमवार को ब्लाइंड मर्डर का खुलासा करते हुए तीन आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया। एक अभी भी फरार है जिसकी तलाश जारी है।

खुलासा होने पर ज्ञात हुआ कि 20 अगस्त को मलिहाबाद इलाके के ग्राम टिकरी खुर्द निवासी 35 वर्षीय ओला ड्राइवर सर्वेश की हत्या हुई थी। जिसके बाद पुनः लगभग शाम 7 बजे चारो आरोपित घटनास्थल पर आए और शव को ठिकाने लगाने के लिए शव को कार की पिछली सीट पर रखकर 8 किलो मीटर दूर बाराबंकी जिले के माती फ्लाईओवर किसान पथ के पास लेकर गए। जहां सर्वेश के शव को झाड़ियों में फेंक दिया। वाहन को बाद





**प्रभारी निरीक्षक थाना मलिहाबाद सुरेन्द्र सिंह भाटी ने बताया कि बीते 21 अगस्त को मृतक के पिता रामचन्द्र यादव ने गुमशुदगी दर्ज कराई थी जिसके बाद से लगातार पुलिस टीम गुमशुदा की तलाश में लगी थी।**

में देवा रोड स्थित खादी ग्रामोद्योग इण्टर कॉलेज गेट के सामने तेल ख़त्म होने पर वहीं छोड़कर आरोपित बाइक से भाग निकले थे। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान सौरभ यादव उर्फ शेरा (25) विजय यादव (22) अखिल यादव के रूप में हुई है, तीनों कंचनपुर मटियारी के रहने वाले बताए जा रहे हैं। चौथा आरोपी अरविन्द उर्फ किट्टू सीतापुर का रहने वाला बताया जा रहा है जिसकी सरगर्मी से तलाश जारी है। आरोपियों की निशानदेही पर सर्वेश का शव कंकाल पुलिस ने बरामद कर लिया है। और गिरफ्तार आरोपियों के कब्जे से पुलिस ने घटना में प्रयुक्त 32 बोर की देशी पिस्टल 4 अदद खोखा कारतूस 32 बोर, एक ज़िंदा कारतूस व मोबाइल फोन बरामद किया है। बाद गिरफ्तारी जरूरी प्रक्रिया सम्पन्न कर पुलिस ने तीनों आरोपियों को सलाखों के पीछे भेज दिया है।

### मोबाइल की ट्रैकिंग से खुलासा

सोमवार को डीसीपी उत्तरी गोपाल कृष्ण चौधरी ने प्रेस कॉन्फ्रेंस कर उक्त मामले का पूरा खुलासा करते हुए बताया कि 20 अगस्त को चार युवकों ने हजरतगंज से इंद्रा डैम जाने के लिए ओला कैब बुक की थी। तीन युवक कार में बैठ गए जबकि एक युवक बाइक से पीछे आ रहा था। रास्ते में ओला ड्राइवर सर्वेश को लूटने की नियत से आरोपियों ने उसके सिर में गोली मारकर हत्या कर दी और सर्वेश का मोबाइल व पैसे लूट कर भाग गए। डीसीपी उत्तरी गोपाल कृष्ण चौधरी ने यह भी बताया कि पुलिस ने मोबाइल की आईएमईआई ट्रैकिंग और सीसीटीवी फुटेज की मदद से उक्त चैलेंजिंग घटना का खुलासा किया।

# पूर्व सैनिकों को मेदांता में मिलेंगी स्वास्थ्य सेवाएं

**ईसीएचएस हेल्थ स्कीम के तहत मेदांता को किया गया शामिल**

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** अब पूर्व सैनिकों एवं उनके आश्रितों को मेदांता में भी विश्वस्तरीय स्वास्थ्य सेवायें मिलेंगी। इसके लिए सेना एवं मेदांता अस्पताल के बीच समझौता ज्ञापन (एमओयू) का आदान-प्रदान किया गया है। एक ऐतिहासिक पहल के रूप में एक्स-सर्विसमेन कॉन्ट्रिब्यूटरी हेल्थ स्कीम (ईसीएचएस) में मेदांता अस्पताल लखनऊ को शामिल किया गया।

सेना की ओर से मेजर जनरल सलिल सेठ, जनरल ऑफिसर कमांडिंग, मध्य उत्तर प्रदेश सब एरिया ने प्रतिनिधित्व किया, जबकि मेदांता अस्पताल की ओर से मेडिकल



डायरेक्टर डॉ.राकेश कपूर एवं विभिन्न विभागाध्यक्ष उपस्थित रहे। सनद रहे मेदांता अस्पताल लखनऊ क्षेत्र का एक सुप्रसिद्ध और सबसे बड़ा सुपर स्पेशियलिटी अस्पताल है। इसके ईसीएचएस में शामिल होने से लगभग पाँच लाख पूर्व सैनिक एवं उनके आश्रित लाभान्वित होंगे। यह सुविधा न केवल उत्तर प्रदेश, बल्कि बिहार सहित आस-पास के राज्यों के लाभार्थियों के लिए भी उपलब्ध होगी।

अब तक पूर्व सैनिकों को उच्च स्तरीय चिकित्सकीय परामर्श एवं उपचार हेतु दिल्ली अथवा गुरुग्राम जाना पड़ता था, किन्तु मेदांता के ईसीएचएस पैनल में शामिल होने से यह सभी सेवाएँ अब लखनऊ में ही उपलब्ध होंगी। अस्पताल में कार्डियोलॉजी, न्यूरोलॉजी, ऑन्कोलॉजी, नेफ्रोलॉजी, गैस्ट्रोएंटरोलॉजी, जॉइंट रिप्लेसमेंट, ट्रॉमा एवं इमरजेंसी केयर, क्रिटिकल केयर, एनेस्थीसिया, यूरोलॉजी, गाइनेकोलॉजी, पीडियाट्रिक्स, पल्मोनोलॉजी, रेडियोलॉजी, लैब सर्विसेज, ब्लड बैंक, डेंटल, फिजियोथेरेपी, डायटेटिक्स एवं एम्बुलेंस सर्विसेज जैसी सेवाएँ उपलब्ध होंगी।

### यूपी को मिलेगी परियोजना से मिलने वाली 65 फीसदी बिजली : शर्मा

**लखनऊ।** ऊर्जा क्षेत्र में एक और महत्वपूर्ण उपलब्धि दर्ज हुई। 1320 मेगावाट खुर्जा सुपर थर्मल पावर परियोजना की द्वितीय इकाई 660 मेगावाट का संचालन विधिवत रूप से प्रारंभ हो गया।

इस अवसर पर केंद्रीय ऊर्जा मंत्री मनोहर लाल खट्टर और उत्तर प्रदेश सरकार के ऊर्जा मंत्री एके शर्मा ने वर्चुअल माध्यम से शुभारंभ किया। इस परियोजना के उत्पादन में से 65 प्रतिशत विद्युत उत्तर प्रदेश को प्राप्त होगी, जिससे प्रदेश में न केवल घरेलू उपभोक्ताओं को गुणवत्तापूर्ण बिजली उपलब्ध होगी, बल्कि उद्योगों को भी पर्याप्त आपूर्ति सुनिश्चित हो सकेगी। इसके चलते प्रदेश की औद्योगिक प्रगति और आर्थिक विकास को नई गति मिलेगी।

# कार्य व्यवस्था को और पारदर्शी बनाने को ई-ऑफिस प्रशिक्षण कार्यक्रम का आयोजन

समृद्धि न्यूज

**प्रशिक्षण के दौरान अधिकारियों ने ई-ऑफिस प्रणाली के प्रयोग, पत्राचार के डिजिटलीकरण तथा कार्य निष्पादन की नवीन पद्धति की दी विस्तृत जानकारी**

**लखनऊ।** नगर निगम लखनऊ में कार्य व्यवस्था को और अधिक पारदर्शी एवं त्वरित बनाने के उद्देश्य से ई-ऑफिस प्रशिक्षण कार्यक्रम का सफल आयोजन किया गया। यह प्रशिक्षण प्रभारी अधिकारी (अधिष्ठान) विकास सिंह तथा कार्यालय अधीक्षक (अधिष्ठान) श्रमहेंद्र वर्मा की देखरेख में सम्पन्न हुआ। इस प्रशिक्षण में नगर निगम के सभी जोनों के समस्त लिपिकों, राजस्व निरीक्षक ने सक्रिय रूप से प्रतिभाग किया।

प्रशिक्षण के दौरान अधिकारियों ने ई-ऑफिस प्रणाली के प्रयोग, पत्राचार के डिजिटलीकरण तथा कार्य निष्पादन की नवीन पद्धति की विस्तृत जानकारी दी। नगर निगम का यह प्रयास डिजिटल कार्यप्रणाली को बढ़ावा देने और जनसुविधाओं को और अधिक सुलभ एवं शीघ्र उपलब्ध कराने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। ई-ऑफिस प्रणाली के माध्यम से अब कार्यालयीन कार्यों को अधिक पारदर्शिता के साथ संचालित किया जा सकेगा। इस अवसर पर नगर आयुक्त ने कहा कि ई-ऑफिस प्रणाली के क्रियान्वयन से हमारे कार्यालय संबंधी कार्यों में और अधिक पारदर्शिता एवं गति आएगी, जिससे नागरिकों को बेहतर सेवाएं प्रदान की जा सकेंगी। उन्होंने सभी लिपिकों से अपील की कि वे इस प्रणाली का पूर्ण उपयोग करते हुए अपने कार्यों को और अधिक प्रभावी ढंग से संचालित करें।

### जीएसटी दरों में कमी विदेश नीति की घबराहट में उठाया गया कदम : प्रमोद तिवारी

**लखनऊ ।** राज्यसभा में विपक्ष के उपनेता प्रमोद तिवारी ने मोदी सरकार द्वारा जीएसटी दरों में कमी के फैसले को भ्रष्टाचार तथा मंहगाई व कमजोर विदेश नीति की घबराहट में उठाया गया मजबूरी भरा कदम कहा है। उन्होने कहा कि पीएम मोदी को जीएसटी दरों में सुधार के नाम पर स्वदेशी को लेकर राष्ट्र को अपने संबोधन में आठ वर्षो तक इस भयंकर लूट के लिए देश की जनता के सामने अपनी भूल स्वीकार करने का नैतिक साहस दिखलाना चाहिए था। जीएसटी के नाम पर पहले मोदी सरकार ने चार गुना टैक्स बढ़ाया। उन्होने कहा कि अधिकांश खासकर विपक्ष शासित राज्यों ने भी जीएसटी में कमी का दबाव बनाया।

**अभियान**

## अभियान में बड़ी संख्या में विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर लिया हिस्सा

# नगर निगम ने शहर के सभी जोनों में चलाया स्वच्छता अभियान

समृद्धि न्यूज

**लखनऊ।** नगर निगम लखनऊ ने स्वच्छता ही सेवा कार्यक्रम के अंतर्गत सोमवार को शहर के सभी जोनों में व्यापक स्तर पर स्वच्छता अभियान चलाया। आयोजन का मुख्य उद्देश्य छात्रों एवं नागरिकों में स्वच्छता के प्रति जागरूकता, ठोस एवं तरल कूड़ा प्रबंधन की समझ, और सामुदायिक सहयोग को बढ़ावा देना रहा।

नगर आयुक्त के मार्गदर्शन में अभियान को सभी आठ जोनों में एक साथ संचालित किया गया। इस दौरान



संबंधित जोनल अधिकारियों, पार्षदों, नगर निगम कर्मचारियों और स्वयंसेवी संस्थाओं ने सक्रिय सहभागिता निभाई। अभियान की खास बात यह रही कि इसमें बड़ी संख्या में विद्यालयों के छात्र-छात्राओं ने बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। शहर के विभिन्न विद्यालयों में स्वच्छता प्रतियोगिता, खेलकूद, वाद-विवाद प्रतियोगिता और रैलियों का आयोजन किया गया। बच्चों को साफ-सफाई और पर्यावरण संरक्षण का संदेश देने वाले सांस्कृतिक कार्यक्रम भी हुए।

अपर नगर आयुक्त ने बच्चों की रचनात्मक प्रस्तुतियों और प्रतियोगिताओं में भागीदारी को सराहा तथा विजेताओं को पुरस्कृत किया। बच्चों ने सामूहिक शपथ लेकर यह संकल्प भी लिया कि वे घर, मोहल्ले और विद्यालय को हमेशा साफ-सुथरा रखेंगे। इसी तरह मलेशे मऊ और खरगापुर क्षेत्र के प्राथमिक एवं जूनियर स्कूलों में विशेष आयोजन, हीरा लाल

### कूड़ा निस्तारण की व्यवस्था को किया गया सुदृढ़

विद्यालयों के साथ-साथ अभियान के तहत शहर के प्रमुख बाजारों, मंदिरों, पार्कों, आवासीय क्षेत्रों और सार्वजनिक स्थलों पर विशेष सफाई अभियान चलाया गया। कूड़ा संग्रहण, नालियों की सफाई, एंटी-लार्वा छिड़काव और कूड़ा निस्तारण की व्यवस्था को सुदृढ़ किया गया। साथ ही नागरिकों को कचरा पृथक्करण, प्लास्टिक के उपयोग पर रोक और कूड़ा डस्टबिन में डालने जैसे विषयों पर जागरूक किया गया। अभियान में अमीनाबाद इंटर कॉलेज, महिला डिग्री कॉलेज, ब्याज एंग्लो इंटर कॉलेज समेत कई विद्यालयों में, राजाजीपुरम स्थित सिटी कान्वेंट इंटर कॉलेज, सरस्वती शिशु मंदिर व अन्य विद्यालयों में स्वच्छता प्रतियोगिताएँ और बाल मुकुंद, राज हंस, महर्षि सहित अन्य संस्थानों में छात्रों ने सफाई अभियान चलाया।

# कर करेत्तर-राजस्व वसूली की हुई समीक्षा बैठक

## समीक्षा बैठक में बिना किसी सूचना के अनुपस्थित रहने पर अधिशासी अभियंताओं के वेतन रोकने के निर्देश

गोण्डा, समृद्धि न्यूज़।



कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी गोण्डा प्रियंका निरंजन की अध्यक्षता में मुख्यमंत्री डैशबोर्ड से संबंधित राजस्व तथा कर-करेत्तर एवं राजस्व वसूली की प्रगति की समीक्षा बैठक आयोजित की गई।

बैठक में जनपद में चल रही राजस्व वसूली की स्थिति पर विस्तृत चर्चा की गई तथा लक्ष्यों को प्राप्ति के लिए आवश्यक निर्देश दिए गए। बैठक में जिलाधिकारी ने समीक्षा के दौरान बिना किसी पूर्व सूचना के अनुपस्थित पाए गए सिंचाई विभाग के सभी खंडों के अधिशासी अभियंताओं के वेतन को रोकने के निर्देश दिए। उन्होंने इस प्रकार की लापरवाही को गंभीरता से लेते हुए संबंधित विभागों को चेतावनी दी कि भविष्य में इस प्रकार की उदासीनता किसी भी दशा में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। समीक्षा के दौरान जिलाधिकारी ने यह भी निर्देशित किया कि जनपद की सभी तहसीलों में कर वसूली के अंतर्गत 10-10 बड़े बकायेदारों की सूची संबंधित कार्यालयों के सूचना पट पर चस्पा की जाए, ताकि पारदर्शिता बनी रहे और बकायेदारों पर सामाजिक व प्रशासनिक दबाव बने। उन्होंने संबंधित विभागों के अधिकारियों को कड़े निर्देश देते हुए कहा कि शासन द्वारा निर्धारित लक्ष्य को समयबद्ध रूप से पूर्ण करना सुनिश्चित करें, अन्यथा जवाबदेही तय की जाएगी। जिलाधिकारी ने विभागीय अधिकारियों को चेताया कि राजस्व वसूली के कार्यों में किसी भी प्रकार की शिथिलता क्षम्य नहीं होगी। उन्होंने यह भी कहा कि मुख्यमंत्री डैशबोर्ड पर उपलब्ध डेटा के आधार पर प्रत्येक विभाग की प्रगति का मूल्यांकन किया जा रहा है, इसलिए सभी अधिकारी अपने-अपने दायित्वों का ईमानदारी से निर्वहन करें।

बैठक में अपर जिलाधिकारी, उप जिलाधिकारीगण, तहसीलदार, नायब तहसीलदार, संबंधित विभागों के अधिकारीगण एवं अन्य संबंधित कर्मचारी उपस्थित रहे।

## मारपीट करने वाले दो दर्जन से अधिक लोगों पर मुकदमा दर्ज

गोंडा ,समृद्धि न्यूज। नगर कोतवाली क्षेत्र के पटेल नगर घोसियाना में रविवार की बीती रात्रि करीब 11 बजे चोरी का अफवाह फैला कर एक दूसरे के छत को पार कर के करीब दो दर्जन से अधिक लोग की भीड़ को इकट्ठा कर के पत्थर भाजी किया गया।शहर का माहौल खराब किए गया। चौकी प्रभारी सुरेश कुमार ने तहरीर देकर पटेल नगर घोसियाना निवासी मंजूर आलम उर्फ बच्चा नूर मोहम्मद सज्जाद सनी जाबिर अली आशिक अली रईस उर्फ गोलू शकील अनीस अब्दुल कादिर सहित 15 से बीस अज्ञात लोग पर मुकदमा दर्ज कराया है। चौकी प्रभारी सुरेश कुमार ने बताया कि दो पक्षों का पहले से विवाद था। चौरी का अफवाह फैला कर लाठी डंडा तलवार चाकू से लैस होकर रात्रि में ही एक दूसरे के छत पर चढ़कर। पत्थरबाजी किया और मारपीट करने पर आमादा रह। मौके पर पहुंच कर मौजूद भीड़ को चौरी की अफवाह बताकर घर भेजा गया। पत्थरबाजी की वजह से कुछ लोगो को चोट आई। जिन का इलाज मेडिकल कालेज में कराया गया।

# एफएलएन के चतुर्थ बैच में 104 शिक्षक हुए प्रशिक्षित

- एफएलएन व एनसीईआरटी पुस्तकों पर आधारित प्रशिक्षण का चतुर्थ बैच संपन्न
- एफएलएन प्रशिक्षण से शिक्षा में आएगा सुधार

गोण्डा/झंझरी ,समृद्धि न्यूज़।



विभागीय निर्देश के क्रम में एफएलएन व एनसीईआरटी के पुस्तकों पर आधारित प्रशिक्षण के चतुर्थ बैच के अंतिम यानी पांचवे दिवस का प्रशिक्षण सोमवार को स्वामी विवेकानंद इंटर कॉलेज गोंडा के हाल में संपन्न हुआ। पंचम दिवस के प्रशिक्षण की शुरुआत प्रार्थना सभा के साथ हुई तत्पश्चात एफएलएन व एनसीईआरटी की अवधारणा एनईपी 2020 शिक्षण की भूमिका व जिम्मेदारी भाषा की नींव संख्याओं की समझ खेल आधारित व गतिविधि आधारित शिक्षण का परिचय आदि बिंदुओं पर विस्तृत चर्चा की गयी, एनसीईआरटी द्वारा एससीईआरटी की मदद से तैयार कक्षा 3 की तीन पुस्तकों गणित मेला, वीणा एवं संतूर के पाठ्यक्रम एवं बदले गए और जोड़े गए पाठों पर चर्चा के साथ हीं शिक्षक संदर्शिका कार्यपुस्तिका के प्रयोग के बारे में विस्तृत चर्चा की गयी। इस अवसर पर प्रशिक्षक ऋचा सिंह,आरपी अंग्रेजी, नरेंद्र गुप्ता आरपी गणित, नीतू सिंह एआरपी विज्ञान एवं सन्दर्भदाता पंकज चौधरी व सौरभ गुप्ता के साथ रजनीकांत और गुलजार उपस्थित रहे।

# संपत्ति की लालच में पति ने पत्नी व ससुर को उतारा मौत के घाट

गोण्डा, समृद्धि न्यूज़।

परसपुर थाना क्षेत्र के राजापुर ग्राम में पति ने पहले अपने पत्नी की बड़ी बेरहमी से करंट लगाकर हत्या करने के बाद ससुर की गला दबा कर हत्या करने का प्रयास किया जिन की इलाज के दौरान मौत हो गई। इस डबल हत्या से जिले में हड़कम मच गया। परस पुर थाना क्षेत्र के राजा पुर ग्राम के निवासी पवन ने अपनी 28 वर्षीय पत्नी संगीता को करंट लगा दिया था जिस से उस की मौत हो गई। इस बीच जब ससुर मंगल ने विरोध किया, तो पवन ने उनका गला दबाकर मारने का प्रयास किया था। जिस से उनकी हालत खराब हो गई थी। इलाज के लिए सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र सीएचसी परसपुर में भर्ती कराया गया था। हालत खराब होने पर उनको मेडिकल कॉलेज के लिए रेफर किया गया था। इलाज के दौरान ससुर मंगल की भी मौत हो गई। मंगल की इकलौती पुत्री संगीता थी। शादी करने से पहले ही ससुर मंगल ने पवन से कहा था कि उस की सारी जमीन जायदाद तुम्हारी होगी। इसी शर्त पर पवन ने शादी किया था। कुछ दिनों पूर्व मंगल को पैसे की आवश्यकता पड़ गई थी। उस ने अपने हिस्से की कुछ जमीन को बेच दिया था। जिस से वह काफी नाराज रहने लगा था। इस को लेकर कई बार घर में झगड़ा भी हुआ था। रविवार के दिन भी कुछ झगड़ा हुआ था। पवन ने सोमवार की सुबह पत्नी को संगीता को करंट लगा दिया जिस को उस के ससुर मंगल ने देख लिए था। इस को विरोध करना लगा तभी मंगल ने उनका भी गला दबा दिया था । पुलिस ने मौके पर पहुंच कर शव को अपने कब्जे में लेकर पोस्ट मार्टम भेज दिया। पुलिस ने पवन को भी गिरफ्तार कर लिया है ।

# ध्वजारोहण से शुरू हुआ अग्रसेन जयंती समारोह कार्यक्रम

गोण्डा, समृद्धि न्यूज़।



रानी बाजार स्थित श्री राम जानकी मारवाड़ी धर्मशाला में चल रहे अग्रसेन जयंती समारोह आयोजित अग्रसेन जयंती समारोह कार्यक्रम में महाराजा अग्रसेन जी जयंती धूमधाम से मनाई जाएगी। जिसमें कार्यक्रम की शुरुआत ध्वजारोहण से हुआ। उसके बाद हवन और पूजन पाठ हुआ और सभी महिलाओ ने घर से सजाकार लाई आरती थाल से आरती किया। महाराजा अग्रसेन चौराहे पर माल्यार्पण किया गया।

उसके बाद आरती थाल, रस्साकशी पुरुष , लड्डू गोपाल जी श्रृंगार ,व्यंजन, फैंसी ड्रेस, एकल नृत्य, शैक्षणिक पुरस्कार वितरण, समूह नृत्य प्रतियोगिता हुआ। आरती थाल में प्रिया , निशा, तुषारिका, विनीता, कोमल, स्नेह, स्वाति, किरन ,अनन्या, श्वेता ,नेहा और सौम्या प्रतिभागी रही। रविवार को हुए महिला रस्साकशी प्रतियोगिता में सारिका सोमानी ग्रुप ए और रीता काबरा ग्रुप बी के बीच रस्साकसी प्रतियोगिता हुई। जिसमें सारिका सोमानी ग्रुप ए टीम विजई रही। म्यूजिकल चेयर प्रतियोगिता में नेहा अग्रवाल प्रथम प्रियंका संघई द्वितीय और शालिनी अग्रवाल तृतीय स्थान पर रही।और वही पुरूष रस्साकसी प्रतियोगिता में मुरली धर नहारिया ग्रुप ए और मुकुट लाल अग्रवाल ग्रुप बी के बीच हुआ जिसमें मुकुट लाल अग्रवाल ग्रुप डी की टीम विजय घोषित हुई जिसमें दीपक अग्रवाल, दिवाकर सोमानी, दिनेश गोयल, अमित बंसल, नन्द किशोर अग्रवाल,अमित गर्ग,विमलेश सिंघल, जगत अग्रवाल सहित अन्य लोग बी टीम के सहयोगी रहे।आयोजन में महिलाओं, युवाओं और बच्चों की विशेष भागीदारी रहेगी। कार्यक्रम स्थल पर खानपान गेम्स कोल्ड ड्रिंक पिज़्ज़ा चीनी की क्रीम चाट और कई तरह के बुटीक कपड़े के स्टॉल लगे हुए थे। कार्यक्रम के बीच-बीच में सभी लोगों ने लगे हुए स्टालों का लुफ्त उठाया। कार्यक्रम के दौरान अग्रवाल नवयुवक संघ के अध्यक्ष चेतन अग्रवाल, महामंत्री विकास जैन ,कार्यक्रम संयोजक संजय अग्रवाल ,अनिल मित्तल, अतुल अग्रवाल, अजय अग्रवाल, सीए पवन अग्रवाल, अजय मित्तल, हरीश केडिया, आयुष केडिया,अशोक बंसल, गौरव अग्रवाल,अनूप गोयल, सहित अन्य लोग मौजूद रहे।

## नियमों के उल्लंघन पर आठ उर्वरक विक्रेताओं के लाइसेंस निरस्त

यूरिया की कालाबाजारी पकड़ी गई, दोषी विक्रेताओं पर गिरी गाज

गोंडा, समृद्धि न्यूज़। जिले में उर्वरकों की कालाबाजारी और मनमानी रोकने के लिए जिला प्रशासन ने बड़ी कार्रवाई की है। जिला कृषि अधिकारी सी.पी. सिंह ने जानकारी दी कि जांच में 08 फुटकर उर्वरक विक्रेताओं द्वारा नियमों का उल्लंघन पाए जाने पर उनके लाइसेंस निरस्त कर दिए गए हैं। जांच में पाया गया कि कई विक्रेताओं ने किसानों के नाम पर निर्धारित सीमा से अधिक यूरिया व अन्य उर्वरक खरीदे। एक ही किसान के नाम से 40 से 50 बोरी यूरिया खरीदी गई, जो नियमों के विरुद्ध है। साथ ही, कुछ विक्रेताओं ने किसानों के नाम पर मनमाने ढंग से उर्वरक की बिक्री दिखाई, जबकि वास्तविक खरीद नहीं हुई।कृषि अधिकारी ने बताया कि उर्वरक नियंत्रण आदेश–1985 का उल्लंघन करने पर यह कार्रवाई की गई है। जिन 08 विक्रेताओं के लाइसेंस निरस्त किए गए हैं, उनमें शामिल हैं।

मे. वर्मा ट्रेडर्स, (दौलतपुर माफी वि.ख. बभनजोत), मे. हरिश्चन्द्र मिश्र फुटकर उर्वरक विक्रेता, (अयाह विकास खंड इटियाथोक), मे. निसार अहमद फुटकर उर्वरक विक्रेता, (लखनीपुर विकास खंड इटियाथोक), मे. सिंह खाद एवं बीज भण्डार, (सूर्यबाग चौराहा वि.ख. छपिया), मे.आर.के.वी.के. इण्टर प्राइजेज , (शिवगंज बाजार, वि.ख. बेलसर), मे. परवेज आलम बीज भण्डार, (आर्यनगर छितौनी, वि.ख. रूपईडीह), मे. सियाराम फुटकर उर्वरक विक्रेता, (कूकनगर बन्दी वि.ख. बभनजोत), मे. पाण्डेय खाद भण्डार, (गोडवाघाट, वि.ख. बेलसर) जिला कृषि अधिकारी ने स्पष्ट किया है कि भविष्य में यदि कोई विक्रेता किसानों के नाम पर मनमाने ढंग से उर्वरक बिक्री करता पाया गया तो उसका लाइसेंस भी तत्काल प्रभाव से रद्द कर दिया जाएगा। किसानों को भी अपील की गई है कि वे उर्वरक वितरण के समय अपनी रसीद और पहचान अवश्य लें, ताकि किसी तरह की गड़बड़ी से बचा जा सके।

# जिपं अध्यक्ष के पुत्र को अगवाकर पीटने वाले चार गिरफ्तार

झंझरी गोंडा,समृद्धि न्यूज़।

जिले के प्रभारी मंत्री दारा सिंह चौहान के हस्तक्षेप के बाद कोतवाली देहात की पुलिस सक्रिय हुई और जिला पंचायत अध्यक्ष घनश्याम मिश्रा के पुत्र चंदन मिश्रा को पीटने वाले सुशील कुमार शुक्ला अरुण कुमार शुक्ला अमित मिश्रा अमित शुक्ला को गिरफ्तार कर के जेल भेज दिया। बीते 12 सितम्बर को जिला पंचायत अध्यक्ष घनश्याम मिश्रा के पुत्र चंदन मिश्रा को नारायण पुर वाली ग्राम में बिजली का कार्य कराने के दौरान मजदूरो को पैसा देने गए हुए थे। तभी अमित मिश्रा अमित शुक्ला अरुण शुक्ला सुशील शुक्ला सहित 20, लोगों ने घेर कर मारा पीट था।बंदूक की नली को मुंह में डाल कर जान से मारने की धमकी दी गई थी। जिस में कोतवाली देहात थाना क्षेत्र के भगहर बुलंद गांव के निवासी जिला पंचायत अध्यक्ष घनश्याम मिश्रा के पुत्र चंदन मिश्रा ने कोतवाली देहात में तहरीर दिया है कि विकास खंड झंझरी के विभिन्न ग्राम पंचायतों में प्राइवेट लिमिटेड विद्युत कंपनी के माध्यम से विद्युतीकरण का कार्य कराया जा रहा है। नारायण पुर वली ग्राम में विद्युत कार्य के लिए टैक्टर ट्राली से खंभे को ले जाया जा रहा था।

मजदूरों को पैसा देने के लिए अपनी कार से गया था। मजदूरों को पैसा देने लगा तभी करीब 20 लोगो ने घेर कर हमला कर दिया। मारने पीटने लगे। जेब में रखा 8000 हजार रुपए छीन लिया। जान से मारने की नीयत से मुंह में बंदूक डाल दिया और जबरन अपनी गाड़ी में बैठा लिया। बाकी लोगों ने मेरी गाड़ी की तलाशी लेकर। मेरे कागजात को फाड़ दिया। उस में रखा 50 हजार रुपए भी ले लिए। इन लोगो ने धमकी दिया कि अपने पिता जी से बता देने इस से क्षेत्र से जिला पंचायत का चुनाव नहीं लड़ेंगे। इस क्षेत्र से चुनाव मुझे लड़ना है। जबरन मुझे अपने कार में लाद कर अगवा कर लिया। मुझे कार से घाघरा नदी में फेकने ले जा रहे थे जैनी पकड़िया के पास मेरे चाचा राधेश्याम मिश्रा ने देखा कि मेरी कार को कोई अन्य व्यक्ति चला रहा था। जिस से मेरे चाचा ने कार का पीछा किया इस पर इन लोगो ने मुझे सड़क के किनारे फेक दिया। जिला पंचायत अध्यक्ष घनश्याम मिश्रा को मुकदमा लिखाने के लिए खुद पुलिस अधीक्षक से मिलना पड़ा था। तब पुलिस ने मुकदमा दर्ज किया था। जिले के प्रभारी मंत्री दारा सिंह चौहान से जब जिला पंचायत अध्यक्ष मिले और खुद अपनी बात बताई तब उन्होंने आरोपियों की गिरफ्तारी के लिए एस पी से कहा था।

# पुलिस-बदमाश में मुठभेड़ पैर में लगी गोली, अस्पताल में भर्ती

बहराइच, समृद्धि न्यूज़।



हुजूरपुर और कैसरगंज बार्डर पर नटवीर बाबा स्थान के पास सरायकनहर से हुजूरपुर रोड की तरफ जा रहे संदिग्धों को देखकर पुलिस की कांबिंग टीम ने उन्हें रोका। इसी दौरान अपराधी ने पुलिस पर फायरिंग की। पुलिस की जवाबी कार्रवाई में शातिर चोर के दाहिने पैर में गोली लगी। सीओ रवि खोखर ने बताया कि क्षेत्र में चोरी की घटनाओं को रोकने के लिए सतत अभियान चल रहा है। इसी क्रम में थाना कैसरगंज को सूचना मिली कि हुजूरपुर-कैसरगंज बार्डर पर कुछ संदिग्ध लोग चोरी की योजना बना रहे हैं। एसओजी और थाना कैसरगंज की टीम ने निरंतर कांबिंग करते हुए सरायकनहर से हुजूरपुर की ओर जाने वाले रास्ते पर संदिग्धों को देखा। इसी दौरान एक संदिग्ध ने पुलिस पर फायर किया। पुलिस ने जवाबी फायरिंग की, जिसमें अपराधी को दाहिने पैर में गोली लगी। पुलिस ने पूछताछ में पता किया कि आरोपी का नाम मुल्कराज है और वह थाना बौड़ी का रहने वाला है। घायल अपराधी को उपचार के लिए जिला अस्पताल भेजा गया।

# प्रांत में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय लौटे शिक्षक जितेंद्र पांडेय

गोण्डा, समृद्धि न्यूज़।



सोमवार को स्थानीय सरस्वती विद्या मंदिर इंटर कॉलेज मालवीय नगर मे गत दिवस निराला नगर लखनऊ में विद्या भारती द्वारा आयोजित प्रांतीय गणित मेला एवं संस्कृति महोत्सव में आचार्य पत्र वाचन प्रतियोगिता में प्रांत में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय लौटे शिक्षक जितेंद्र पांडेय एवं वैदिक गणित बाल वर्ग के बच्चों को विद्यालय के प्रधानाचार्य रवि कुमार शुक्ला, शैक्षिक प्रमुख कृष्ण गोपाल पांडेय, सहित विद्यालय के शिक्षकों द्वारा सम्मानित किया गया।

इस अवसर पर विद्यालय के प्रधानाचार्य श्री रवि कुमार शुक्ल ने कहा कि यदि हम सकारात्मक दृष्टि से किसी भी लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए संकल्पित हो तो निश्चित रूप से सफलता मिलेगी। इसका उदाहरण है विद्यालय के पूर्व छात्र एवं वर्तमान में सहकर्मी शिक्षक जितेंद्र पांडेय और यह बच्चे है। साथ ही प्रतियोगिता मे तीन प्रतियोगिता मे क्रमशः द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले बच्चों को भी पुरस्कृत किया गया। प्रधानाचार्य ने बताया कि अब यह प्रतिभागी अगले माह में आयोजित होने जा रहे हैं, क्षेत्रीय गणित मेला एवं संस्कृति महोत्सव लखीमपुर में अवध प्रांत के लिए प्रतिनिधित्व करेंगे। विद्यालय के इस सफलता पर विद्यालय परिवार के सभी आचार्य एवं प्रबंध समिति के सदस्यों ने प्रसन्नता व्यक्त की।



## आई लव मुहम्मद विवाद पर एक्शन, बिना अनुमति प्रदर्शन करने वाले 350 लोगों पर मुकदमा दर्ज

बहराइच, समृद्धि न्यूज़। आई लव मुहम्मद विवाद ने नया मोड़ ले लिया है। कैसरगंज इलाके में शनिवार शाम को मुस्लिम समाज के लोगों ने बिना अनुमति प्रदर्शन किया। प्रदर्शनकारी कानपुर में दर्ज मुकदमों को वापस लेने की मांग कर रहे थे। यह प्रदर्शन कानपुर में हुए विवाद से जुड़ा है। कानपुर में आई लव मुहम्मद के पोस्टर लगाने को लेकर 25 लोगों पर मुकदमा दर्ज किया गया था। इसके विरोध में प्रदेश के विभिन्न जिलों में मुस्लिम समाज के लोग प्रदर्शन कर रहे हैं। कैसरगंज पुलिस ने रविवार को कार्रवाई करते हुए बिना अनुमति प्रदर्शन और आपत्तिजनक नारे लगाने के आरोप में मुकदमा दर्ज किया। थाना प्रभारी के अनुसार, फैजुल हसन, मुफीद, रिजवान, अरशद खान और बाबू खान नामजद आरोपी हैं। इनके अलावा 350 अज्ञात लोगों पर भी मुकदमा दर्ज किया गया है। आरोपियों पर बीएनएस की धारा 189/2, 223, 351/3 और 353 के तहत कार्रवाई की गई है।

# चोरों ने लाखों के जेवरात और नकदी की पार

बहराइच, समृद्धि न्यूज़।



रिसिया थाना क्षेत्र के ग्रामीण व नगर इलाकों में इन दिनों चोरों की सक्रियता से लोग दहशत में हैं। अफवाह और लगातार हो रही वारदातों के चलते लोग रातों को जागकर गुज़ारा कर रहे हैं। बीती रात कस्बे के सरस्वती नगर में चोरी की बड़ी घटना ने लोगों की चिंता और बढ़ा दी। जानकारी के मुताबिक सरस्वती नगर निवासी अनुराग जायसवाल पुत्र राजेंद्र जायसवाल के घर चोर छत के रास्ते से घुसे और अलमारी में रखे 11 हजार रुपए नकद व लाखों के जेवरात पर हाथ साफ कर दिया। जेवर का बक्सा चोर छत पर ही छोड़ गए। पीड़ित का कहना है कि लाखों की कीमत के गहने चोरी हो गए हैं। उन्होंने इस संबंध में पुलिस को तहरीर भी दी है।गौरतलब है कि शनिवार की रात कस्बे से करीब दो किलोमीटर दूर ग्राम मझौवा मुजेहना निवासी पिंटू पुत्र गुन्ना के घर से भी चोर 25 हजार रुपए नकद और पायल चुरा ले गए थे।

उस दौरान डायल 112 मौके पर पहुंची थी, लेकिन जांच के बाद वापस लौट गई। थाना प्रभारी का कहना था कि उन्हें घटना की जानकारी नहीं है।इसी बीच कस्बे के शास्त्री नगर निवासी मुन्ना सोनी के घर में भी रात आठ बजे एक अज्ञात व्यक्ति घुस आया। सोनी की पत्नी ने उसे पकड़ने की कोशिश की, लेकिन वह धक्का देकर फरार हो गया। वहीं, थाना प्रभारी करूणाकर पांडेय ने बताया कि मौके पर कस्बा चौकी प्रभारी बिहारी सिंह यादव के साथ जांच की गई है। पीड़ित की तहरीर मिलने पर मुकदमा दर्ज किया जाएगा।

## कानपुर पुलिस की कार्रवाई का हुआ विरोध

बहराइच, समृद्धि न्यूज़। सोमवार को मुस्लिम समाज के लोगों ने कानपुर पुलिस की कार्रवाई का विरोध किया। कानपुर में आई लव मुहम्मद का बैनर लगाने पर मुस्लिम समाज के लोगों पर मुकदमा दर्ज किया गया था। ऑल इंडिया मिल्ली काउंसिल की बहराइच शाखा के कार्यकर्ता बड़ी संख्या में कलेक्ट्रेट पहुंचे। उन्होंने आई लव मुहम्मद के पोस्टर लेकर प्रदर्शन किया। कार्यकर्ताओं ने नगर मजिस्ट्रेट को राष्ट्रपति के नाम ज्ञापन सौंपा। काउंसिल के अध्यक्ष मौलाना शाहिद अकील उल्ला नदवी ने अपनी बात रखी। उन्होंने कहा कि हर धर्म के लोग अपने ईश्वर और पैगंबर से प्यार करते हैं। आई लव मुहम्मद के बैनर लगाने पर की गई कार्रवाई का वे विरोध करते हैं। उन्होंने राष्ट्रपति से धार्मिक स्वतंत्रता बनाए रखने की मांग की। साथ ही कानपुर में दर्ज मुकदमे को वापस लेने की भी मांग की। इस विरोध प्रदर्शन में काउंसिल के कई पदाधिकारी और कार्यकर्ता मौजूद थे।

# वन्य जीव हमले से पीड़ित परिवार को सीडीओ ने बंधाया ढांढस

बहराइच, समृद्धि न्यूज़।



मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र ने उप जिलाधिकारी कैसरगंज अखिलेश कुमार सिंह, खण्ड विकास अधिकारी फखरपुर प्रतीक व नायब तहसीलदार सचिन श्रीवास्तव के साथ तहसील कैसरगंज अन्तर्गत वन्य जीव प्रभावित ग्राम पंचायत मंझारा तौकली के गंधु झाला गांव पहुंच कर वन्यजीव हमले से शोकसंतप्त परिजनों से भेंट कर उन्हें ढ़ाढस बंधाया। उल्लेखनीय है कि पीडित परिवार के घर पर पहले से मौजूद पूर्व कैबिनेट मंत्री मुकुट बिहारी ने उप जिलाधिकारी व वन विभाग के अधिकारियों से आवश्यक जानकारी प्राप्त की। एसडीएम कैसरगंज श्री सिंह ने बताया घायलो और मृतकों की सूची बनाकर शासन को भेजी जा रही है जल्द की मुआवजा दिलाया जाएगा। इस अवसर पर ब्लॉक प्रमुख प्रतिनिधि मुन्ना सिंह, पार्टी पदाधिकारी गौरव वर्मा, रामबचन सोनी, सीता राम पाण्डेय, बद्री अवस्थी, सरदार सिंह, सतगुर प्रसाद व लल्लन सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी मौजूद रहे।

# वन्य जीव सक्रियता क्षेत्रों में लगी स्ट्रीट व सोलर लाईटें: सीडीओ

- क्षेत्रीय अधिकारी के साथ वन दरोगा की 32 टीमों की लगाई गई ड्यूटी

बहराइच, समृद्धि न्यूज़।



मुख्य विकास अधिकारी मुकेश चन्द्र ने बताया कि जनपद में वन्य जीव के हमले के दृष्टिगत विकास खण्ड-फखरपुर व महसी के प्रभावित क्षेत्रों में ग्राम पंचायत स्तर पर पंचायत सेवक, ग्राम रोजगार सेवक, सफाई कर्मचारी, ग्राम पंचायत सचिव व लेखपाल के साथ ग्रामीणों की टोली प्रभावित गावों में भ्रमण किया जा रहा है जिनके उपस्थिति सुनिश्चित करने हेतु विकास खण्ड स्तरीय व जनपद स्तरीय अधिकारियों के ड्यूटी लगाई गई है तथा जनपद स्तर पर उपायुक्त श्रम रोजगार एवं जिला पंचायत राज अधिकारी के नियत्रण में कन्ट्रोल रूम की स्थापना कराई गई है। इसके साथ ही जनपद के आस पास के जनपदो से वन्य विभाग द्वारा प्रभावित क्षेत्रों में क्षेत्रीय अधिकारी के साथ वन दरोगा की 32 टीमो की ड्यूटी लगाई गई है। वन्य जीवों के हमलो से बचाव हेतु जागरूकता कराने हेतु 18 पब्लिक ऐड्रेस सिस्टम की स्थापना कराई गई है। प्रभावित क्षेत्रां में लगभग 1390 से ऊपर स्ट्रीट लाइट, 61 सोलर लाइटे एवं दरवाजे विहिन घरों में लगभग 24 दरवाजे लगावाये गये है। रात्रि में निर्बाध विद्युत् आपूर्ति सुनिश्चित कराई जा रही है।

34 नोडल अधिकारियो द्वारा रात्रि में भ्रमण करते हुए गांव के लोगो को अन्दर या छत पर सोने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। उक्त के अतिरिक्त जिला प्रशासन के उच्चाधिकारियों द्वारा भी निरन्तर भ्रमण करके लोगो को वन्य जीव हमले से बचाव के लिए जागरूक किया जा रहा है।

## अवैध रूप से बनाई जा रही शराब के अड्डे पर आबकारी विभाग ने मारा छापा



बहराइच, समृद्धि न्यूज़ । उत्तर प्रदेश शासन की मंशा के अनुरूप आबकारी आयुक्त उत्तर प्रदेश के आदेशानुसार अवैध मदिरा की बिक्री व परिवहन की रोकथाम के लिए चलाए जा रहे अभियान के अंतर्गत जिलाधिकारी व उप आबकारी आयुक्त, देवीपाटन प्रभार ,गोण्डा के निर्देशन में पुलिस अधीक्षक एवं जिला आबकारी अधिकारी के पर्यवेक्षण में रविवार को जनपद के आबकारी निरीक्षक आदित्य कुमार क्षेत्र 6 मिहींपुरवा द्वारा मय स्टाफ प्रधान आबकारी सिपाही अमित कुमार ,पवन कुमार, मोहम्मद इमरान व थाना मोतीपुर पुलिस की टीम में शामिल कांस्टेबल उदय सेन चौधरी, अमरेंद्र गुप्ता द्वारा तहसील मिहींपुरवा अन्तर्गत उदबा गांव के निकट जंगल के किनारे स्थित नाले के समीप अवैध शराब बनाने के अड्डों को चिह्नित करके शराब बनाने के अड्डों पर दबिश की कार्यवाही की। जहां पर शराब बनाने के उपकरण लोहे के ड्रम, 500 लीटर की लहन भरी टंकी, कीप, 400 ग्राम नौसादर, 2 पैकेट यीस्ट बरामद किया गया। बरामद लहन लगभग 1300 किलोग्राम में से एक बोतल में लहन का नमूना आहरित कर शेष लहन को मौके पर नष्ट किया गया। मौके पर बरामद अवैध अपमिश्रित कच्ची शराब 10 लीटर को कब्जे में लिया गया व आबकारी अधिनियम 60 व भारतीय न्याय संहिता की धारा 274 एवम् 275 में एक अभियोग मौके से फरार 05 अभियुक्तों के विरुद्ध थाना मोतीपुर में पंजीकृत कराया गया।

# 365 दिन होमगार्ड की ड्यूटी होने के बाद की जाए भर्ती

- जनपद के होमगार्ड ने मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर किया मांग

बहराइच, समृद्धि न्यूज़।

उत्तर प्रदेश अवैतनिक अधिकारी एवं अवैतनिक होमगार्डस के जवानों ने मुख्यमंत्री को पत्र भेजकर 365 दिन ड्यूटी करने के बाद नई भर्ती प्रक्रिया को शुरू करने की मांग की। जिले के होमगार्ड जवानों ने कहा उत्तर प्रदेश अवैतनिक अधिकारी एवं अवैतनिक होमगार्डस के जवान उत्तर प्रदेश में 45000 होमगाड्र्स जवानो की भर्ती की घोषणा मुख्यमंत्री द्वारा समाचार पत्रो के माध्यम से किया गया है। इस सम्बन्ध में उत्तर प्रदेश के अवैतनिक होमगाड्र्स के जवान साक्ष्यो व सबूतो के माध्यम से आपसे अनुरोध करते हैं कि जो भी मेरे द्वारा साक्ष्य व सबूत लगाया जा रहा है उसका अनुपालन करने के बाद ही होमगाड्र्स जवानो की भर्ती प्रक्रिया शुरू किया जाय, क्योंकि मेरे द्वारा जो साक्ष्य लगाया जा रहा है उनका अनुपालन न होने की दशा में उत्तर प्रदेश के समस्त होमगाड्र्स जवानो के साथ वैतनिक अधिकारियों द्वारा अत्याचार, शोषण, उत्पीड़न, ड्यूटी रोस्टल रोटेशन के नाम पर रिश्वत खोरी भारी मात्रा में की जायेगी। भारत शासन का आदेश अवैतनिक होमगार्डस जवानो के विनियमितीकरण का हुआ था उस आदेश का अनुपालन किया जाय। प्रमुख सचिव होमगार्डस उप्र शासन लखनऊ के पत्रांक सं0 9562/कार्मिक/प्रस्ताव-109/2020 दिनांक 21.11.2024 ईपीएफ के शासनादेश जारी किया गया था जिसमें होमगाड्र्स स्वयं सेवको को सामाजिक सुरक्षा प्रदान किये जाने के दृष्टिगत कर्मचारी भविष्य निधि संगठन द्वारा संचालित भविष्य निधि योजना का लाभ प्रदान किये जाने के सम्बन्ध में शासनादेश जारी किया गया था। यदि उपरोक्त आदेशो का अनुपालन नही किया गया तो होमगाड्र्स जवानो के साथ अत्याचार, शोषण, उत्पीड़न रोस्टर रोटेशन द्वारा ड्यूटी लगाये जाने में वैतनिक अधिकारियों द्वारा पूर्व से किये जा रहे भ्रष्टाचार और बढ़ जायेंगे, जिसको रोके जाने के लिए उपरोक्त आदेशो का पालन किया जाना आवश्यक है।

## खबरें एक नजर में

### चोरी का वांछित अभियुक्त गिरफ्तार



**गुरबक्शगंज, रायबरेली।** अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध कृत कार्यवाही के अंतर्गत थाना गुरबक्शगंज पुलिस टीम द्वारा मुखबिर खास की सूचना पर स्थानीय थाने पर पंजीकृत मुकदमा अपराध संख्या 281/ 2025 धारा 303(2), 317(2) बीएनएस के वांछित/ प्रकाश में आए अभियुक्त अमित कुमार पुत्र राम सजीवन निवासी ग्राम कोडर मजरे सताव थाना गुरबक्शगंज जनपद रायबरेली को एक अदद चोरी की मोटरसाइकिल गाड़ी संख्या यूपी 33 बीजे 8793 के साथ थाना क्षेत्र से नियमानुसार गिरफ्तार किया गया है। जिसके विरुद्ध स्थानीय थाने पर अग्रिम विधिक कार्यवाही करते हुए न्यायिक अभिरक्षा में भेजा गया है। अभियुक्त को गिरफ्तार करने में उप निरीक्षक जुनैल अहमद आरक्षी अनिल नागर, आरक्षी सौरभ, आरक्षी दुष्यंत कुमार की महती भूमिका रही।

### नवरात्र से लागू होंगी जीएसटी की नई दरें, आम जनता और व्यापारियों को मिलेगा लाभः राकेश सचान

**रायबरेली।** प्रदेश सरकार के मंत्री एवं जनपद के प्रभारी मंत्री राकेश सचान ने रायबरेली दौरे के दौरान प्रेस वार्ता कर जीएसटी की नई दरों की जानकारी दी। उन्होंने कहा कि नवरात्र के पावन पर्व से नई जीएसटी दरें लागू होंगी। जिसका सीधा फायदा व्यापारियों के साथ-साथ आम जनता को भी मिलेगा। मंत्री सचान ने बताया कि स्वास्थ्य सेवाओं और दवाओं पर जीएसटी की दरें बेहद कम कर दी गई हैं। वहीं रोज़मर्रा की ज़रूरतों और खाने-पीने की चीज़ों पर केवल 5% जीएसटी लागू होगी, जिससे गरीब और मध्यम वर्गीय परिवारों को राहत मिलेगी। उन्होंने कहा कि सरकार का उद्देश्य है कि जीएसटी व्यवस्था सरल हो और जनता पर आर्थिक बोझ कम हो। इस फैसले से बाज़ार में भी रौनक बढ़ेगी और व्यापारियों को कारोबार में आसानी होगी।नवरात्र पर लागू हो रहे इन बदलावों से आम उपभोक्ता को राहत और व्यापार जगत को मजबूती मिलने की उम्मीद जताई जा रही है। इस मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष बुद्धि लब्धि जिला पंचायत अध्यक्ष रंजन चौधरी मौजूद रही।

### त्योहारों के दृष्टिगत आबकारी दुकानों का हुआ निरीक्षण

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** सोमवार को आगामी आने वाले त्यौहारों के दृष्टिगत तहसील क्षेत्र मुसाफिरखाना के अंतर्गत तहसील क्षेत्र में संचालित देशी एवं कंपोजिट शराब की दुकानों का संयुक्त रूप से निरीक्षण उप जिलाधिकारी मुसाफ़िर खाना अभिनव कन्नौजिया व आबकारी निरीक्षक क्षेत्र-मुसाफिरखाना चंद्रभान वर्मा द्वारा किया गया। निरीक्षण के दौरान एसडीएम व आबकारी निरीक्षक ने शराब की दुकानों पर POS मशीन से बिक्री होना देखा गया तथा दुकान का स्टॉक रजिस्टर देखते हुए मिलान किया गया। जांच के दौरान दुकानों पर सीसीटीवी कमरे का संचालन, निर्धारित एमआरपी पर बिक्री करने तथा सार्वजनिक स्थलों पर मदिरापान न कराने आदि विभिन्न प्रकार के बिन्दुओं पर विक्रेताओं को अधिकारियों द्वारा सख्त निर्देश दिए गए।

### पूर्व केंद्रीय मंत्री ने सभी मन्दिरों में भेजी पूजन सामग्री

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** शारदीय नवरात्र के अवसर पर पूर्व केंद्रीय मंत्री एवं सांसद स्मृति ईरानी ने प्रत्येक वर्ष की तरह इस वर्ष भी जनपद के सभी प्राचीन शक्तिपीठ मां दुर्गा मंदिरों पर हवन-पूजन सामग्री भिजवाई है। भारतीय जनता पार्टी के जिलाध्यक्ष सुधांशु शुक्ला ने मंदिर पहुंचकर नवरात्र के दिन मां के चरणों में पूजन-अर्चन किया तथा माता रानी का श्रृंगार कराया और पुजारी को फलाहार-प्रसाद भेंट किया। यह परंपरा स्मृति ईरानी द्वारा वर्षों से निभाई जा रही है, जिससे भक्तों और मंदिरों में श्रद्धा का वातावरण और भी सशक्त होता है।

### जनसामान्य द्वारा किया गया प्रदर्शनी का अवलोकन

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** सेवा पर्व के अवसर पर जिला पंचायत रिसोर्स सेंटर गौरीगंज में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के व्यक्तित्व व कृतित्व, न्यू इन्डिया @ 2047 तथा केन्द्र एवं प्रदेश सरकार द्वारा जनहित में क्रियान्वित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं, परियोजनाओं व उपलब्धियों विषयक प्रदर्शनी 17 सितम्बर से 2 अक्टूबर तक के लिए सूचना एवं जन सम्पर्क विभाग लखनऊ द्वारा स्थापित करायी गयी है। जिसके छठे दिन जनसामान्य द्वारा प्रदर्शनी का अवलोकन किया गया। प्रदर्शनी में केंद्र व प्रदेश सरकार की विभिन्न विकास एवं जन कल्याणकारी योजनाओं को बड़े ही आकर्षक ढंग से प्रदर्शित किया गया है। ज्ञातव्य है कि यह प्रदर्शनी 2 अक्टूबर तक प्रतिदिन आमजन के लिए खुली रहेगी, जहां नागरिक अपनी सुविधा अनुसार विभिन्न योजनाओं की जानकारी हासिल कर सकेंगे।

### जीजीआइसी मुसाफिरखाना में गेट निर्माण को लेकर विरोध

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** तहसील क्षेत्र मुसाफिरखाना के अंतर्गत कस्बा मुसाफ़िर खाना स्थित राजकीय बालिका इंटर कॉलेज मुसाफिरखाना में सुरक्षा की दृष्टि से प्रस्तावित गेट निर्माण को लेकर विवाद की स्थिति उत्पन्न हो गई है। विद्यालय की सीमा में शासन द्वारा स्वीकृत बजट से बाउंड्री वाल का निर्माण पूर्ण हो चुका है। अब विद्यालय प्रबंधन द्वारा भविष्य में गेट लगाने की योजना के तहत पिलर निर्माण कराया जा रहा है। हालांकि, स्थानीय स्तर पर कुछ लोगों द्वारा इस कार्य का विरोध किया जा रहा है। विरोध करने वालों का कहना है कि यह निर्माण कार्य अनावश्यक है, जबकि विद्यालय प्रशासन का कहना है कि यह कार्य पूरी तरह विद्यालय की सीमा के अंदर हो रहा है और छात्राओं की सुरक्षा को ध्यान में रखकर किया जा रहा है। चौंकाने वाली बात यह है कि विरोध करने वाले कुछ व्यक्तियों के घर तक सीसी रोड का निर्माण हो चुका है, फिर भी वे विद्यालय की विकासात्मक गतिविधियों में बाधा उत्पन्न कर रहे हैं। इससे विद्यालय प्रशासन और स्थानीय जनप्रतिनिधियों के बीच भी असमंजस की स्थिति बनी हुई है। विद्यालय प्रबंधन का कहना है कि वे छात्राओं की सुरक्षा के प्रति प्रतिबद्ध हैं और किसी भी स्थिति में विद्यालय परिसर को असुरक्षित नहीं रहने दिया जाएगा। स्थानीय प्रशासन से मांग की जा रही है कि स्थिति का शीघ्र संज्ञान लेते हुए उचित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए, जिससे विद्यालय का कार्य बाधित न हो और छात्राओं की सुरक्षा सुनिश्चित हो सके।

### राष्ट्रीय सवर्ण आर्मी भारत द्वारा कार्यकर्ता सम्मान समारोह आयोजित



**सीतापुर।** राष्ट्रीय सवर्ण आर्मी भारत द्वारा एक भव्य कार्यकर्ता सम्मान समारोह का आयोजन जिला मुख्यालय पर किया गया। इस अवसर पर संगठन के द्वारा समाज को जागरूकता का संदेश देते हुए एक भव्य रैली भी निकाली गई कार्यक्रम में मुख्य रूप से राष्ट्रीय उपाध्यक्ष व कार्यवाहक प्रदेश अध्यक्ष अनिल मिश्रा उपस्थित रहे कार्यकर्ताओं ने उनका भव्य स्वागत किया इस अवसर पर राहुल तिवारी को संगठन में अहम जिम्मेदारी भी दी गई नगर स्थित महापुरुषों की प्रतिमा पर माल्यार्पण कर नेहरू हाल में एक सभा का आयोजन भी किया गया जहां वक्ताओ ने अपने विचार रखें। इस अवसर पर अनुज त्रिवेदी, अभिषेक अग्निहोत्री, लल्लन अवस्थी, सूरज गुप्ता, कृष्णधार तिवारी, देवेश मिश्रा, ज्ञानू दीक्षित, हर्षित त्रिपाठी, विवेक दीक्षित, अतुल दीक्षित सहित गणमान्य उपस्थित रहे उक्त जानकारी संगठन के अनुज त्रिवेदी द्वारा दी गई।

### लहरपुर सिंघनापुर में की गई ज्योति स्थापना

**लहरपुर (सीतापुर)।** ललिता मईया नैमिषारण्य धाम से लाई गई पावन ज्योति की स्थापना मंगलवार को मां सिद्धेश्वरी तारा शक्ति पीठ सिंघनापुर में की गई। स्थापना माता के सेवक विजय शंकर बाजपेयी ने की। उन्होंने बताया कि सनातनी समाज वर्षों से इस परंपरा का निर्वहन करता आ रहा है। शारदीय नवरात्र में मां दुर्गा के नव स्वरूपों की पूजा से घरों में सुख-शांति और समृद्धि आती है। साथ ही मंदिर के इतिहास की जानकारी देते हुए उन्होंने युवाओं से समाज की धरोहर को सहेजने का आह्वान किया। आयोजन के तहत 23 से 29 सितंबर तक श्रीमद्भागवत कथा होगी। 30 सितंबर को हवन एवं मंशा माता की खिचड़ी का भंडारा तथा 1 अक्टूबर को भंडारा व ज्योति विसर्जन घाघरा नदी लालपुर में सम्पन्न होगा।

# मेला देखने आया किशोर नदी में डूबा

- नहाने के दौरान हुआ हादसा, डॉक्टर ने परीक्षण के दौरान किया मृत घोषित
- पिता ने साथी दोस्तों पर लगाया हत्या का आरोप, परिजनों में मचा कोहराम



**बछरावां रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

थाना क्षेत्र के अंतर्गत सुदौली गांव में स्थित प्रसिद्ध शिव मंदिर भवरेश्वर धाम मे लखनऊ से अपने दो दोस्तो के साथ मेला देखने आया किशोर सई नदी में नहाते वक्त गहरे पानी में जाने से डूब गया। जिसे परीक्षण के दौरान डॉक्टर ने मृत घोषित कर दिया है। सूचना पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। वही परिजनों का रो- रोकर बुरा हाल है। जानकारी के अनुसार आपको बताते चले की मृतक किशोर सूरज पुत्र संदीप उम्र 17 वर्ष निवासी मिर्धाहा खेड़ा पोस्ट महमूदपुर थाना बीबीडी जनपद लखनऊ स्थानीय गांव निवासी अपने दोस्त मुरारी और शुभम निवासी लाइमऊ के साथ स्थानीय थाना क्षेत्र के अंतर्गत भवरेश्वर मंदिर में मेला देखने आया था। मेला देखने के उपरांत वह अपने दोस्तों के साथ मंदिर के ही पास में स्थित सई नदी में नहाने के लिए चला गया, दोस्तों के मना करने के बावजूद मृतक किशोर गहरे पानी में नहाने के लिए चला गया। जिससे नदी में डूबने से उसकी मौत हो गई। दोस्तों के द्वारा तत्काल घटना की सूचना पारिवारिक जनों को दी गई। आसपास मौजूद लोगों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने गोताखोरों के माध्यम से दो घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद उसे घटनास्थल से कुछ दूरी पर बरामद किया। तत्पश्चात उसे सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र बछरावां पहुंचाया गया, जहां मौजूद चिकित्सक भावेश यादव के द्वारा प्राथमिक परीक्षण के दौरान उसे मृत घोषित कर दिया है। जिसके पश्चात पुलिस के द्वारा शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। मृतक किशोर के पिता संदीप ने मृतक किशोर के दोस्तों शुभम और मुरारी पर आरोप लगाते हुए बताया कि इन दोनों ने मेरे बेटे की हत्या की है, अगर वह नदी मे नहाने जाता तो वह पूरे कपड़े नहीं पहने होता, जबकि वह पूरे कपड़े( पैन्ट और टी-शर्ट) पहने हुए हैं। साथ ही साथ उन्होंने यह भी बताया कि घटना के 1 घंटे के बाद मेरे बेटे के दोस्तों ने मुझे फोन किया और बताया कि वह यहां पर नहाते समय डूब गया है जब मैं यहां पहुंचा तो मेरे बेटे के शरीर पर पैंट और टी-शर्ट दोनों मौजूद थे। इस बाबत थाना प्रभारी राजीव सिंह ने बताया कि घटना की जानकारी प्राप्त हुई है। शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया गया है। तहरीर मिलने पर आगे की विधिक कार्यवाही की जायेगी। किशोर की मौत के पश्चात पारिवारिक जनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

## सवर्ण आर्मी की बैठक में नियुक्ति पत्र वितरित




**रायबरेली।** सवर्ण आर्मी की मासिक बैठक के दौरान सम्मान समारोह व नियुक्ति पत्र वितरण का आयोजन किया गया। साथ ही संगठन के विस्तार व एकता समेत विभिन्न बिंदुओं पर विशेष चर्चा की गई। शहर के त्रिपुला चौराहा के पास स्थित मढिया माता मंदिर परिसर में प्रदेश अध्यक्ष बृजेंद्र सिंह फौजी के नेतृत्व में व नवनियुक्त जिला अध्यक्ष अखंड प्रताप सिंह मौजूदगी में महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई। जिसमें संगठन के एकता पर विचार एवं उद्देश्य के साथ विस्तार और मजबूती करने के लिए विशेष वार्तालाप किया गया। इस दौरान नियुक्त पदाधिकारियों का सम्मान के साथ नियुक्ति पत्र वितरण किया गया।प्रदेश अध्यक्ष ने संगठन के प्रमुख उद्देश्यों को बताया और सवर्ण हितों को प्राथमिकता देते हुए संगठन को और मजबूत करने के लिए गुरु मंत्र दिया। इस मौके पर महिला प्रकोष्ठ जिला अध्यक्षा कल्पना शुक्ला, हिमांशु धर शुक्ला, अरविंद सिंह, चंद्र प्रकाश श्रीवास्तव, कुल प्रकाश पांडेय, अजय दिक्षित, रुद्र प्रताप सिंह, प्रमेन्द्र सिंह, अजय सिंह समेत तमाम पदाधिकारी व कार्यकर्ता मौजूद रहे।

## सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शिवगढ़ में स्वास्थ्य मेले का हुआ आयोजन



**शिवगढ़, रायबरेली।** सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शिवगढ़ में वृहद स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया जिसमें विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम द्वारा लोगों को चिकित्सकीय परामर्श के साथ ही दवाओं का भी वितरण किया गया गौरतलब हो कि सोमवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शिवगढ़ परिसर में बृहद स्वास्थ्य मेले का आयोजन किया गया जिसका शुभारंभ ब्लॉक प्रमुख शिवगढ़ कुंवर हनुमंत प्रताप सिंह ने किया गया इस दौरान जिले से आए विशेषज्ञ चिकित्सकों की टीम द्वारा स्वास्थ्य मेले में पहुंचे मरीज को चिकित्सकीय परामर्श के साथ ही निशुल्क दवा का भी वितरण किया गया वही कार्यक्रम मैं मौजूद सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र शिवगढ़ के अधीक्षक डॉ प्रेम शरण ने बताया कि स्वास्थ्य मेले में लगभग 500 मरीज का चिकित्सकीय परीक्षण करने के उपरांत उन्हें निशुल्क रूप से दवा का वितरण किया गया इस मौके पर स्वास्थ्य शिक्षा अधिकारी जयराम यादव, दंत रोग विशेषज्ञ सुशीलचौधरी, डा तपस त्रिपाठी समेत अन्य चिकित्सक व स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी मौजूद रहे।

## पर्दा प्रथा में घर से निकली महिला ने रच दिया इतिहास

- महिला सशक्तीकरण का जीता जागता उदाहरण हैं राजीव शिक्षा सदन की मैनेजर श्याम लली ससुराल और मायके के विरोध को किया पार



**महराजगंज रायबरेली, समृद्धि न्यूज़।**

सोमवार से नवरात्र शुरू हुई है और शक्ति की पूजा की जाती है। भारत देश में महिलाओं को देवी का दर्जा दिया गया है कुछ महिलाओं ने ऐसे कार्य किए हैं जो की उदाहरण बन गए और उन्होंने समाज में बहुत तरह के बदलाव लाएं। महराजगंज नगर में राजीव शिक्षा सदन नाम का विद्यालय एक महिला द्वारा संवारा और सजाया गया है। महिला ने वह करके दिखाया जो पुरुष नहीं कर पाते एक अकेली महिला ने 1997 में महराजगंज नगर में एक विद्यालय शुरू किया और धीरे-धीरे विद्यालय की ख्याति बढ़ती चली गई अमावा विकासखंड की श्याम लली अवस्थी आज महिला सशक्तिकरण की जीता जागता उदाहरण है। कड़े परिश्रम से उन्होंने एक से पांच तक विद्यालय संचालित किया फिर धीरे-धीरे 2019 में उन्हें जूनियर हाई स्कूल की भी मान्यता मिल गई और विद्यालय गति के साथ चलने लगा। उन्होंने बताया कि कड़ी मेहनत और परिश्रम से कुछ भी हासिल किया जा सकता है अगर आपके अंदर कड़ी मेहनत और परिश्रम का जज्बा है तो आप कुछ भी हासिल कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि मैं अकेली थी इसके बाद भी मैंने हौसला नहीं हरा और धीरे-धीरे विद्यालय पर की गई मेहनत का नतीजा है कि आज जूनियर हाई स्कूल तक विद्यालय चल रहा है । उन्होंने बताया कि मैं ब्राह्मण परिवार में जन्मी थी और ब्राह्मण परिवार में लड़कियों को बाहर नहीं निकलने दिया जाता था उसके बावजूद भी मैं घर से बाहर निकली मायके से लेकर ससुराल तक मेरा विरोध हुआ उसके बावजूद विद्यालय को आगे लेकर गई आज के समय में हमारा विद्यालय जूनियर हाई स्कूल तक चलता है और क्षेत्र का प्रतिष्ठित विद्यालय बन चुका है।

### महाभारत कालीन है अहोरवा भवानी का स्थान



**महराजगंज, रायबरेली।** महराजगंज से 20 कि.मी. पर स्थित मां अहोरवा भवानी मंदिर क्षेत्र में आस्था का मुख्य केंद्र है पहले यह मंदिर रायबरेली जिले में पडता था। लेकिन इस समय अमेठी जिले के सिंहपुर ब्लाक में यह मंदिर पड़ता है मंदिर के बारे में बताया जाता है कि यह मंदिर महाभारत कालीन है तथा महाभारत के पात्र अर्जुन द्वारा माता की स्थापना की गई थी। मंदिर के पुजारियों ने बताया कि जगत जननी मां अहोरवा भवानी का इतिहास महाभारत से जुड़ा हुआ है एक बार अर्जुन द्वारा एक शेर का पीछा करते हुए उस पर जैसे ही धनुष से बाण चलाने की कोशिश की मां प्रकट हो गई और उन्होंने कहा कि यह मेरा वाहन है आप इसे नहीं मार सकते तब अर्जुन को ज्ञात हुआ और उन्होंने मां की मूर्ति की स्थापना की तब से लेकर अब तक तमाम युग बदले और फिर जब युग परिवर्तन हुआ तो माता रानी यहीं पर फिर मिली और उनको यहीं पर स्थापित कर दिया गया माता रानी के बारे में एक कहावत और भी है कि यह दिन भर में तीन स्वरूप बदलती हैं सुबह जहां पुत्री के रूप में रहती है तो वहीं दोपहर को युवती के रूप में हो जाती है और शाम होते-होते हो बुजुर्ग महिला के रूप में नजर आती है। बताने वाले बताते हैं कि माता रानी से जो भी सच्ची मुराद मांगता है मां उसे कभी निराश नहीं करती और उसकी हर तरह की मन्नत को पूरा करती है क्षेत्र में लाखों की संख्या में लोग मां के दरबार में पहुंचकर उनका आशीर्वाद प्राप्त कर अपना जीवन धन्य बनाते हैं। शारदीय नवरात्र 22 सितंबर से मंदिर पर सुबह से ही अपार भीड़ देखने को मिली लाखों की संख्या में पहुंचे श्रद्धालुओं द्वारा मां की पूजा अर्चना की गई। पूरे नवरात्र भर यहां पर लाखों की संख्या में भक्त पहुंचेंगे और माता से आशीर्वाद मांगेंगे रायबरेली, अमेठी, अयोध्या, सुलतानपुर, लखनऊ तक यह मंदिर मशहूर है और वहां के श्रद्धालु आकर मां से आशीर्वाद मांगते हैं।

## सांसद ने किया 54 लाख से अधिक की विद्युत परियोजना का लोकार्पण



**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।**

लोकप्रिय सांसद किशोरी लाल शर्मा ने सोमवार को दोपहर 12:30 बजे सांसद स्थानीय क्षेत्र विकास योजना के अंतर्गत स्वीकृत विद्युत वितरण कार्यों का लोकार्पण किया। सांसद जी ने केंद्रीय कांग्रेस कार्यालय में आयोजित कार्यक्रम में 250 केवीए क्षमता के चार ट्राली ट्रांसफार्मर अमेठी, गौरीगंज, जगदीशपुर तथा तिलोई हेतु विभाग को सौंपा। सांसद जी का यह प्रयास जनपद के ग्रामीण और शहरी दोनों क्षेत्रों में विद्युत आपूर्ति को और सुचारु एवं सुदृढ़ बनाने की दिशा में अति महत्वपूर्ण कदम है। इस ट्राली ट्रांसफार्मर की सुविधा से आपातकालीन स्थिति में तत्काल विद्युत व्यवस्था बहाल की जा सकेगी। अमेठी के सर्वांगीण विकास की दिशा में यह कार्य एक और मील का पत्थर साबित होगा। सांसद जी ने कहा अमेठी गौरीगंज जगदीशपुर तिलोई में ढाई सौ केवीए के ट्रांसफार्मर जिसमें एक ट्रांसफार्मर की लागत 10 लाख 84 हजार 879 रुपए है यह जनता की मांग पर विभाग को सौंपा गया है। इसके अलावा क्षेत्र में तिलोई के ग्राम पंचायत लुधवरिया के पूरे काशीराम में अमरीश के घर तक विद्युतीकरण, भेटुआ के ग्राम पंचायत भरेथा पूरे गणेश लाल में, घटकौर के पूरे खान जहांन में,अमेठी के जंगल रामनगर पूरे गोसाई में, शुकुल बाजार के भातानो तिराहे के पास ट्रांसफार्मर स्थापना, जगदीशपुर ग्राम पंचायत बाग मीरा सत्य रोड तक विद्युतीकरण कराए गए, इस प्रकार कुल 54,17,771 रुपए लागत की विद्युत परियोजना का लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम के समय जिला अध्यक्ष प्रदीप सिंघल एवं बिजली विभाग के अधिकारी मौजूद रहे।

## बाजार के उद्घाटन पर आल्हा गायन कार्यक्रम का अयोजन

- सप्ताह में दो दिन सोमवार और शुक्रवार को लगेगी बाजार

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।**

जनपद के विकास खण्ड क्षेत्र जामों के अंतर्गत शंकर बूढ़े बाबा मंदिर प्रांगण जामों में प्राचीन बूढ़े बाबा मंदिर चेरिटेबल ट्रस्ट जामों कोट के तत्वावधान में वीर रस से ओतप्रोत आल्हा गायन का आयोजन किया गया। यह आयोजन प्राचीन बूढ़े बाबा मंदिर प्रांगण में आल्हा गायिका नेहा सिंह रायबरेली ने अपने वीर रस के आल्हा से सभी श्रोतागणों को मंत्र मुग्ध कर दिया। इसी मंदिर प्रांगण में आज से बाजार लगना सुनिश्चित किया गया। यह बाजार सप्ताह के प्रत्येक सोमवार व शुक्रवार को लगेगी। सप्ताह में दो दिन लगने वाली इस बाजार का प्रारंभ मुख्य ट्रस्टी अक्षय प्रताप सिंह ÷गोपाल भैया÷ व प्रख्यात समाजसेविका कुंवरानी मधुरिमा सिंह के प्रेरणा से संपन्न हुआ। इस कार्यक्रम में क्षेत्र के संभ्रांत नागरिकों में पूर्व प्रमुख अनिल सिंह, गुड्डू मिश्रा ग्राम प्रधान जामों, शिव भवन सिंह, सतीश मिश्रा, चौधरी नफीस अहमद, बंशी शुक्ला, सुधाकर श्रीवास्तव, रोहित बारी, लल्लन मिश्रा, पप्पू पाण्डेय, राजकरन यादव, प्रेम शंकर पांडेय, रामेंद्र सिंह, हरिश्चंद्र त्रिपाठी, अजय दुबे, सियाराम पासी, नीलकमल सिंह, धीरेन्द्र सिंह, अनंतराम पांडेय, पवन पांडेय, राजेंद्र शुक्ला आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

## अधिवक्ताओं का क्रमिक अनशन शुरू



**बिसवां, सीतापुर।** लॉयर्स एसोसिएशन के उपाध्यक्ष नईम अंसारी के नेतृत्व में अधिवक्ताओं ने तहसील परिसर मे क्रमिक अनशन शुरू कर दिया है। अधिवक्ताओं का कहना है कि जन्म एवं मृत्यु प्रमाण पात्र बनाये जाने मे बड़े पैमाने पर भारी भ्रष्टाचार और अनियमितताएं हो रही है आरोप है कि तहसील व नगर पालिका से लेकर उपजिलाधिकारी कार्यालय व सी एच सी केंद्र तक आवेदकों को प्रमाण पत्र पाने के लिए बार-बार चक्कर लगाने पड़ते हैं और बिना सुविधा शुल्क दिए प्रमाण पत्र नहीं मिल पाता। रिपोर्ट लगाने के बाद भी उपजिलाधिकारी बिसवां के स्तर से आदेश निर्गत नहीं होता, जिससे आम जनता परेशान है। बिलाए उपाध्यक्ष नईम अंसारी ने बताया कि उक्त के सम्बन्ध मे पहले ही उपजिलाधिकारी को पत्र सौप कर अवगत कराया गया था।किसी भी स्तर पर कार्यवाही न होने से भ्रष्टाचार व दलाली की प्रक्रिया पर रोक नहीं लगाई गई, तो आंदोलन को और व्यापक किया किया जायेगा। अनशन में अधिवक्ता सत्य प्रकाश सिंह, नीरज श्रीवास्तव, इंद्रपाल वर्मा, अश्वनी त्रिपाठी, आर पी सिंह क्षितिज मिश्रा, उमर अंसारी आदि शमिल रहे।

## नवरात्र में जिले के प्रमुख मंदिरों पर की गई म.सु. केंद्रों की स्थापना

**अमेठी, समृद्धि न्यूज़।** शासन की मंशानुरूप महिलाओं की सुरक्षा, सम्मान एवं स्वावलंबन हेतु चलाये जा रहे अभियान मिशन शक्ति 5.0 के तहत पुलिस अधीक्षक अपर्णा रजत कौशिक के निर्देशन व अपर पुलिस अधीक्षक शैलेन्द्र कुमार सिंह के पर्यवेक्षण में सोमवार को शारदीय नवरात्र के आरम्भ पर जनपद के प्रमुख मंदिरों दुर्गन भवानी धाम गौरीगंज, कालिकन धाम संग्रामपुर, अहोरवा भवानी धाम शिवरतनगंज, हिंगलाज धाम मुसाफिरखाना पर मिशन शक्ति केन्द्रों की स्थापना की गयी है। क्षेत्राधिकारी गौरीगंज अखिलेश वर्मा द्वारा फीता काट कर महिला सुरक्षा केन्द्र दुर्गन भवानी का, क्षेत्राधिकारी मुसाफिरखाना अतुल कुमार सिंह की उपस्थिति में महिला आरक्षी स्वाती चौहान द्वारा फीता काट कर महिला सुरक्षा केन्द्र हिंगलाज धाम का, क्षेत्राधिकारी अमेठी मनोज कुमार मिश्र व क्षेत्राधिकारी तिलोई दिनेश कुमार मिश्रा द्वारा कालिकन धाम व अहोरवा भवानी धाम में आयी हुई महिला श्रद्धालु से फीता कटवा कर महिला सुरक्षा केन्द्र अहोरवा भवानी का शुभारम्भ किया गया। महिला सुरक्षा केन्द्रों पर महिलाओं को उपयोगी हेल्पलाइन नम्बरों की जानकारी, शासन द्वारा संचालित विभिन्न कल्याणकारी योजनाओं व कानूनी प्रावधानों की जानकारी देकर व पम्पलेट वितरित कर जागरूक किया जा रहा है। वर्तमान में बढ़ रहे साइबर अपराधों से बचाव के तरीकों और सोशल मीडिया के सुरक्षित उपयोग के संबंध में भी महत्वपूर्ण सावधानियां बताई जा रही हैं। यह प्रयास महिलाओं को भौतिक जगत के साथ-साथ डिजिटल दुनिया में भी सुरक्षित रहने के लिए व सशक्त बनाने के लिए किया गया है।

**कार्यालय अधिशासी अभियंता जोन-3, जलकल विभाग, नगर निगम, लखनऊ**

पत्रांक-1022/ई.ई.-3/जीएल-7/2025-26 दिनांक- 22.09.2025

**अति अल्पकालीन निविदा सूचना**

जलकल विभाग में पंजीकृत ठेकेदारों से निम्नलिखित कार्य हेतु अल्पकालिक निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा प्रपत्र किसी भी कार्य दिवस में दिनांक 29.09.2025 तक अपरान्ह 03:00 बजे तक अधिशासी अभियन्ता, जोन-3 के कार्यालय के कैश काउन्टर से प्राप्त किये जा सकते है। सील्ड निविदायें दिनांक 29.09.2025 तक अधिशासी अभियन्ता, जोन-3 के कार्यालय में अपरान्ह 3:30 बजे तक सील्ड टेण्डर बाक्स में प्राप्त की जायेगी। प्राप्त सभी निविदायें दिनांक 29.09.2025 को उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष 4:00 बजे जोन-3 के कार्यालय में खोली जायेगी।

| क्र. सं. | कार्य/आपूर्ति का विवरण | धरोहर धनराशि | निविदा मूल्य |
|---|---|---|---|
| 1. | जलकल विभाग जोन-3 के अन्तर्गत अलीगंज स्थित जोनल आफिस कम्पाउण्ड में बने कर्मचारी आवास के ब्लॉक नं.-1 की मरम्मत (सी.सी. फ्लोरिंग, टीन शेड, प्रथम तल पर कमरे का निर्माण आदि)कार्य | रू. 8500/- | 450/- |
| 2. | जलकल विभाग जोन-3 के अन्तर्गत अलीगंज स्थित अधिशासी अभियन्ता जोन-3 के डिस्पैच सेक्शन के निकट एल्युमिनियम एलॉयड टीन शेड का निर्माण कार्य | रू. 8500/- | 450/- |
| 3. | जलकल विभाग जोन-3 के अन्तर्गत अलीगंज ओवर हेड टैंक कम्पाउन्ड में एकाउन्ट सेक्शन के निकट ड्रेनेज सहित इंटरलाकिंग बिछाने का कार्य | रू. 8500/- | 450/- |
| 4. | जलकल विभाग जोन-3 के अन्तर्गत अलीगंज ओवर हेड टैंक कम्पाउन्ड में अधिशासी अभियन्ता आवास के निकट ड्रेनेज सहित इंटरलाकिंग बिछाने का कार्य | रू. 8500/- | 450/- |

**अधिशासी अभियन्ता, जोन-3**
**जलकल विभाग, नगर निगम**
**लखनऊ**

## जैन मंदिर के मुख्य सड़क से हटाया जाए अतिक्रमणः राष्ट्रीय सेवा परिषद



**सीतापुर, समृद्धि न्यूज़।**

राष्ट्रीय सेवा परिषद द्वारा राष्ट्रीय अध्यक्ष आकाश राय व जिला अध्यक्ष सचिन त्रिपाठी के सामूहिक नेतृत्व में प्रेम नगर स्थित जैन मंदिर की मुख्य सड़क पर हुए अतिक्रमण व अन्य समस्या के निवारण की मांग को लेकर तीन सूत्रीय जिलाधिकारी को सम्बोधित ज्ञापन एस डी एम न्यायिक अभिनव यादव को सौपा। ज्ञापन में भारी संख्या में जैन समाज की महिलाए उपस्थित रही। ज्ञापन के प्रथम बिंदू में संगठन के राष्ट्रीय अध्यक्ष आकाश राय ने बताया कि मोहल्ला प्रेम नगर में प्राचीन जैन मंदिर है। जिसका मुख्य मार्ग गजानन्द काम्प्लेक्स के सामने से है। मुख्य मार्ग के शुरुआत में ही दुकानदारो ने दुकान लगा ली है, और उनके परिवारों के बच्चे उसी जगह खेलते और सड़क पर गन्दगी भी फैलाते है। मंदिर में आए दिन श्रदालु व जैन मुनि और साध्वी अपने सेवको के साथ आते रहते है अतिक्रमण होने से आवागमन की समस्या के साथ साथ सड़क पर हमेशा दुर्घटना होने की सम्भावना बनी रहती है। ज्ञापन के दुसरे बिन्दु में प्रदेश अध्यक्ष रत्नेश द्विवेदी ने कहा कि जैन मंदिर की मुख्य मार्ग का नाला खुला एवं काफी गहरा है। जिससे दुर्गंध आती रहती है। सड़क सकरी होने से मंदिर में आने और जाने वाले वाहन को एक दूसरे को क्रॉस करने में काफी कठिनाई का सामना करना पड़ता है, कभी कभी स्थानीय लोग मंदिर के निकट अपनी चार पहिया वाहन पार्किंग कर देते है जिस कारण जाम की समस्या भी हो जाती है। तीसरे बिंदु में जैन समाज की सरिता जैन ने कहा कि जैन मंदिर की मुख्य मार्ग से मंदिर तक कोई स्ट्रीट लाइट नहीं लगी हुई है, और रात के समय सड़क पर काफी अँधेरा होता है। मंदिर में श्रदालु वाहनों के अतिरिक्त पैदल भी जाते है। जैन मंदिर की मुख्य मार्ग का नाला खुला एवं काफी गहरा है। कभी भी किसी भी प्रकार की दुर्घटना हो सकती है। ज्ञापन के अंत में जिला अध्यक्ष सचिन त्रिपाठी एवं जैन समाज की महिलाओ ने आग्रह किया कि उपरोक्त समस्याओं का निवारण प्राथमिकता के आधार पर यथाशीघ्र कराने हेतु संबंधित विभाग को आदेश पारित करने की मांग की है ज्ञापन के दौरान परिषद के राष्ट्रीय अध्यक्ष आकाश राय, राष्ट्रीय महासचिव शिव बालक त्रिवेदी, प्रदेश अध्यक्ष रत्नेश द्विवेदी, जिला अध्यक्ष सचिन त्रिपाठी, जिला महासचिव विजय कुमार शुक्ला, जिला उपाध्यक्ष डॉ शांति स्वरुप रस्तोगी, जिला उप सचिव डॉ विकास जैन, जिला मंत्री कमलेश मेहरोत्रा, अध्यक्ष विधि परामर्श केंद्र रेखा द्विवेदी, अध्यक्ष युमो महिला प्रियंका सिंह, अध्यक्ष विधि प्रकोष्ठ दीपक श्रीवास्तव, आरती शर्मा, अंकित श्रीवास्तव, डॉ वीरेन्द्र आर्या, सरिता जैन, मंजूरानी जैन, दीपा जैन, नूतन जैन, अनीता जैन, मृदुला जैन, रश्मि जैन, राशी जैन, धरम चंद्र जैन, सुभाष जैन आदि रहे।

## श्रीराम में मनुष्यता की सभ्यता

शारदीय नवरात्रि प्रारंभ हो चुके हैं। दो अक्टूबर को दशहरा है। दशहरा यानी विजयोत्सव। बुराई के ऊपर अच्छाई की जीत के प्रतीक के रूप में दशहरा मनाने की परंपरा सदियों से जीवंत है। लंकेश पर अयोध्यानंदन की विजय का यह पर्व राम के विविध पक्षों को सामने रखता है। इनमें राम का मानवीय रूप भारतीय जनता के लिए महानायकत्व है। उनका जीवन एक गहन सांस्कृतिक पाठ है । एक ऐसी वर्णमाला, जिसमें कोल, किरात, भील, वनवासी सभी शामिल हैं । उनका उत्सव अतीत का समारोहण नहीं, वर्तमान के ही क्षणों का सर्वश्रेष्ठ उकेरन है । जैसे – विरोधी परिस्थितियों को अनुकूल बनाना, समय– प्रबंधन, मित्र–विस्तार, आकांक्षाओं के अतिरेक से बचाव, उद्देश्य के लिए सत्ता का परित्याग, मित्र को बल देना, न कि ताकत को; शत्रु से भी अच्छाई सीखना, टीम का सगुण नेतृत्व व प्रबंधन, सहयोगी को स्थापित कर देना आदि । गिलहरी से सहायता पाकर, भिलनी से बेर खाकर , हनुमान को साथी बनाकर उन्होंने एक भिन्न आयाम प्रदान किया । कहा जा सकता है कि विशाल भारतीय सांस्कृतिक परंपरा की विभिन्न सतहों पर और तहों में गतिशील तत्वों के बनते – बिगड़ते समीकरण राम में सघन रूप से समाहित हो जाते हैं। सत्ता के विभिन्न पक्ष, परिवार के सरस–नीरस प्रसंग, घात – प्रतिघात, निष्ठा व कृतघ्नता आदि प्रक्रियाओं से लेकर मनुष्य के मनुष्यतर बनने की महागाथा सूक्ष्म तरीके से धारा में कभी प्रकट, कभी अप्रकट ढंग से राम के जीवन व आस–पास के संदर्भों में दिख जाती हैं। यानी कह सकते हैं कि यह एक ऐसी भारतीय जीवनानुभव की प्रक्रिया है जहां राम से जुड़ी कविता पौराणिकता को अतिक्रांत करती हुई किंचित् ऐतिहासिकता में प्रविष्ट हो जाती है । राम कथा की भाषा जनता के सरोकारों से आती है, इसलिए जनता को छूती है । कोई ऐसा गांव नहीं, जहां राम की लीला नहीं । मनुष्यता की लीला । मनुष्य से मनुष्यतर होते जाने की लीला । आज मनुष्य साइबर स्पेस व पौराणिक युग दोनों को एक साथ साध लेता है । उत्तर आधुनिकता इसे वर्तमान में अतीत की उपस्थिति कहती है । मेरा मानना है कि प्रत्येक व्यक्ति अपना मांगल्य स्वयं रचता है । यथार्थ से आगे । क्योंकि प्रत्येक यथार्थ विखण्डित व आंशिक है । सृजन व संहार की शक्तियां प्रत्येक युग में रही हैं। राम के आगमन का अर्थ रचनाशीलता का सृजन व दुश्शीलता का संहार ही है। आज भी रचनात्मकता के उत्कर्ष के पीछे मांगल्य– विधान ही होता है । इसीलिए श्रेष्ठता के तरीके भले बदल गए हों उसकी इयत्ता व फलश्रुति के आयाम कमोबेश वही हैं । सृजन व संहार को दुर्गा की गत्यात्मकता ने संतुलित किया था । इसीलिए राम की शक्ति पूजा का अर्थ सृजन की स्थापना के पक्ष में प्रतिक्रमण ही है । अंततः हमारा यह समाज सृजन की चुनौतियों को स्वीकार करने वाला समाज है । आज भी हम आतंक, अशिक्षा, भुखमरी, गरीबी, तनाव, संबंधहीनता को नए सिरे से संघर्ष करते हुए बदलाव करने की ओर सचेष्ट हैं । सच्चाई यह है कि जब किसी युग की संस्कृति और उसके मूल्य नयी शक्तियों, अन्वेषणों और विचारों से उत्पन्न समस्याओं की चुनौती को स्वीकार करने में असमर्थ रहे तो इसका अभिप्राय है कि वह सभ्यता संकट का शिकार हो चुकी है । किंतु भारतीय मन आज भी अपने सृजनात्मक व सांस्कृतिक स्रोतों, इनके क्लासिक व विकसित होते सौंदर्य शास्त्रों को समझने व सकारात्मक पक्षों को धारण करने में समर्थ है। राम के प्रसंग के आधार पर उस कथा को गहराई से देखें तो कई चीजें अपने आप निकलती आती हैं। जैसे सूर्य का महत्व। राम का व्यक्तित्व सूर्य की आभा से आप्लावित है । पदार्थ सिर्फ रूपांतरित होता है। शक्ति भी रूपांतरित होती है।

# रोजगारोन्मुख हो भारत में कृत्रिम मेधा का उपयोग

**संजीव ठाकुर**

ऐ भारत जैसे विशाल जनसंख्या वाले देश में जहां की आबादी 141 करोड़ है इन परिस्थितियों में रोबोट आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की उपयोगिता कितनी सार्थक होगी यह एक बड़ा प्रश्न चिन्ह खड़ा करता है। भारत में बेरोजगारी चरम सीमा पर है ऐसे में रोबोट और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस देश के युवाओं का हक छिनता नजर आता है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस तकनीक और रोबोट का का कुछ इस तरह प्रयोग किया जाना चाहिए जिससे रोजगार के अवसर में विस्तार हो और ज्यादा से ज्यादा युवक रोजगार पा सके।

यह तो सब विदित है कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और रोबोट का निर्माण मनुष्य ने ही किया है तो आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और रोबोट को एम्प्लॉयमेंट ओरिएंटेड यानी रोजगारोन्मुख बनाने का काम भी मानव कर ही सकता है वैज्ञानिकों ने मानव की सहायता के लिए और देश की बेहतरी के लिए अविष्कार किया है, इन परिस्थितियों में कृत्रिम मेधा और रोबोट किन्हीं भी परिस्थितियों में युवकों को रोजगार प्राप्त करने से रोकने का माध्यम नहीं बनना चाहिए। इसे रोजगार हेतु सकारात्मक दृष्टिकोण को दृष्टिगत रखते हुए नए तरीके के आविष्कार किए जाने की आवश्यकता है जिसस रोजगार को बढ़ावा मिल सके। अभी तक तो अमेरिका, ऑस्ट्रेलिया, ब्रिटेन, इजरायल, आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के मामले में काफी आगे हो चुकें हैं पर अब खाड़ी के देशों विगत 5 साल में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को अपनाकर अपनी आर्थिक स्थिति केवल तेल के कुए पर सिमटे न रह कर अन्य योजनाओं पर भी काम करना शुरू कर दिया है और आश्चर्यजनक रूप से यूएई, सऊदी अरबिया, कतर, मिस्त्र, जॉर्डन, मोरक्को और अन्य देशों में यूरोप की तुलना में अब और ज्यादा खर्च करके आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस की तकनीक को अपने देश में बहुत मजबूत बना लिया। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जितने फायदे हैं उससे ज्यादा विकासशील देशों के लिए यह नुकसान देह भी हो सकता है आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस और रोबोट के भारतीय संदर्भ में जहां जनसंख्या 141 करोड़ हो चुकी है और बड़ी संख्या में युवा बेरोजगार है ज्यादा प्रयोग से लोगों की नौकरियां जाने का बड़ा खतरा उत्पन्न हो सकता है।

यह बात दुनिया के बड़े अरबपति कारोबारी टेस्ला और एक्स के कारोबारी एलन मस्क ने स्टार्टअप के एक कार्यक्रम में फ्रांस में महत्वपूर्ण अंदाज में कहीं, भविष्य के लिए यह बात एकदम सटीक एवं सार्थक है। एक अन्य अरबपति कारोबारी इयान बैंक्स ने भी इस पर गंभीर चिंता जताई है। यह बात सभी विकासशील देशों के लिए भी लागू हो सकती है। अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस नफ्ज



**आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जितने फायदे हैं उससे ज्यादा विकासशील देशों के लिए यह नुकसान देह भी हो सकता है आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आपकी पल्स रीडिंग और मानसिक विचारधारा को केवल थंब इंप्रेशन में ही आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का डिवाइस पढ़ कर उस पर अमल कर सकता है। इस टेक्नोलॉजी से अमेरिका तथा यूरोपीय देश अब तक दुश्मन की अनेक सूचनाएं बड़ी आसानी से प्राप्त कर उसका सामरिक उपयोग करने में लगे हुए हैं। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग रूस अपनी टेक्नोलॉजी का उपयोग कर मिसाइल दागने में यूक्रेन यूक्रेन के विरुद्ध कर रहा है और अब तक यूक्रेन यूरोपीय तथा नाटो देश की मदद से इसी तकनीक के सहारे रूस के विरुद्ध अब तक टिका हुआ है वैसे तो यूक्रेन और रूस का युद्ध में काफी नुकसान हुआ है।**

पढ़कर आपके मस्तिष्क की बात तुरंत पकड़कर उस पर अमल करने लगेगा। अब आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस पल्स रेट द्वारा आपके मन की हर बात जानने में सक्षम हो सकता है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस जितने फायदे हैं उससे ज्यादा विकासशील देशों के लिए यह नुकसान देह भी हो सकता है आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस आपकी पल्स रीडिंग और मानसिक विचारधारा को केवल थंब इंप्रेशन में ही आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का डिवाइस पढ़ कर उस पर अमल कर सकता है। इस टेक्नोलॉजी से अमेरिका तथा यूरोपीय देश अब तक दुश्मन की अनेक सूचनाएं बड़ी आसानी से प्राप्त कर उसका सामरिक उपयोग करने में लगे हुए हैं। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग रूस अपनी टेक्नोलॉजी का उपयोग कर मिसाइल दागने में यूक्रेन यूक्रेन के विरुद्ध कर रहा है और अब तक यूक्रेन यूरोपीय तथा नाटो देश की मदद से इसी तकनीक के सहारे रूस के विरुद्ध अब तक टिका हुआ है वैसे तो यूक्रेन और रूस का युद्ध में काफी नुकसान हुआ है पर आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का भरपूर उपयोग दोनों देश एक दूसरे पर कर रहे हैं। विकासशील देशों में इस टेक्नोलॉजी का विकास अभी काफी एडवांस नहीं है इन परिस्थितियों में उनके लिए उनके सामरिक महत्व की चीजें छुपाना दुश्मन देशों के सामने कठिन हो जाएगा और उनकी खुफिया जानकारी शक्तिशाली देश आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस केवल एक सूत्र प्राप्त करने के बाद ही पूरी प्राप्त कर सकते हैं. खाड़ी के देश जिनमें सऊदी अरबिया, कतर, मिस्त्र, जॉर्डन, यूएई अपने बजट का 34 प्रतिशत बढ़ा हुआ हिस्सा एआई तकनीक पर लगातार कर रहे हैं। खाड़ी के देश इस टेक्नोलॉजी का उपयोग इस वजह से कर रहे हैं क्योंकि यह उनकी भविष्य की योजनाओं का महत्वपूर्ण हिस्सा है जिससे वे तेल की कमाई से हटकर अन्य साधनों से अपनी अर्थव्यवस्था में सुधार ला सकें यू एई पहला देश है जिसने 2017 ने इस तकनीक को अपनाया था इसके बाद खाड़ी के देशों में अब टेक्नोलॉजी को अपनाने में होड़ हो गई हैस यह सभी देश एआई टेक्नोलॉजी पर लगभग 3 अरब डॉलर खर्च कर चुके हैंस दूसरी तरफ यदि इसका इस्तेमाल अति विशेषज्ञों द्वारा नहीं किया गया तो इसका दुरुपयोग जिन देशों के पास इन टेक्नोलॉजी से एडवांस टेक्नोलॉजी है वह पूरी जानकारी निकालने में सक्षम होंगे। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस का उपयोग यूरोपीय देश न सिर्फ सामरिक महत्व की चीजों में कर रहे हैं बल्कि मेडिकल साइंस और अंतरिक्ष विज्ञान में भी पूरी तरह हो रहा है और इससे बहुत फायदे भी मिल रहे हैंस आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस मानव प्रजाति के लिए जितना फायदेमंद है दूसरी तरफ उतना ही नुकसान दे और इससे वैश्विक शांति को खतरा भी हो सकता हैस एक्टिविस्ट मानते हैं कि रोबोट की तरह इस तरह की विज्ञान पर आधारित चीजें माननीय प्रजाति को खत्म कर सकती है बल्कि उनकी चिंता डेटा सुरक्षा प्रपोगेंडा सर्विलांस के विरुद्ध होने वाले नुकसान पर भी ज्यादा है। आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस को लेकर खाड़ी के देशों ने एआई के इस्तेमाल पर दिशा निर्देश तय कर उसे जारी किया है हालांकि इस पर कोई कानूनी बाध्यता नहीं है फिर भी इसका दुरुपयोग होने से मानव को खतरा भी हो सकता है यह एक वैश्विक चिंता की बात है।

## विचार

# पुस्तक समीक्षा : घाघ की कहावतें और सांस्कृतिक संदर्भ

**प्रशांत शेखर**







**उदाहरण के लिए, जब हथिया पूंछ डुलायै, तब घर में गेहूं आवै जैसी कहावतें वर्षा और नक्षत्रों के आधार पर फसल की पैदावार का अनुमान देती हैं। यह बताता है कि प्राचीन भारतीय कृषि ज्ञान कितनी व्यावहारिक और वैज्ञानिक था, जब आधुनिक मौसम विज्ञान के यंत्र उपलब्ध नहीं थे। इन कहावतों में फसल, पशुपालन, जल प्रबंधन और सामाजिक रीति-रिवाजों का समन्वय स्पष्ट दिखाई देता है, जो ग्रामीण जीवन की सूक्ष्म समझ को प्रकट करता है। भाषाई दृष्टि से, घाघ की कहावतें सरल, सहज और प्रतीकात्मक हैं। डॉ. पाण्डेय ने इसे बरकरार रखते हुए कहावतों को उनके मूल स्वरूप में प्रस्तुत किया है और उनके अर्थ और सांस्कृतिक संदर्भ को भी स्पष्ट किया है।**

देश के लोक साहित्य और ग्रामीण कृषि संस्कृति में घाघ की कहावतों का विशेष स्थान है। यह कहावतें केवल शब्द नहीं, बल्कि ग्रामीण जीवन, कृषि परंपरा, सामाजिक व्यवहार और पारंपरिक ज्ञान का जीवंत दर्पण हैं। इन कहावतों में जीवन के विविध पहलुओं की सूक्ष्म समझ, प्राकृतिक संकेतों और सामाजिक नियमों का अद्भुत समन्वय देखने को मिलता है। डॉ. सत्य प्रिय पाण्डेय दिल्ली विश्वविद्यालय के श्यामलाल कॉलेज में हिंदी विभाग के एसोसिएट प्रोफेसर और लोक साहित्य के जाने-माने विमर्शकार है।

उन्होंने अपनी पुस्तक 'घाघ और उनकी कहावतें (जैविक कृषि के सूत्र)' में गहन विश्लेषण प्रस्तुत किया है। उन्होंने न केवल घाघ की कहावतों को उनके मूल स्वरूप में प्रस्तुत किया है, बल्कि उनके ऐतिहासिक, सामाजिक और सांस्कृतिक संदर्भों की भी स्पष्ट व्याख्या की है। ऐसा लगता है कि डॉ. पाण्डेय का उद्देश्य केवल कहावतों का संग्रह करना नहीं, बल्कि उन्हें आधुनिक समय की प्रासंगिकता के साथ जोड़कर ग्रामीण जीवन और भारतीय कृषि संस्कृति की गहन समझ पाठकों तक पहुंचाना है।

घाघ यानी ज्यादा होशियार व्यक्ति। 17वीं शताब्दी में यह शब्द कवि, दार्शनिक और ब्राह्मण ज्योतिषी वर्णन के लिए भी इस्तेमाल होता था। इसलिए पुस्तक घाघ की कहावतें केवल खेती-किसानी तक सीमित नहीं हैं। ये जीवन, समाज, मौसम विज्ञान, पशु पालन, ज्योतिष और सामाजिक व्यवहार जैसे विविध विषयों को भी समेटती हैं। उदाहरण स्वरूप, नित्ते खेती दुसरे गाय, जे ना देखे तेकर जाय जैसी कहावत किसानों को सतत सतर्क रहने और मेहनत की प्रेरणा देती है। इसी प्रकार, चटका माघा सुखिगा ऊसर, दूध-भात में परिगा मूसर÷ जैसी कहावतें प्रतीकात्मकता और सूक्ष्मता में अद्वितीय हैं, जो पाठक को ग्रामीण जीवन और लोक साहित्य की समृद्ध परंपरा से परिचित कराती हैं। पुस्तक में घाघ के जन्म स्थान और जीवन से जुड़ी प्रचलित किंवदंतियों का भी विवेचन है। पं. रामनरेश त्रिपाठी के शोध के आधार पर यह स्पष्ट किया गया है कि घाघ कन्नौज के निवासी थे। इससे न केवल उनकी प्रामाणिकता स्थापित होती है, बल्कि मध्यकालीन भारत में किसानों की सामाजिक और आर्थिक स्थिति की भी झलक मिलती है।

उस समय कर और दंड की कठोरता और किसानों की स्वावलंबन की भावना घाघ की कहावतों की मूल प्रासंगिकता को उजागर करती है। यह ऐतिहासिक परिप्रेक्ष्य पाठक को ग्रामीण जीवन की कठिनाइयों और लोक बुद्धि की प्रखरता दोनों से परिचित कराता है। घाघ की कहावतें केवल अनुभवजन्य नहीं, बल्कि कृषि और मौसम के दृष्टिकोण से भी अत्यंत महत्वपूर्ण हैं। उदाहरण के लिए, जब हथिया पूंछ डुलायै, तब घर में गेहूं आवै जैसी कहावतें वर्षा और नक्षत्रों के आधार पर फसल की पैदावार का अनुमान देती हैं। यह बताता है कि प्राचीन भारतीय कृषि ज्ञान कितनी व्यावहारिक और वैज्ञानिक था, जब आधुनिक मौसम विज्ञान के यंत्र उपलब्ध नहीं थे। इन कहावतों में फसल, पशुपालन, जल प्रबंधन और सामाजिक रीति-रिवाजों का समन्वय स्पष्ट दिखाई देता है, जो ग्रामीण जीवन की सूक्ष्म समझ को प्रकट करता है। भाषाई दृष्टि से, घाघ की कहावतें सरल, सहज और प्रतीकात्मक हैं। डॉ. पाण्डेय ने इसे बरकरार रखते हुए कहावतों को उनके मूल स्वरूप में प्रस्तुत किया है और उनके अर्थ और सांस्कृतिक संदर्भ को भी स्पष्ट किया है। यह भाषाई सौंदर्य न केवल ग्रामीण जीवन की आत्मा को जीवंत करता है, बल्कि लोक साहित्य की समृद्ध परंपरा को भी संरक्षित करता है। आज के संदर्भ में, जब किसान कर्ज, प्राकृतिक आपदाओं और नीतिगत उपेक्षा का सामना कर रहे हैं, घाघ की कहावतें पुनः प्रासंगिक हो जाती हैं। लेखक ने स्पष्ट किया है कि पारंपरिक ज्ञान न केवल खेती की तकनीकी जानकारी देता है, बल्कि किसानों में धैर्य, सतर्कता और स्वावलंबन की भावना को भी प्रेरित करता है। यह पुस्तक यह संदेश देती है कि पारंपरिक ज्ञान और आधुनिक तकनीक के समन्वय से भारतीय कृषि को सशक्त बनाया जा सकता है। पुस्तक का प्रमुख आकर्षण इसका व्यापक दृष्टिकोण है। इसे विद्वानों और सामान्य पाठकों दोनों के लिए उपयोगी बनाया गया है।

## नवरात्र की शक्ति



रविवार को हमने अमावस्या पर पितृ-विसर्जन के जरिये हमारे जीवन को समृद्ध करने वाले पुरखों को पुण्य स्मरण कर विदा किया। सोमवार का सूरज नवरात्र की बहुआयामी शक्ति से पूरे देश में आस्था का उल्लास और उमंग भर रहा है। नवरात्र के साथ ही देश में पर्व-त्योहारों की ऐसी शृंखला शुरू हो जाती है, जो जनमानस के तन-मन को ही नहीं, देश की अर्थव्यवस्था को नई ऊंचाई दे जाती है। ऐसे वक्त में जब देश अमेरिका के ट्रैरिफ आतंक से जूझ रहा है, स्वदेशी का मंत्र हमारी आर्थिक व राष्ट्रीय संप्रभुता का संरक्षक बन सकता है। निस्संदेह, दूसरे देशों पर हमारी आर्थिक निर्भरता हमारी अर्थव्यवस्था की सबसे बड़ी दुश्मन है।

ये विदेशी का मोह, कहीं न कहीं राष्ट्रीय सरोकारों से हमारे विमुख होने का पर्याय भी है। देश में आर्थिक संपन्नता आई तो साथ ही विदेशी वस्तुओं को सम्मोहन भी बढ़ा है। हम स्वदेशी के उस मंत्र को भूल गए, जिसने परतंत्र भारत को आजाद कराने व ब्रिटिश सत्ता की चूलें हिलाने में बड़ी भूमिका निभाई थी। नवरात्र का पर्व व्रत और शक्ति की आराधना का पर्व है। ऐसी शक्ति जिससे राष्ट्र, समाज व व्यक्ति का कल्याण हो सके। ऐसे वक्त में जब लगातार भारत विरोधी कदम उठा रही ट्रंप सरकार ने भारतीय प्रतिभाओं पर अंकुश लगाने के लिये एच-1 बी वीजा को अस्त्र बनाया है, हमें अपनी प्रतिभाओं को देश में सहेजने का प्रयास करना चाहिए। देश के नीति-नियंताओं को मंथन करना होगा कि अमेरिका के लिये महकने वाली प्रतिभाएं देश को क्यों नहीं महका सकती? यह अच्छी बात है कि नवरात्र पर्व की शुरुआत जीएसटी सुधारों के साथ हो रही है। अब तक दैनिक उपभोग की वस्तुओं व दवाओं आदि पर अतार्किक शुल्क लगाया गया था।

जिसे बहुत पहले ही सुधार लिया जाना चाहिए था। देर आए दुरुस्त आए की तर्ज पर कहा जा सकता है कि अब लोगों की बचत बढ़ेगी। बचत बढ़ने से लोगों की क्रय शक्ति बढ़ेगी और बाजार को गति मिलेगी। कुल मिलाकर स्वदेशी अर्थव्यवस्था गतिमान होगी, भारतीय-उद्योग धंधों को संबल मिलेगा और रोजगार के अवसरों में वृद्धि होगी। निस्संदेह, जीएसटी दरों में कमी और पर्व-त्योहारों के इस मौसम में देश के असंगठित क्षेत्र को शक्ति मिलेगी, जो रोजगार का सबसे बड़ा स्रोत भी है। नवरात्र के व्रत का पहला संकल्प हमारी आस्था और सेहत से है।

देश आज मोटापे और उससे उत्पन्न गैर संक्रामक रोग मधुमेह, उच्च रक्तचाप तथा हृदयाघात से जूझ रहा है। इस नवरात्र के दौरान हम अपने खानपान को संयमित करके आस्था के संबल के साथ अपनी सेहत में सुधार कर सकते हैं। हमारे पर्व-त्योहार गहरे तक हमारे व्यावहारिक जीवन से जुड़े हैं। उनके गहरे निहितार्थों को समझने की जरूरत है। ये पर्व व त्योहार महज कर्मकांड ही नहीं है, इसके व्यक्ति, समाज और अर्थव्यवस्था के लिये गहरे संदेश हैं। इस तरह नवरात्र बेटियों को शक्तिशाली बनाने, लैंगिक भेदभाव खत्म करने और समाज में तनाव-अवसाद दूर करके व्यक्ति और समाज को स्वस्थ बनाने का पर्व है। हमें पर्व के मर्म को समझना है।



## राशिफल

**मेषः-** मधुरवाणी से संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी। जीविका क्षेत्र में लाभ के अच्छे अवसर प्राप्त होंगे। पारिवारिक दायित्वों की समय से पूर्ति हेतु प्रयत्नशील होंगे। जीवन साथी के स्वास्थ्य का ध्यान रखें।

**बृषभः-** मन प्रसन्न व उत्साहित रहेगा। प्रियजनों का सानिध्य प्राप्त होगा। महत्वपूर्ण कार्य सार्थक होने का योग है। नौकरी का वातावरण सुखद होगा। शिक्षा-

**मिथुनः-** आर्थिक क्षेत्र में आप कुछ नई योजनाओं को सार्थक करेंगे। कोई व्यक्तिगत संबंध परिवार में विवाद का कारण बन सकता है। प्रणय संबंधों को लेकर मन में चिंता होगी।

**कर्क :-** पूर्वाग्रहवश मन में किसी प्रकार की शंका न पालें। गलतियों को स्वीकारते हुए सगे-संबंधों में क्षमायाचक बने और शांत भाव से अच्छे कायरे द्वारा उसकी प्राश्चित भी करें।

**सिंहः-** पुरानी गलतियों से सीख लेते हुए वर्तमान को सुधारें। परिवार को सुव्यवस्थित चलाने में आपका विशेष योगदान होगा। किसी संबंध को लेकर पूरे परिवार के विरोध का सामना करना पड़ेगा।

**कन्याः-** मन ढ़ेर सारे पूर्वाग्रहों से प्रभावित होगा। पुरानी बातों कों भूलकर वर्तमान के साथ समझौता करें।

**तुलाः-** आज सकारात्मक सोच को अपनाते हुए जीवन को सही दिशा की ओर केंद्रित करें। पुरानी घटनाओं के स्मरण से मन को कष्ट संभव।

**वृश्चिकः-** आज परिजनों के सुख-दुख से प्रभावित मन परिवार को एकजुट रखने में केंद्रित होगा।

**धनुः-** निराशावादी विचारों को त्याग आशावादी बनें। नाजुक संबंधों के बीच भावनात्मक कष्टों को भूल वर्तमान को बेहतर बनायें। परिवार में खुशहाल माहौल रहेगा।

**मकरः-** मन सुंदर विचारो से सिंचित होगा। धार्मिक व पारंपरिक कायरें की ओर मन केंद्रित होगा। नये कायरें में संलग्नता से लाभ संभव। आलस्य का त्याग करें।

**कुंभः-** अपने सुख-दुख को छोड़ परिजनों के सुख के बारे में सोचें। सामान्य दिनर्चया के साथ बीत रहे जीवन में उत्साह का अभाव रहेगा। नयी आकांक्षाएं मन को उद्वेलित करेंगी। पुराने संबंधों में प्रगाढ़ता बढ़ेगी।

**मीनः-** किसी अचल सम्पत्ति को लेने की योजना बन सकती है। कार्यक्षेत्र के किसी सहकर्मी से मतभेद संभव। धनागम की नयी युक्तियों पर मन केंद्रित होगा। जीवन साथी का भावनात्मक स्नेह प्राप्त होगा।

# डोनाल्ड ट्रंप को एक और झटका

**व्हाइट हाउस ने राष्ट्रीय सुरक्षा को लेकर भी चिंता जताई है और कहा है कि संवेदनशील उद्योगों में विदेशी श्रमिकों पर जरूरत से ज्यादा निर्भरता अमेरिका की क्षमता को कमजोर करती है। फिलहाल भारत का विदेश मंत्रालय इस फैसले की समीक्षा कर रहा है, हालांकि इससे ज्यादा कुछ करने की स्थिति में वह है भी नहीं। क्योंकि मोदी सरकार की विदेश नीति इतनी कमजोर हो चुकी है कि ट्रंप जब चाहे भारत का अपमान कर सकते हैं। वे जानते हैं कि नरेन्द्र मोदी चुप ही रहेंगे। लेकिन नरेन्द्र मोदी खुद जितना आत्मनिर्भर होने, मेक इन इंडिया आदि की बातें करते हैं, और विदेश सामान खरीदने की आदत छोड़ने की बात कहते हैं, वे भी संभवतः इस फैसले से निजी हैसियत में सहमत ही होंगे।**

अमेरिका के राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप और भारत के प्रधानमंत्री एक-दूसरे के गहरे मित्र होने का दावा करते हैं, हालांकि उनकी दोस्ती कई नेताओं को समझ नहीं पड़ती और भारत में भी इस पर सवाल उठते हैं। दोनों के बीच सम्मान और दोस्ती का रिश्ता कितना गहरा है, यह तो वे ही सही-सही बता सकते हैं, लेकिन एक बात तय है कि सरकार चलाने के तौर-तरीके, लच्छेदार बातें और राष्ट्रवाद को राजनीति का केंद्र बनाना, इन सब में दोनों में जबरदस्त सामंजस्य दिखता है।

शनिवार को जब नरेन्द्र मोदी गुजरात में आत्मनिर्भरता का पाठ देश को पढ़ा रहे थे और कह रहे थे कि हमारी सबसे बड़ी कमजोरी दूसरे देशों पर निर्भरता है। उसी वक्त ट्रंप सरकार अमेरिका फर्स्ट के नारे को बुलंद करते हुए एच-1 बी वीजा पर 1 लाख डॉलर (करीब 88 लाख) की फीस लगाने का ऐलान किया है। ट्रंप प्रशासन ने कहा है कि यह अमेरिकी श्रमिकों की रक्षा करने, वीजा सिस्टम के गलत इस्तेमाल को रोकने और यह सुनिश्चित करने के लिए जरूरी है कि केवल सबसे कुशल और सबसे अधिक वेतन पाने वाले विदेशी पेशेवर ही योग्य हों। अमेरिका के वाणिज्य मंत्री हॉवर्ड लटनिक ने कहा है, अगर आपको किसी को प्रशिक्षित करना है, तो आपको हमारे देश के बेहतरीन विश्वविद्यालयों से हाल ही में उत्तीर्ण हुए ग्रेजुएट को प्रशिक्षित करना चाहिए। अमेरिकियों को प्रशिक्षित करो। बाहर से लोगों को लाकर हमारी नौकरियां छीनना बंद करो।

व्हाइट हाउस ने राष्ट्रीय सुरक्षा को लेकर भी चिंता जताई है और कहा है कि संवेदनशील उद्योगों में विदेशी श्रमिकों पर जरूरत से ज्यादा निर्भरता अमेरिका की क्षमता को कमजोर करती है। फिलहाल भारत का विदेश मंत्रालय इस फैसले की समीक्षा कर रहा है, हालांकि इससे ज्यादा कुछ करने की स्थिति में वह है भी नहीं। क्योंकि मोदी सरकार की विदेश नीति इतनी कमजोर हो चुकी है कि ट्रंप जब चाहे भारत का अपमान कर सकते हैं। वे जानते हैं कि नरेन्द्र मोदी चुप ही रहेंगे। लेकिन नरेन्द्र मोदी खुद जितना आत्मनिर्भर होने, मेक इन इंडिया आदि की बातें करते हैं, और विदेश सामान खरीदने की आदत छोड़ने की बात कहते हैं, वे भी संभवतः इस फैसले से निजी हैसियत में सहमत ही होंगे। इन पंक्तियों के लिखे जाने तक तो उनका कोई प्रतिवाद सामने नहीं आया है। अलबत्ता देश में इस पर हलचल मच गई है। खासकर आई टी इंडस्ट्री अब सोच में पड़ गई है कि कैसे इस चुनौती का सामना करे। बता दें कि अमेरिका में एच 1 बी वीजा धारकों में भारतीयों की हिस्सेदारी 70 फीसदी से ज्यादा है, ऐसे में वीजा नियमों में बदलाव का सीधा असर भारत के टेक सेक्टर और प्रोफेशनल्स पर पड़ने वाला है। इसके अलावा विश्वविद्यालय में शोध करने पहुंचे भारतीय शोधकर्ताओं को भी नुकसान उठाना पड़ेगा। अमेरिकी कंपनियां विदेशों से टेक्नोलॉजी, इंजीनियरिंग, चिकित्सा, फाइनेंस और शिक्षा जैसे क्षेत्रों में प्रतिभाशाली पेशेवरों को नौकरी पर रखती हैं। इनमें सबसे ज्यादा भारतीय नौकरी करते हैं। देश में इसी ब्रेन ड्रेन यानी प्रतिभा पलायन पर बरसों से चिंता जताई गई, लेकिन ऐसा माहौल नहीं बना कि अच्छी नौकरी, बेहतर कार्य संस्कृति, अच्छा वेतन सब देश में ही उपलब्ध हो। लिहाजा लाखों भारतीय अमेरिका जाकर ही जीवन सुधारने के सपने देखते रहे। खुद नरेन्द्र मोदी ने 2014 में कहा था कि मेरा सपना है कि ऐसा भारत बने जिसमें अमेरिकियों को वीजा की लाइन में लगना पड़े। समय के साथ ये भी मोदीजी का एक और जुमला ही साबित हुआ।

अब लाखों परिवार जब इस चिंता में हैं कि अमेरिका में रहें या नहीं, भविष्य में क्या और सख्ती बरती जाएगी, देश लौटेंगे तब नौकरी, पढ़ाई, की क्या सुविधा रहेगी, इन सब को नजरंदाज करते हुए मोदी चुप है। इस वीजा नियम के 21 सितंबर को लागू होने से पहले ही कई उलझनें सामने आई, जिन पर ट्रंप प्रशासन ने साफ किया है कि अमेरिकी कंपनियों को किसी विदेशी कर्मचारी के लिए हर नए एच-1बी आवेदन पर एक लाख डॉलर का शुल्क अदा करना होगा। जो भारतीय पहले से एच-1 बी वीजा पर काम कर रहे हैं, उन पर इसका कोई असर नहीं पड़ेगा। लेकिन नौकरी के नए अवसर तलाश रहे लोगों के लिए यह नई और एक बड़ी बाधा है। व्हाइट हाउस के मुताबिक यह फीस मौजूदा वीजा धारकों पर लागू नहीं होगी। नवीनीकरण पर भी यह शुल्क लागू नहीं है, बल्कि सिर्फ नए आवेदनों और आगामी लॉटरी साइकिल पर लागू होगा। हालांकि इस स्पष्टीकरण के बाद भी अफरा-तफरी मची। सैन फ्रांसिस्को क्रॉनिकल की रिपोर्ट के मुताबिक, कुछ वीजाधारकों ने डर के चलते अमेरिका जाने वाली फ्लाइट छोड़ दी। वहीं दिल्ली से न्यूयॉर्क की सीधी उड़ानों के टिकट की कीमत महज दो घंटे में 37,000 से बढ़कर 70,000-80,000 तक पहुंच गई। रिपोर्ट्स के मुताबिक कई बड़ी टेक्नोलॉजी कंपनियों ने विदेश में मौजूद अपने एच-1बी स्टाफ को सलाह दी है, जल्दी लौट आएं या तब तक अंतरराष्ट्रीय यात्रा से बचें जब तक नए नियम साफ न हो जाए। अमेरिकन इमिग्रेशन काउंसिल के पॉलिसी डायरेक्टर जॉर्ज लोवरी ने बीबीसी से कहा, श्यह पॉलिसी बिना किसी सूचना, बिना किसी दिशा-निर्देश और बिना योजना के लाई गई है।

**स्वामी, मुद्रक व प्रकाशकः** जितेन्द्र सिंह द्वारा एवीबी रिप्रोग्राफिक्स ए-59 इण्डस्ट्रियल एरिया तालकटोरा लखनऊ से मुद्रित एवं कार्यालय 2/353, विशाल खण्ड-2 गोमती नगर लखनऊ (उ.प्र.) से प्रकाशित। **सम्पादक जितेन्द्र सिंह***
(इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी. एक्ट के तहत उत्तरदायी) समाचार से संबंधित सभी प्रकरण लखनऊ न्यायालय के अधीन ही मान्य होंगे। आरएनआई UPHIN/2013/55887
**संपादकीय एवं व्यवसायिक कार्यालय : 201-202 द्वितीय तल, रीजेन्सी प्लाजा, 5-पार्क रोड, सिविल अस्पताल के सामने, हजरतगंज, लखनऊ-226001, मो. 9305748833, 7985738649, 9451244788, 9554964672**
**For News :** samradhinewslko@gmail.com/samradhinews@gmail.com **For Official :** chiefeditorsamriddhinews@gmail.com

## खबरें एक नजर में

### तेज रफ्तार पिकअप ने मोटरसाइकिल सवार को कुचला, युवक की मौत

**मोहम्मदी (खीरी)।** कोतवाली क्षेत्र के ग्राम कचनार में सोमवार को एक दर्दनाक सड़क हादसा हुआ। खुर्रम नगर निवासी सोनपाल (28) पुत्र बनवारी अपनी मोटरसाइकिल (संख्या यूपी26एडब्ल्यू7658) से बरवर जा रहे थे। इसी दौरान सामने से आ रही तेज रफ्तार पिकअप (संख्या यूपी26टी 8028), जिसे मियांपुर निवासी चाक गोविंद पाल पुत्र नागेंद्र चला रहा था, ने जोरदार टक्कर मार दी। टक्कर लगते ही सोनपाल सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। स्थानीय लोगों ने तत्काल पुलिस को सूचना दी। हल्का प्रभारी मेराज अहमद मौके पर पहुँचे और घायल को एम्बुलेंस से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र ले जाया गया, जहाँ चिकित्सकों ने जाँच के बाद मृत घोषित कर दिया। घटना के बाद परिजनों में कोहराम मच गया। पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए जिला मुख्यालय भेज दिया है।

### पश्चिमी दीक्षिताना में दिनदहाड़े लाखों की चोरी, पुलिस ने दर्ज की रिपोर्ट

**गोला गोकर्णनाथ (लखीमपुर)।** नगर के मोहल्ला पश्चिमी दीक्षिताना में बीती शनिवार रात उस समय सनसनी फैल गई जब एक घर को चोरों ने निशाना बनाकर लाखों रुपये के जेवरात व नकदी पर हाथ साफ कर दिया। परिवार के सदस्य रिश्तेदारी में गए हुए थे, और इसी दौरान चोरों ने पूरे इत्मीनान से वारदात को अंजाम दिया। पीड़ित विकास गुप्ता पुत्र महेंद्र गुप्ता ने कोतवाली में दी गई तहरीर में बताया कि 20 सितंबर को वह अपने परिजनों सहित एक रिश्तेदार के यहां गए थे। उसी रात चोरों ने उनके घर का मुख्य दरवाज़ा तोड़कर अलमारी को खंगाल डाला। चोर घर से दो चांदी की तस्तरी, सात जोड़ी बिछिया, दो सोने की अंगूठी, एक सोने की चेन, तीन जोड़ी पायल, मांग टीका, दो सोने के पेंडल, एक सोने की नथ, एक जोड़ी झाला, एक घड़ी और रु.4,000 नकद चुरा ले गए। वारदात की सूचना तब मिली जब मोहल्ले के लोगों ने घर का ताला टूटा देखा और फोन कर विकास को जानकारी दी। इसके बाद मौके पर पहुंचकर परिजनों ने पुलिस को सूचना दी, जिसके बाद कोतवाली पुलिस ने मौके पर पहुंचकर जांच शुरू की और अज्ञात चोरों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया।

### मारपीट मामले में कोर्ट के आदेश पर दो नामजद समेत सात पर मुकदमा दर्ज

**गोला गोकर्णनाथ।** शहर के कुम्हारन टोला मोहल्ले में रहने वाले युवक द्वारा जून माह में हुई मारपीट की घटना में कोर्ट के आदेश पर पुलिस ने दो नामजद और पांच अज्ञात आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया है। पीड़ित गौरव गुप्ता पुत्र मनोज गुप्ता ने रिपोर्ट में बताया कि उसकी बादल सिटी में दुकान है। 20 जून की शाम वह अपने पिता मनोज गुप्ता और भाई सौरभ गुप्ता के साथ दुकान बंद कर बाहर खड़ा था, तभी मुन्नूगंज निवासी ऋषि गुप्ता और शुभ गुप्ता अपने पांच अन्य साथियों के साथ नशे की हालत में वहां पहुंचे और गाली–गलौज करने लगे। विरोध करने पर आरोपियों ने लोहे की रॉड से तीनों पर हमला कर दिया, जिससे तीनों गंभीर रूप से घायल हो गए। पीड़ित गौरव का कहना है कि उसने पहले पुलिस से शिकायत की थी, लेकिन कार्रवाई न होने पर उसे न्यायालय की शरण लेनी पड़ी। कोर्ट के आदेश पर अब पुलिस ने संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

### घायल गौवंश के उपचार में दिखी सेवा भावना, व्यापार मंडल की पहल पर बुलाया चिकित्सक



**गोला गोकरनाथ (लखीमपुर)।** छोटी काशी गोला गोकरनाथ में सेवा और संवेदनशीलता का अनूठा उदाहरण उस समय देखने को मिला, जब अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल के जिला उपाध्यक्ष अमित त्रिपाठी की पहल पर घायल गौवंश के लिए तुरंत पशु चिकित्सक को मौके पर बुलवाया गया और उसका समुचित उपचार कराया गया। घटना की जानकारी मिलते ही अमित त्रिपाठी ने बिना देरी किए डॉ. राणा को मौके पर बुलाया, जिन्होंने घायल गौवंश का प्राथमिक उपचार किया। उपचार के बाद डॉ. राणा ने पशु की निरंतर चिकित्सा देखरेख की आवश्यकता जताते हुए कहा कि इसकी स्थिति पर कल प्रातः पुनः निगरानी और उपचार आवश्यक होगा। इस दौरान व्यापार मंडल के जिला सचिव दुर्गेश सोनी, जिला उपाध्यक्ष अफरोज़ ख़ान, एआईएमआईएम नगर अध्यक्ष के कार्यकर्ता भी मौके पर मौजूद रहे और पूरे सेवा कार्य में सक्रिय सहयोग दिया। अमित त्रिपाठी ने कहा कि गौवंश की सेवा करना हमारी सांस्कृतिक और धार्मिक जिम्मेदारी है। व्यापार मंडल न केवल व्यापारिक हितों की बात करता है, बल्कि समाजसेवा और मानवीय मूल्यों की रक्षा में भी अग्रणी भूमिका निभा रहा है।

### गाजे-बाजे के साथ निकली महाराजा अग्रसेन की शोभायात्रा



**गोला गोकर्णनाथ (लखीमपुर)।** नगर में अग्रवाल समाज के पथ प्रदर्शक महाराजा अग्रसेन की जयंती हर्षोल्लास एवं श्रद्धा के साथ मनाई गई। इस शुभ अवसर पर भव्य शोभायात्रा का आयोजन किया गया, जिसमें नगरवासियों ने पूरे जोश और उत्साह के साथ भाग लिया। नीलकंठ मैदान से शुरू हुई शोभायात्रा, नगर के प्रमुख मार्गों अशोक चौराहा और मोहम्मदी रोड से होते हुए गेस्ट हाउस तक पहुँची। ाोभायात्रा में सबसे आगे अग्रवंश का ध्वज लहराता रहा, और उसके पीछे सुसज्जित रथ पर महाराजा अग्रसेन जी की प्रतिमा विराजमान थी, जिसे फूलों से भव्य रूप से सजाया गया था। शोभायात्रा के दौरान नगरवासियों ने जगह–जगह पुष्पवर्षा कर स्वागत किया। मार्ग में भक्ति गीतों, शंखनाद और ढोल–नगाड़ों की गूंज से वातावरण गूंजायमान हो उठा। इस अवसर पर अग्रवाल समाज के प्रमुख सदस्य, जिनमें अतुल अग्रवाल, केशव अग्रवाल, पूर्व पालिकाध्यक्ष मीनाक्षी अग्रवाल प्रमुख रूप से उपस्थित रहे। शोभायात्रा से पूर्व महाराजा अग्रसेन जी के चित्र पर माल्यार्पण कर आरती उतारी गई और प्रसाद वितरण भी किया गया। शोभायात्रा में समाज के वरिष्ठ जनों के साथ–साथ महिलाएं, युवक–युवतियां और बच्चे भी पारंपरिक वेशभूषा में शामिल हुए। समाज के अन्य गणमान्य सदस्यों में संजय, अजय, पंकज, राजेश, आशीष, श्री गोपाल, राजेन्द्र, रवी, विनोद गोयल, महेश पटवारी, निधि सर्राफ, आराधना केडिया, पायल अग्रवाल सहित समस्त अग्रवाल परिवार उपस्थित रहा।

### शिव मंदिर में 13वीं मां दुर्गा मूर्ति एवं कलश की स्थापना वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ संपन्न



**सिंगाही खीरी।** बेलरायां रेलवे स्टेशन रोड स्थित शिव मंदिर में सोमवार को 13वीं मां दुर्गा मूर्ति एवं कलश की स्थापना विधिवत वैदिक मंत्रोच्चारण के साथ की गई। इस शुभ अवसर पर मंदिर प्रांगण भक्तिमय वातावरण से गूंज उठा। शिव मंदिर समिति के सदस्यों ने मां शेरोवाली की पूजा–अर्चना कर क्षेत्र की सुख–शांति व समृद्धि की कामना की। कार्यक्रम का शुभारंभ शिव मंदिर के पुजारी बालकराम तिवारी ने किया। उन्होंने समिति के सदस्य संदीप पांडे, रामयतन सिंह, मनोज अग्रवाल, विवेक जायसवाल, मुनेश गुप्ता, रजनीश राजपूत, दारा वर्मा, दिनेश वर्मा, सियाराम, दीपक सोनी एवं वैभव अग्रवाल के सहयोग से देवी मंडप में भगवान गणेश, कार्तिकेय, सरस्वती, लक्ष्मी एवं मां शेरोवाली की मूर्तियों तथा कलश की स्थापना कराई। शाम 7 बजे मां दुर्गा की विशाल आरती का आयोजन हुआ, जिसमें बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने भाग लिया। भक्तों ने मां शेरोवाली की प्रतिमाओं के समक्ष आरती कर क्षेत्र में सुख–शांति की प्रार्थना की। इस अवसर पर समिति के सदस्य राजेंद्र तोमर, राजेश सिंह और टी. जायसवाल ने बताया कि हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी नवरात्र में मां दुर्गा के भजन–कीर्तन का आयोजन किया जा रहा है। शाम के समय भजन–कीर्तन का विशेष कार्यक्रम होता है, जिसमें बेलरायां क्षेत्र के व्यापारी, स्थानीय निवासी एवं श्रद्धालु बड़ी संख्या में भाग लेते हैं और मां दुर्गा की कृपा का आनंद उठाते हैं।

### कम्पोजिट विद्यालय सराय खास में छात्रों के उत्साहवर्धन के लिए एक सराहनीय पहल



**सादुल्लानगर/बलरामपुर।** कम्पोजिट विद्यालय सराय खास में छात्रों के उत्साहवर्धन के लिए एक सराहनीय पहल की गई। प्रभारी प्रधानाध्यापक भानु प्रकाश मिश्र एवं विद्यालय के शिक्षकों ने आपसी सहयोग से धन एकत्र कर विद्यालय के छात्र–छात्राओं को निःशुल्क टाई और बेल्ट वितरित किए। इस अवसर पर विद्यालय के लगभग 300 छात्र–छात्राओं को टाई और बेल्ट प्रदान किए गए। कार्यक्रम के दौरान प्रभारी प्रधानाचार्य भानु प्रकाश मिश्र ने कहा कि बच्चों को शिक्षा के साथ अनुशासन और स्वच्छता की आदत डालना आवश्यक है। यूनिफॉर्म से उनमें समानता और एकरूपता की भावना पैदा होती है। इस अवसर पर शिक्षक अमित त्रिपाठी, मुकेश कुमार वर्मा, सुशील त्रिपाठी, मुकेश पांडे, बिंदू मौर्या और खुशबू सिंह मौजूद रहे। कार्यक्रम में बच्चों ने भी खुशी जाहिर की और शिक्षकों का आभार व्यक्त किया।

# दरबारों में गूंजे मां के जयकारे, भक्तों की उमड़ी भीड़

**गोंधिया सहित कई गांवों में भव्य रूप से सजाए गए दुर्गा दरबार, प्रतिदिन होंगे जागरण व झांकियां**

**बिजुआ खीरी, समृद्धि न्यूज़।**



शारदीय नवरात्र में मां दुर्गा के दरबार सजकर तैयार हो गए हैं। बिजुआ क्षेत्र के दर्जनों गांवों में मां जगत जननी की प्रतिमाएं स्थापित कर पूजन-अर्चन शुरू हो गया है। सुबह-शाम आरती में शामिल होने और मां के दर्शन के लिए श्रद्धालु दूर-दराज से पहुंच रहे हैं। विकासखंड बिजुआ की ग्राम पंचायत गोंधिया समेत पडरिया तुला, बिजुआ, इटकुटी, मलूकापुर, पडरिया तिलकापुर, मूड़ा खुर्द, पल्हनापुर, छोटे लालपुर, फूलपुर, आदि गांवों में नवरात्र पर दरबार सजाए गए हैं। गोंधिया में ऊंची-नीची पहाड़ियों और दुर्गम रास्तों के बीच बने दरबार में भक्त विशेष आकर्षण का अनुभव करेंगे। दुर्गा कमेटी अध्यक्ष वीरेंद्र वर्मा ने बताया कि कार्यकर्ताओं की मेहनत से दरबार को भव्य रूप दिया गया है। पूरे नवरात्र भर यहां विशेष कार्यक्रम होंगे। प्रतिदिन जागरण और सजीव झांकियां प्रस्तुत की जाएंगी। समापन पर 1 अक्टूबर को हवन-पूजन और 2 अक्टूबर को कन्या भोज व भंडारे के साथ मूर्तियों का विसर्जन किया जाएगा। श्रद्धालुओं ने संकल्प लिया है कि पूरे उत्सव को उल्लास और भक्ति भाव से मनाया जाएगा। इस मौके पर मोहनलाल वर्मा, लालता प्रसाद वर्मा, रामलखन मिश्रा, महेंद्र वर्मा, रोहित वर्मा, जसवंत कुमार, राम गोविंद, हरिशंकर सहित कई श्रद्धालु मौजूद रहे।

### मां वैष्णो दरबार के उद्घाटन पर गूंजा भक्ति रस, वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हुई मूर्ति स्थापना



**गोला गोकर्णनाथ,(लखीमपुर)।** शहर की पुरानी मिल कॉलोनी में भक्तिमय माहौल के बीच मां वैष्णो देवी के कृत्रिम दरबार का शुभारंभ सोमवार को विधि–विधान से पूजा–अर्चना के साथ किया गया। उद्घाटन अवसर पर यजमान राजीव शुक्ला, सीओ रमेश तिवारी, कोतवाल अम्बर सिंह, समाजसेवी राजेश शुक्ला एवं अवधेश श्रीवास्तव दीपू ने मां के चरणों में पुष्प अर्पित कर दरबार का आरंभ किया। भव्य रूप से सजाए गए इस दरबार में मां भवानी की प्रतिमा को वैदिक मंत्रोच्चार के बीच स्थापित किया गया। विशेष आकर्षण के रूप में हिमाचल प्रदेश से लाई गई मां ज्वाला देवी की पवित्र ज्योत को भी श्रद्धालुओं के दर्शन हेतु रखा गया है, जो भक्तों की आस्था का केंद्र बनी हुई है। कृत्रिम रूप से निर्मित इस आध्यात्मिक दरबार के खुलते ही श्रद्धालुओं की भीड़ उमड़ पड़ी, जो मां के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त करने को आतुर दिखे। इस मौके पर अतुल पुरवार, राजीव शुक्ला, अमर सिंह, अवधेश श्रीवास्तव दीपू समेत बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे और आयोजन को सफल बनाया। आयोजकों के अनुसार, मां वैष्णो दरबार पूरे नवरात्र काल तक भक्तों के दर्शनार्थ खुला रहेगा, जहां रोजाना आरती, भजन और सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।

### गणेश व ध्वज पूजन के साथ रामलीला महोत्सव का शुभारंभ, निकाली गई शोभायात्रा

**गोला गोकर्णनाथ (लखीमपुर)।** शारदीय नवरात्र की पावन बेला पर सोमवार को श्री गणेश एवं ध्वज पूजन के साथ दशहरा मेला एवं रामलीला महोत्सव का शुभारंभ धूमधाम से हुआ। देर शाम हुए पूजन के बाद रामलीला मंदिर परिसर से भव्य ध्वज शोभायात्रा निकाली गई, जिसने नगरवासियों की भक्ति और उत्साह को एक सूत्र में बांध दिया। वैदिक मंत्रोच्चार एवं विधिविधान के बीच पहले ध्वज पूजन और फिर मेला मैदान में ध्वजारोहण की परंपरा का निर्वहन किया गया। इसके बाद रामलीला मंदिर से बैंड–बाजों के साथ सजी शोभायात्रा नगर के विभिन्न मार्गों से होती हुई मेला मैदान पहुंची, जहां श्रद्धालुओं ने पूरे उत्साह के साथ उसका स्वागत किया। इस अवसर पर रामलीला कमेटी के अध्यक्ष धर्मेंद्र गिरि मोंटी, महामंत्री पंकज गुप्ता, मंदिर समिति अध्यक्ष जर्नादन गिरि, रामरक्षपाल, पटेल सुशील वर्मा, पंकज मिश्रा, द्वारिका प्रसाद रस्तोगी,आदित्य गुप्ता आदि समेत बड़ी संख्या में स्थानीय भक्तगण एवं नागरिक उपस्थित रहे। रामलीला की औपचारिक शुरुआत आज सेः ध्वजारोहण के साथ रामलीला मंचन की विधिवत शुरुआत भी हो गई है। आज से रामलीला मंच पर रामकथा का मंचन शुरू होगा, जिसमें भगवान श्रीराम के चरित्र की झलकियों को कलाकारों द्वारा जीवंत रूप में प्रस्तुत किया जाएगा।



**वैदिक मंत्रोच्चार और श्रद्धा के बीच गूंजे जयकारे, मेला मैदान में हुआ ध्वजारोहण**

### सेवा ही संकल्प, राष्ट्र प्रथम ही प्रेरणाः उतरौला में स्वस्थ नारी-सशक्त परिवार स्वास्थ्य शिविर संपन्न

**उतरौला (बलरामपुर)।** प्रदेश सरकार की सेवा ही संकल्प, राष्ट्र प्रथम ही प्रेरणा थीम के अनुरूप सोमवार, 22 सितंबर 2025 को सीएचसी उतरौला में स्वस्थ नारी–सशक्त परिवार अभियान के तहत एक दिवसीय महिला स्वास्थ्य शिविर आयोजित किया गया। यह आयोजन राज्यव्यापी आठवां राष्ट्रीय पोषण माह और प्रधानमंत्री मातृ वंदना योजना के अंतर्गत किया गया, जिसका संदेश स्वयं मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ और प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से जुड़ा है। शिविर का शुभारंभ विधायक राम प्रताप वर्मा और सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के अधीक्षक डॉ. चंद्र प्रकाश सिंह ने फीता काटकर किया। उद्घाटन के दौरान विधायक राम प्रताप वर्मा ने कहा, स्वस्थ महिला ही सशक्त समाज की नींव है। सरकार की प्राथमिकता है कि हर महिला तक समय पर स्वास्थ्य जांच और उपचार की सुविधा पहुँचे।


## त्यौहार विशेष रेलगाड़ियों की संख्या में वृद्धि–2025

आगामी त्यौहारों के दौरान रेलयात्रियों के सुविधाजनक आवागमन हेतु रेलवे द्वारा निम्नलिखित त्यौहार विशेष एक्सप्रेस रेलगाड़ियाँ नीचे दी गई समय–सारणी के अनुसार संचालित की जाएंगीः–

**रेलगाड़ी सं. 03107/03108 कोलकाता – लखनऊ – कोलकाता त्यौहार विशेष एक्सप्रेस (साप्ताहिक)** — 12 फेरे

| गाड़ी सं. 03107 | | ↓ स्टेशन ↑ | गाड़ी सं. 03108 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 23:55 | कोलकाता | 00:40 | ---- |
| 00:10 | ---- | लखनऊ | ---- | 01:40 |

चलने के दिनः **03107 कोलकाता** से प्रत्येक गुरुवार को दिनांक 02.10.2025 से 06.11.2025 तक और **03108 लखनऊ** से प्रत्येक शनिवार को दिनांक 04.10.2025 से 08.11.2025 तक।
ठहरावः नैहाटी, बैण्डेल, बर्द्धमान, दुर्गापुर, आसनसोल, चित्तरंजन, मधुपुर, जसीडीह, झाझा, किऊल जं., शेख़पुरा, नवादा, तिलैया जं., गया जं., अनुग्रह नारायण रोड, डेहरी ऑन सोन, सासाराम, भभुआ रोड, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., वाराणसी एवं सुलतानपुर स्टेशन।
स्थानः 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य श्रेणी।

**रेलगाड़ी सं. 03435/03436 मालदा टाउन – आनंद विहार (ट.) – मालदा टाउन त्यौहार विशेष एक्सप्रेस (साप्ताहिक)** — 18 फेरे

| गाड़ी सं. 03435 | | ↓ स्टेशन ↑ | गाड़ी सं. 03436 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 09:30 | मालदा टाउन | 21:05 | ---- |
| 13:40 | ---- | आनंद विहार (ट.) | ---- | 15:45 |

चलने के दिनः **03435 मालदा टाउन** से प्रत्येक सोमवार को दिनांक 29.09.2025 से 24.11.2025 तक और **03436 आनंद विहार (ट.)** से प्रत्येक मंगलवार को दिनांक 30.09.2025 से 25.11.2025 तक।
ठहरावः न्यू फरक्का, बड़हरवा जं., साहिबगंज जं., पीरपैंती, कहलगाँव, भागलपुर, सुलतानगंज, जमालपुर जं., अभयपुर, किऊल जं., शेखपुरा, नवादा, तिलैया जं., गया जं., अनुग्रह नारायण रोड, डेहरी ऑन सोन, सासाराम, भभुआ रोड, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., प्रयागराज, गोविन्दपुरी एवं टूण्डला जं. स्टेशन।
स्थानः 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य श्रेणी।

**रेलगाड़ी सं. 02391/02392 पटना जं. – आनंद विहार (ट.) – पटना जं. त्यौहार विशेष एक्सप्रेस (साप्ताहिक)** — 22 फेरे

| गाड़ी सं. 02391 | | ↓ स्टेशन ↑ | गाड़ी सं. 02392 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 22:20 | पटना जं. | 17:20 | ---- |
| 18:30 | ---- | आनंद विहार (ट.) | ---- | 23:20 |

चलने के दिनः **02391 पटना जं.** से प्रत्येक शनिवार को दिनांक 27.09.2025 से 29.11.2025 तक और **02392 आनंद विहार (ट.)** से प्रत्येक रविवार को दिनांक 28.09.2025 से 30.11.2025 तक।
ठहरावः दानापुर, आरा जं., बक्सर, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., प्रयागराज जं. एवं कानपुर सेंट्रल स्टेशन।
स्थानः 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य श्रेणी।

**रेलगाड़ी सं. 09083/09084 मुंबई सेंट्रल – बनारस – मुंबई सेंट्रल त्यौहार विशेष वातानुकूलित एक्सप्रेस (साप्ताहिक)** — 16 फेरे

| गाड़ी सं. 09083 | | ↓ स्टेशन ↑ | गाड़ी सं. 09084 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 23:10 | मुंबई सेंट्रल | 04:20 | ---- |
| 04:15 | 04:25 | लखनऊ | 20:45 | 20:55 |
| 10:30 | ---- | बनारस | ---- | 14:30 |

चलने के दिनः **09083 मुंबई सेंट्रल** से प्रत्येक बुधवार को दिनांक 24.09.2025 से 05.11.2025 तक और **09084 बनारस** से प्रत्येक शुक्रवार को दिनांक 26.09.2025 से 07.11.2025 तक।
ठहरावः बोरीवली, पालघर, वापी, वलसाड, सूरत, वडोदरा, रतलाम, कोटा जं., सवाई माधोपुर जं., गंगापुर सिटी, भरतपुर, ईदगाह, टूण्डला जं., शिकोहाबाद जं., मैनपुरी जं., भोगाँव, फ़र्रुखाबाद जं., कानपुर सेंट्रल, लखनऊ, रायबरेली जं., अमेठी, मां बेल्हा देवी धाम प्रतापगढ़ जं., जंघई जं. एवं भदोही स्टेशन।
स्थानः प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकॉनोमी।

**रेलगाड़ी सं. 09111/09112 वडोदरा जं. – गोरखपुर जं. – वडोदरा जं. त्यौहार विशेष एक्सप्रेस (साप्ताहिक)** — 20 फेरे

| गाड़ी सं. 09111 | | ↓ स्टेशन ↑ | गाड़ी सं. 09112 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 19:00 | वडोदरा जं. | 08:00 | ---- |
| 19:10 | 19:15 | बाराबंकी जं. | 08:58 | 09:00 |
| 23:30 | ---- | गोरखपुर जं. | ---- | 05:00 |

चलने के दिनः **09111 वडोदरा जं.** से प्रत्येक शनिवार को दिनांक 27.09.2025 से 29.11.2025 तक और **09112 गोरखपुर जं.** से प्रत्येक सोमवार को दिनांक 29.09.2025 से 01.12.2025 तक।
ठहरावः गोधरा, रतलाम जं., कोटा जं., गंगापुर सिटी, भरतपुर, ईदगाह, टूण्डला जं., शिकोहाबाद जं., मैनपुरी जं., फ़र्रुखाबाद जं., कानपुर सेन्ट्रल, मानक नगर, बादशाह नगर, बाराबंकी जं., गोंडा जं. एवं बस्ती स्टेशन।
स्थानः प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य श्रेणी।

**रेलगाड़ी सं. 09523/09524 ओखा – शकूर बस्ती – ओखा सुपर फास्ट त्यौहार विशेष (साप्ताहिक)** — 20 फेरे

| गाड़ी सं. 09523 | | ↓ स्टेशन ↑ | गाड़ी सं. 09524 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 10:00 | ओखा | 13:50 | ---- |
| 10:35 | ---- | शकूर बस्ती | ---- | 13:15 |

चलने के दिनः **09523 ओखा** से प्रत्येक मंगलवार को दिनांक 23.09.2025 से 25.11.2025 तक और **09524 शकूर बस्ती** से प्रत्येक बुधवार को दिनांक 24.09.2025 से 26.11.2025 तक।
ठहरावः द्वारका, खंभालिया, जामनगर, हापा, राजकोट जं., सुरेन्द्रनगर जं., वीरमगाम जं., महेसाना जं., ऊंझा, सिध्धपुर, पालनपुर जं., आबू रोड, फालना, मारवाड़ जं., ब्यावर, अजमेर, किशनगढ़, जयपुर, गांधीनगर जयपुर, दौसा, बाँदीकुई जं., अलवर, गुड़गांव एवं दिल्ली छावनी स्टेशन।
स्थानः 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकोनॉमी, शयनयान एवं सामान्य श्रेणी।

**रेलगाड़ी सं. 01415/01416 पुणे – गोरखपुर जं. – पुणे त्यौहार विशेष एक्सप्रेस (प्रतिदिन)** — 130 फेरे

| गाड़ी सं. 01415 | | ↓ स्टेशन ↑ | गाड़ी सं. 01416 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 06:50 | पुणे | 03:15 | ---- |
| 10:00 | 10:05 | लखनऊ | 22:30 | 22:35 |
| 16:00 | ---- | गोरखपुर जं. | ---- | 17:30 |

चलने के दिनः **01415 पुणे** से दिनांक 27.09.2025 से 30.11.2025 तक (प्रतिदिन) और **01416 गोरखपुर जं.** से दिनांक 28.09.2025 से 01.12.2025 तक (प्रतिदिन)।
ठहरावः दौंड कॉर्ड लाइन, अहमदनगर, कोपरगांव, मनमाड़ जं., भुसावल जं., खंडवा जं., इटारसी जं., भोपाल जं., बीना जं., वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी जं., कानपुर सेंट्रल, लखनऊ, गोंडा जं. एवं बस्ती स्टेशन।
स्थानः 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य श्रेणी।

**रेलगाड़ी सं. 05301/05302 मऊ जं. – अंबाला छावनी जं. – मऊ जं. त्यौहार विशेष एक्सप्रेस (साप्ताहिक)** — 18 फेरे

| गाड़ी सं. 05301 | | ↓ स्टेशन ↑ | गाड़ी सं. 05302 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 04:00 | मऊ जं. | 22:00 | ---- |
| 20:20 | 20:30 | दिल्ली जं. | 05:00 | 05:10 |
| 00:30 | ---- | अंबाला छावनी जं. | ---- | 01:40 |

चलने के दिनः **05301 मऊ जं.** से प्रत्येक गुरुवार को दिनांक 02.10.2025 से 27.11.2025 तक और **05302 अंबाला छावनी जं.** प्रत्येक शुक्रवार को दिनांक 03.10.2025 से 28.11.2025 तक।
ठहरावः बेलथरा रोड, भटनी जं., देवरिया सदर, गोरखपुर जं., खलीलाबाद, बस्ती, मनकापुर जं., गोंडा जं., बुढ़वल जं., सीतापुर जं., बरेली जं., मुरादाबाद, गाजियाबाद, दिल्ली जं., सोनीपत एवं पानीपत जं. स्टेशन।
स्थानः प्रथम वाता. सह 2 टियर वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकॉनोमी, शयनयान एवं सामान्य श्रेणी।

**रेलगाड़ी सं. 05005/05006 बढ़नी – अमृतसर – बढ़नी त्यौहार विशेष एक्सप्रेस (साप्ताहिक)** — 20 फेरे

| गाड़ी सं. 05005 | | ↓ स्टेशन ↑ | गाड़ी सं. 05006 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 15:10 | बढ़नी | 08:15 | ---- |
| 09:30 | ---- | अमृतसर | ---- | 12:45 |

चलने के दिनः **05005 बढ़नी** से प्रत्येक बुधवार को दिनांक 24.09.2025 से 26.11.2025 तक और **05006 अमृतसर** से प्रत्येक गुरुवार को दिनांक 25.09.2025 से 27.11.2025 तक।
ठहरावः तुलसीपुर, बलरामपुर, गोंडा जं., बुढ़वल, सीतापुर जं., बरेली जं., मुरादाबाद, सहारनपुर जं., यमुनानगर जगाधरी, अंबाला छावनी जं., ढंडारी कलां, जालंधर सिटी एवं ब्यास स्टेशन।
स्थानः शयनयान एवं सामान्य श्रेणी।

**रेलगाड़ी सं. 01707/01708 जबलपुर – आनंद विहार (ट.) – जबलपुर त्यौहार विशेष एक्सप्रेस (साप्ताहिक)** — 12 फेरे

| गाड़ी सं. 01707 | | ↓ स्टेशन ↑ | गाड़ी सं. 01708 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 14:15 | जबलपुर | 09:30 | ---- |
| 12:25 | ---- | आनंद विहार (ट.) | ---- | 13:45 |

चलने के दिनः **01707 जबलपुर** से प्रत्येक सोमवार को दिनांक 29.09.2025 से 03.11.2025 तक और **01708 आनंद विहार (ट.)** से प्रत्येक मंगलवार को दिनांक 30.09.2025 से 04.11.2025 तक।
ठहरावः कटनी जं., मैहर, सतना जं., मानिकपुर जं., शंकरगढ़, प्रयागराज जं., फ़तेहपुर, गोविन्दपुरी, इटावा जं., टूण्डला जं., अलीगढ़ जं. एवं गाजियाबाद स्टेशन।
स्थानः प्रथम वाता., 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य श्रेणी।

**रेलगाड़ी सं. 01431/01432 पुणे – गाजीपुर सिटी – पुणे त्यौहार विशेष एक्सप्रेस (सप्ताह में दो दिन)** — 38 फेरे

| गाड़ी सं. 01431 | | ↓ स्टेशन ↑ | गाड़ी सं. 01432 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 06:40 | पुणे | 16:20 | ---- |
| 14:45 | 14:50 | वाराणसी | 04:25 | 04:30 |
| 19:40 | ---- | गाजीपुर सिटी | ---- | 22:40 |

चलने के दिनः **01431 पुणे** से प्रत्येक शुक्रवार व मंगलवार को दिनांक 26.09.2025 से 28.11.2025 तक और **01432 गाजीपुर सिटी** से प्रत्येक शनिवार व बुधवार को दिनांक 27.09.2025 से 29.11.2025 तक।
ठहरावः दौंड कॉर्ड लाइन, अहमदनगर, मनमाड़ जं., जलगांव जं., भुसावल जं., खंडवा जं., इटारसी जं., भोपाल जं., बीना जं., वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी जं., उरई, गोविंदपुरी, फ़तेहपुर, सूबेदारगंज, वाराणसी, जौनपुर जं. एवं औंड़िहार जं. स्टेशन।
स्थानः 2 टियर वाता., 3 टियर वाता. एवं सामान्य श्रेणी।

**रेलयात्रियों से अनुरोध है किसी भी जानकारी के लिए कृपया रेलमदद हेल्पलाइन नं. 139 पर सम्पर्क करें अथवा रेलवे की वेबसाइट https://enquiry.indianrail.gov.in अथवा NTES ऐप देखें।**

**रेलगाड़ी सं. 01123/01124 लोकमान्य तिलक (ट.) – मऊ – लोकमान्य तिलक (ट.) त्यौहार विशेष एक्सप्रेस (सप्ताह में दो दिन)** — 40 फेरे

| गाड़ी सं. 01123 | | ↓ स्टेशन ↑ | गाड़ी सं. 01124 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 12:15 | लोकमान्य तिलक (ट.) | 22:20 | ---- |
| 00:45 | 00:50 | वाराणसी | 13:20 | 13:25 |
| 05:35 | ---- | मऊ | ---- | 07:35 |

चलने के दिनः **01123 लोकमान्य तिलक (ट.)** से प्रत्येक शुक्रवार व रविवार को दिनांक 26.09.2025 से 30.11.2025 तक और **01124 मऊ** से प्रत्येक रविवार व मंगलवार को दिनांक 28.09.2025 से 02.12.2025 तक।
ठहरावः ठाणे, कल्याण जं., इगतपुरी, नासिक रोड, जलगांव जं., भुसावल जं., खंडवा जं., इटारसी जं., भोपाल जं., बीना जं., वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी जं., उरई, गोविंदपुरी, फ़तेहपुर, सूबेदारगंज, मिर्ज़ापुर, वाराणसी, जौनपुर जं. एवं औंड़िहार जं. स्टेशन।
स्थानः 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य श्रेणी।

**रेलगाड़ी सं. 01051/01052 लोकमान्य तिलक (ट.) – बनारस– लोकमान्य तिलक (ट.) त्यौहार विशेष एक्सप्रेस (सप्ताह में दो दिन)** — 40 फेरे

| गाड़ी सं. 01051 | | ↓ स्टेशन ↑ | गाड़ी सं. 01052 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 12:15 | लोकमान्य तिलक (ट.) | 16:40 | ---- |
| 01:10 | ---- | बनारस | ---- | 06:35 |

चलने के दिनः **01051 लोकमान्य तिलक (ट.)** से प्रत्येक बुधवार व गुरुवार को दिनांक 24.09.2025 से 27.11.2025 तक और **01052 बनारस** से प्रत्येक शुक्रवार व शनिवार को दिनांक 26.09.2025 से 29.11.2025 तक।
ठहरावः ठाणे, कल्याण जं., इगतपुरी, नासिक रोड, जलगांव जं., भुसावल जं., खंडवा जं., इटारसी जं., भोपाल जं., बीना जं., वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी जं., उरई, गोविंदपुरी, फ़तेहपुर, सूबेदारगंज, मिर्ज़ापुर एवं वाराणसी स्टेशन।
स्थानः 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., शयनयान एवं सामान्य श्रेणी।

**रेलगाड़ी सं. 09061/09062 बांद्रा (ट.) – बरौनी जं. – बांद्रा (ट.) त्यौहार विशेष एक्सप्रेस (साप्ताहिक)** — 06 फेरे

| गाड़ी सं. 09061 | | ↓ स्टेशन ↑ | गाड़ी सं. 09062 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 21:20 | बांद्रा (ट.) | 06:30 | ---- |
| 04:20 | 04:30 | लखनऊ | 01:05 | 01:10 |
| 19:15 | ---- | बरौनी जं. | ---- | 12:15 |

चलने के दिनः **09061 बांद्रा (ट.)** से प्रत्येक सोमवार को दिनांक 29.09.2025 से 06.10.2025 तक और **09062 बरौनी जं.** से प्रत्येक गुरुवार को दिनांक 25.09.2025 से 09.10.2025 तक।
ठहरावः बोरीवली, पालघर, वापी, वलसाड, सूरत, वडोदरा, रतलाम, रामगंज मंडी, कोटा, गंगापुर सिटी, भरतपुर, मथुरा, कासगंज, फर्रूखाबाद जं., कानपुर सेंट्रल, लखनऊ, सुलतानपुर, जौनपुर सिटी, वाराणसी, पं. दीन दयाल उपाध्याय जं., बक्सर, आरा, दानापुर, पाटलिपुत्र, सोनपुर, हाजीपुर एवं शाहपुर पटोरी स्टेशन। स्थानः 3 टियर वाता.।

**रेलगाड़ी सं. 09041/09042 उधना – बलिया – उधना त्यौहार विशेष एक्सप्रेस (साप्ताहिक)** — 06 फेरे

| गाड़ी सं. 09041 | | ↓ स्टेशन ↑ | गाड़ी सं. 09042 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 06:40 | उधना | 12:45 | ---- |
| 14:35 | 14:45 | वाराणसी | 05:10 | 05:20 |
| 20:15 | ---- | बलिया | ---- | 23:30 |

चलने के दिनः **09041 उधना** से प्रत्येक गुरुवार को दिनांक 25.09.2025 से 09.10.2025 तक और **09042 बलिया** से प्रत्येक शुक्रवार को दिनांक 26.09.2025 से 10.10.2025 तक।
ठहरावः सूरत, भरूच जं., विश्वामित्री जं., (वडोदरा जं. केवल 09041 के लिए), गोधरा जं., दाहोद, रतलाम जं., नागदा जं., उज्जैन जं., शुजालपुर, संत हिरदाराम नगर, विदिशा, गंज बासौदा, बीना जं., ललितपुर, वीरांगना लक्ष्मीबाई झाँसी, उरई, गोविंदपुरी, फ़तेहपुर, प्रयागराज जं., मिर्ज़ापुर, चुनार जं., वाराणसी जं., जौनपुर जं., औंड़िहार जं. एवं ग़ाज़ीपुर सिटी स्टेशन। स्थानः 3 टियर वाता.।

**रेलगाड़ी सं. 09257/09258 भावनगर (ट.) – शकूर बस्ती – भावनगर त्यौहार विशेष एक्सप्रेस (साप्ताहिक)** — 22 फेरे

| गाड़ी सं. 09257 | | ↓ स्टेशन ↑ | गाड़ी सं. 09258 | |
|---|---|---|---|---|
| आगमन | प्रस्थान | | आगमन | प्रस्थान |
| ---- | 13:50 | भावनगर (ट.) | 11:00 | ---- |
| 10:55 | ---- | शकूर बस्ती | ---- | 13:15 |

चलने के दिनः **09257 भावनगर (ट.)** से प्रत्येक शुक्रवार को दिनांक 26.09.2025 से 28.11.2025 तक और **09258 शकूर बस्ती** से प्रत्येक शनिवार को दिनांक 27.09.2025 से 29.11.2025 तक।
ठहरावः भावनगर परा, सीहोर गुजरात, धोला जं., बोटाद जं., लींबडी, सुरेंद्रनगर गेट, विरमगाम जं., महेसाणा जं., पालनपुर जं., आबू रोड, मारवाड़ जं., ब्यावर, अजमेर जं., किशनगढ़, जयपुर, गांधीनगर जयपुर, दौसा, बांदीकुई जं., अलवर जं., रेवाड़ी, गुड़गांव और दिल्ली छावनी स्टेशन।
स्थानः 2 टियर वाता., 3 टियर वाता., 3 टियर वाता. इकॉनोमी, शयनयान एवं सामान्य श्रेणी।

**उत्तर रेलवे**
आपकी सुविधा–हमारा ध्येय
हमें www.nr.indianrailways.gov.in पर मिलें
पर हमें फॉलो करें
ग्राहकों की सेवा में मुस्कान के साथ

# चाइल्ड फ्रेन्डली स्कूल के छात्रों को नि:शुल्क यूनीफार्म वितरित

- शिक्षा और संस्कृति का हो समुचित उत्थान: सुधीर
- शारदीय नवरात्रि के पहले दिन सामूहिक हवन , कन्या भोज कर छात्रों को दी शुभकानमनाएं




**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

बनीकोडर ब्लॉक के ग्राम छंदवल में बेसिक उत्थान एवं ग्रामीण सेवा संस्थान द्वारा नि:शुल्क संचालित चाइल्ड फेन्डली स्कूल में नवरात्रि के अवसर पर कन्या पूजन,हवन के साथ कन्या भोज का आयोजन हुआ और छात्रों को यूनीफार्म वितरित किया गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि राष्ट्रीय स्वयं सेवक संघ के जिला कार्यवाह सुधीर तिवारी विशिष्ट अतिथि प्रेस क्लब रामसनेहीघाट के अध्यक्ष रामबाबू मिश्र प्रधान संघ के पूर्व अध्यक्ष अमर बहादुर सिंह ने हवन, कन्या पूजन, कन्या भोज में भाग लिया ततपश्चात छात्र छात्राओं को यूनीफार्म वितरित किया। इस अवसर पर संघ के जिला कार्यवाह सुधीर जी ने कहा कि राष्ट्र में शिक्षा और संस्कृति दोनों का समुचित उत्थान होना चाहिए, चाइल्ड फेन्डली स्कूल में छात्रों को मिल रही शिक्षा और संस्कार से यहां की छात्र देश में नाम रोशन करेगें। प्रेस क्लब के अध्यक्ष रामबाबू मिश्रा ने कहा कि छात्रों में नैतिक ज्ञान होना जरूरी है, शिक्षालय संस्कारशाला के रूप में कार्य करेंगे तभी परिवार रूपी संस्था मजबूत होगी। प्रधान संघ के पूर्व अध्यक्ष ने कहा कि इस संस्थान द्वारा निराश्रित 100 बच्चों को 72 माह तक निरन्तर भोजन की व्यवस्था कराई, चाइल्ड फेन्डली स्कूल के माध्यम से गरीब परिवारों के 200 बच्चों को 20 वर्षों से नि:शुल्क शिक्षा दी जा रही हैं, यह ईश्वरीय कार्य है। संस्थान के अध्यक्ष रत्नेश कुमार ने सभी का स्वागत किया, सपत्नीक हवन, कन्या पूजन व कन्या भोज कराया।

प्रधानाचार्य विनोद कुमार ने सभी अतिथियों के प्रति धन्यवाद ज्ञापित किया। आयोजन में शिक्षिका वन्दना वर्मा, शारदा रावत, प्रिया मौर्य, सरिता यादव, पूनम रत्नाकर, प्रिंशी वर्मा, पलक, अनिता, एवं स्टाफ से जियालाल, सरोज, सरस्वती ने योगदान दिया। इस कार्यक्रम में 101 कन्याओं सहित 178 बच्चों एवं आधा सैकड़ा अभिभावकों ने भाग लिया।

# पूजा समितियों ने स्थापित की दुर्गा प्रतिमाएं

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**



शारदीय नवरात्र के तहत कस्बा की आधा दर्जन पूंजा समितियों द्वारा आयोजित किए जाने वाले दुर्गा पूजा महोत्सव के लिए सोमवार को नगर के मुख्य मार्गों से झांकियों, बैण्ड बाजो, डीजे के साथ भव्य कलश यात्रा निकाली गई।

कलश पूजन के बाद इन कलशो को महोत्सव स्थल पर ले जाकर पुन स्थापित कर दिया गया। शाम 3 बजे विजई हनुमान मंदिर, एलआईसी कार्यालय, सुबेहा तिराहा, सब्जी मंडी एवं ठाकुरद्वारा वार्ड की पूजा समितियो द्वारा कलश यात्रा निकालने के पहले वैदिक मंत्रोच्चारण के बीच कलशो का पूजन किया गया ।सुबेहा तिराहे से निकली यह कलश यात्रा सबसे पहले शीतला माता मंदिर पहुंची, जहां पर सगरा से कलश में जल भरने के बाद यात्रा हैदरगढ़ रायबरेली मार्ग पर स्थित तिपुला नहर व बाबा प्रेमदास कुटी पर पहुंची जहां पर विधिवत पूंजन के बाद कलशो में जल भरकर वापस महोत्सव स्थलों पर ले जाकर स्थापित कर दिया गया। इस अवसर पर सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर पुलिस के जवान शोभा यात्रा के साथ चल रहे थे। कलश यात्रा में पूर्व शिक्षाधिकारी एमपी अवस्थी, चेयरमैन आलोक तिवारी, कृष्ण कुमार द्विवेदी राजू भैया,योगेश द्विवेदी, शादाब खान, हनुमान प्रसाद विश्वकर्मा, नीलूमिश्रा, प्रथमेश मिश्रा, महेश वैश्य,डब्बू अवस्थी, पूर्व प्रधान कुसुमेश चंद्र मिश्रा, पूजा समिति के रामकृष्ण वैश्य , राकेश गुप्ता, ज्ञानू मिश्रा, सोनू, पप्पू यज्ञ सैनी सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालु शामिल रहे।

# पत्नी की हत्या में पति सहित दो को आजीवन कारावास, लगा जुर्माना

**बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**

- पुलिस पैरवी के प्रयास की जनता ने की प्रशंसा

ऑपरेशन कंविक्शन के तहत चिन्हित अभियोग की प्रभावी पैरवी के परिणामस्वरुप न्यायालय द्वारा हत्या की घटना से सम्बन्धित 02 अभियुक्तों को आजीवन कारावास व एक एक लाख रुपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया है।

एसपी अर्पित विजयवर्गीय के निर्देशन में प्रभावी पैरवी कर थाना टिकैतनगर पर हत्या की घटना के सम्बन्ध में पंजीकृत मु.अ.सं.-78/2022 धारा 302/201/34 भादवि से सम्बन्धित अभियुक्त दीपू गोस्वामी उर्फ बाबा पुत्र हरिप्रसाद गोस्वामी हरिहर (मृतका का पति).सुनीता पत्नी दिनेश निवासीगण बराईन थाना टिकैतनगर जनपद बाराबंकी को उपरोक्त धाराओं में न्यायालय अपर सत्र न्यायाधीश/विशेष न्यायाधीश (ईसी एक्ट) बाराबंकी द्वारा दोष सिद्ध करते हुए आजीवन कारावास व एक एक लाख रुपए के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया । उक्त कार्यवाही से जनता में न्याय के प्रति विश्वास बढ़ा तथा पुलिस पैरवी के इस प्रयास की जनता द्वारा भूरि भूरि प्रशंसा की गयी। उपरोक्त अभियोग पुलिस महानिदेशक उप्र लखनऊ द्वारा चलाये जा रहे महिला सम्बन्धी/जघन्य सनसनीखेज अपराध के तहत चिन्हित अभियोग है।

# राज्यमंत्री ने लालेश्वर महादेव मंदिर का जीर्णोद्धार कार्य का किया शुभारंभ

**रामसनेहीघाट बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**



नवरात्रि के प्रथम दिन श्रद्धा और भक्ति का संगम तब देखने को मिला जब प्रदेश के खाद्य एवं रसद राज्य मंत्री सतीश शर्मा ने सिल्हौर गांव स्थित प्राचीन लालेश्वर महादेव मंदिर के सौंदर्यीकरण कार्यों का शिलान्यास किया।

करीब एक करोड़ रुपये की लागत से होने वाले इन कार्यों से न केवल श्रद्धालुओं को बेहतर सुविधाएं मिलेंगी बल्कि क्षेत्रीय पर्यटन को भी नई दिशा मिलेगी। राज्य मंत्री श्री शर्मा ने कहा कि बाबा भोलेनाथ के इस पौराणिक धाम से हजारों लोगों की आस्था जुड़ी है। वर्षों से यहां रैन बसेरा, महिला-पुरुष शौचालय और शुद्ध पेयजल की कमी के कारण श्रद्धालुओं को दिक्कतों का सामना करना पड़ता था। उन्होंने बताया कि शासन से बजट स्वीकृत होने के बाद अब मंदिर परिसर का सौंदर्यीकरण कराया जाएगा, जिससे श्रद्धालुओं को सुगमता के साथ दर्शन का अवसर मिलेगा। सतीश शर्मा ने कहा कि यह सिर्फ सौंदर्यीकरण नहीं, बल्कि आस्था और संस्कृति को संजोने का कार्य है। उन्होंने विश्वास जताया कि मंदिर का विकास होने से स्थानीय लोगों को रोजगार भी मिलेगा और क्षेत्र में धार्मिक पर्यटन को बढावा भी मिलेगा इस मौके पर देविगंज मण्डल अध्यक्ष सुरेंद्र मिश्र, रुपेश प्रताप सिंह लकी, प्रधान राजेश मिश्रा जवाहर तिवारी खंड विकास अधिकारी विनय मिश्रा सहित तमाम ग्रामीण व पार्टी कार्यकर्ता मौजूद रहे।

# चर्चित दो आरा मशीनें सीज, कर रहे थे प्रतिबंध लकड़ी का कारोबार

**हैदरगढ़ बाराबंकी समृद्धि न्यूज़।**

- आरा मशीन के बाहर आम, जामुन, नीम आदि प्रतिबंधित लड़कियों का दिखा जाखिरा
- आरा मशीन चला रहे कमरुद्दीन से मांगे गए अभिलेख

वन विभाग ने क्षेत्र की चर्चित दो आरा मशीनो पर छापा मार कर सीज कर दिया। थाना क्षेत्र के चौकी गांव निवासी कमरूदीन का अवैध प्रतिबंधित लकडी का बहुत बडा कारो बार माना जाता है। सोमवार के दिन रेंजर राकेश तिवारी उप क्षेत्रिय वनाधिकारी अनुज सिंह की अगुवाई मे टीम चौकी गांव स्थिति कमरुदीन की आरामशीन पहुंची।

आरामशीन के बाहर भारी तादाद मे आम जामुन नीम आदि प्रतिबंधित लड़कियों का भारी जाखिरा दिखा। प्रतिबंधित अवैध लड़कियों का भारी भरकम नजारा देखकर वन विभाग के अधिकारी आश्चर्यचकित रह गए। आरा मशीन चला रहे कमरुद्दीन से अभिलेख मांगे। लेकिन आरा मशीन संचालक कई महत्वपूर्ण अभिलेख नही दिखा सके। इसी के चलते वन अधिकारियों ने आरा मशीन को सीज कर दिया। उसके बाद वन विभाग की टीम सुबेहा कस्बा आ धमकी। यहां अकबर खान की आरा मशीन पर पहुंचे। यहां भी वहां के हालात एक जैसे दिखे। इसी के चलते अकबर खान की मशीन को भी सीज कर दिया गया।

## रोडवेज की चपेट से बाइक सवार की मौत

**मसौली, बाराबंकी।** लखनऊ अयोध्या राष्ट्रीय राजमार्ग पर अज्ञात रोडवेज बस की चपेट मे आ जाने से गंभीर रूप से घायल एक्सल बाईक की इलाज के दौरान मृत्यु हो गयी मृतक कानपुर जिले का निवासी जो फेरी लगाकर कपड़ा बेचने का कार्य करते है। जनपद कानपुर के रूरा थाना क्षेत्र के ग्राम पदमपुर निवासी हरिओम पुत्र अनुरुद्ध सिंह जो फेरी लगाकर कपड़ा बेचने का काम करते है सोमवार को हरिओम अपनी एकसल बाईक पर कपड़े की गठरी बांध कर घर वापस लौट रहा था कि लखनऊ अयोध्या राष्ट्रीय राजमार्ग पर अज्ञात रोडवेज बस ने टककर मार दी जिससे हरिओम गंभीर रूप से घायल हो गया जिसे इलाज के लिए जिला अस्पताल मे भर्ती कराया गया जिसकी इलाज के दौरान मृत्यु हो गयी।

## खबरें एक नजर में

### दशम आयुर्वेद दिवस पर आज होंगे कार्यक्रम

**बाराबंकी।** दशम आयुर्वेद दिवस पर जीजीआईसी बाराबंकी में जीजीआई सी, बाराबंकी में कार्यक्रम का आयोजन 23 सितम्बर को पूर्वान्ह 11 बजे से किया जा रहा है। क्षेत्रीय आयुष अधिकारी डॉ वीनम यादव ने बताया कि भारत सरकार द्वारा प्राप्त दिशा निर्देशों के क्रम में उप्र शासन से जारी अधिसूचना के आधार पर जनपद बाराबंकी के जीजीआईसी के सभागार में समारोह पूर्वक दशम आयुर्वेद दिवस का आयोजन 23 सितंबर पूर्वान्ह 11 बजे से किया जा रहा है। यह कार्यक्रम आयुर्वेद जन जन के लिए, पृथ्वी के कल्याण के लिए की थीम्स पर किया जा रहा है।

### स्वास्थ्य केंद्र पर लगा शिविर, 229 मरीजों का हुआ उपचार

**जैदपुर, बाराबंकी।** स्वास्थ्य नारी सशक्त परिवार कार्यक्रम के तहत जैदपुर स्वास्थ्य केंद्र पर विशेष शिविर का आयोजन किया गया। शिविर मे 8 विशेषज्ञ डॉक्टरों ने 229 मरीजो का मुफ्त इलाज किया। जानकारी के अनुसार जैदपुर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मे स्वास्थ्य नारी सशक्त परिवार कार्यक्रम के तहत आज स्वास्थ्य शिविर का आयोजन किया गया। इस शिविर मे विभिन्न विशेषज्ञ चिकित्सको ने मरीजो का परामर्श और उपचार किया। शिविर में चर्म रोग विशेषज्ञ डॉ सुरेंद्र कुमार और नेत्र रोग विशेषज्ञ डॉ लवभूषण गुप्ता ने मरीजो को देखा। बाल रोग विशेषज्ञ डॉ शकील अहमद और सर्जन डॉ उमंग वर्मा ने भी मरीजो का इलाज किया।डॉ पंकज चौधरी,डॉ सौम्या शुक्ला,डॉ शिवानी कंदर्प और डॉ राजीव टंडन सहित स्वास्थ्य केंद्र के अन्य चिकित्सको ने भी अपनी सेवाएं दी। शिविर मे कुल 229 मरीजो का उपचार किया गया।इनमे 69 पुरुष,140 महिलाएं और 20 बच्चे शामिल थे। इस तरह के शिविर से स्थानीय लोगो को विशेषज्ञ चिकित्सको की सेवाएं उनके नजदीक मिल सकी।

### व्यापारी करेंगे अमेरिकी उत्पादों का बहिष्कार

**इटावा।** भारत पर पचास प्रतिशत टैरिफ लगाने के विरोध में व्यापारी अमेरिकी उत्पादों का बहिष्कार करेंगे ,ये निर्णय उद्योग व्यापार प्रतिनिधि मंडल युवा इकाई की एन एच2 आगरा रोड पर एक प्रतिष्ठान में आयोजित बैठक में लिया गया। जिलाध्यक्ष आलोक दीक्षित की अध्यक्षता में आयोजित बैठक में जिलाध्यक्ष ने व्यापारियों एवं नागरिकों से अपील की कोका कोला,थम्स अप, डोमिनोज आदि अमेरिकी उत्पादों को अपने प्रतिष्ठानों पर न रक्खे और न ही इनका प्रयोग करें युवा जिलाध्यक्ष रियाज़ अब्बासी ने कहा कि देश की अर्थव्यवस्था की रीढ़ व्यापारियों के हाथ में है,रूस से कच्चा तेल खरीदने के विरोध में अमेरिका ने हमारे देश में बने उत्पादों पर 50 प्रतिशत टैरिफ लगा दिया है,अगर सभी व्यापारी और देश वासी एक जुट होकर उनका विरोध कर दें तो किसी की दादागिरी नहीं चलेगी बैठक में व्यापारीयों ने स्मार्ट मीटर का भी विरोध किया इस अवसर पर जिला कोषाध्यक्ष कामिल कुरैशी, वरिष्ठ जिला उपाध्यक्ष हाजी शेख आफ्ताब, युवा महामंत्री सुनील कुशवाहा, अजीत कुमार, धर्मेन्द्र यादव,शेख नबाब, पप्पू हसन,देव गुप्ता, आशीष चौहान, अंकित दीक्षित,मोहिसिन, अरुण कठेरिया सहित युवा व्यापार मंडल के पदाधिकारी मौजूद रहे, युवा व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने जिला अध्यक्ष आलोक दीक्षित का फूल मालाओं से स्वागत भी किया संचालन उपाध्यक्ष पंकज पोरवाल ने किया।

# एसडीएम को व्यथा सुनाने आयी बुजुर्ग महिला ने दिया आशीर्वाद

**रामसनेहीघाट बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**



आमतौर पर सरकारी दफ्तरों में फरियादियों को बार-बार चक्कर लगाना पड़ता है, लेकिन यहां नजारा बिल्कुल अलग था। एक बुजुर्ग महिला की आंखों से आंसू बह निकले जब एसडीएम अनुराग सिंह ने उसे मां जैसा भरोसा देकर उनका दिल जीत लिया।

सोमवार को रामसनेहीघाट तहसील परिसर में उस समय हर कोई भावुक हो उठा जब 70 वर्षीय श्यामलता नामक महिला अपनी फरियाद लेकर एसडीएम अनुराग सिंह के पास पहुंची। जैसे ही बुजुर्ग महिला ने अपनी व्यथा सुनाई, एसडीएम ने उसे सम्मानपूर्वक कुर्सी पर बिठाया और धैर्यपूर्वक उसकी पूरी बात सुनी। श्यामलता ने बताया कि उसके पति की मौत हो चुकी है। बेटा-बहू मजदूरी कर परिवार चलाते हैं और घर के नाम पर महज पन्नी की झोपड़ी है। हालात इतने खराब हैं कि पटीदार उस जमीन पर भी कब्जा जताकर उन्हें वहां से हटाने का प्रयास कर रहे हैं। यह सुनकर एसडीएम ने तत्काल राजस्व कर्मी को बुलवाया और महिला को घरौनी उपलब्ध कराई। एसडीएम यहीं नहीं रुके, उन्होंने मौके पर खंड विकास अधिकारी पूरेडलई को फोन मिलाकर महिला की पात्रता की जांच कराई। पात्रता सूची में नाम मिलने के बाद तुरंत प्राथमिकता के आधार पर उसे आवास योजना की धनराशि स्वीकृत करने का निर्देश दिया। महिला की सुरक्षा को लेकर भी उन्होंने पुलिस को आवश्यक कार्रवाई करने के आदेश दिए। इस दौरान एसडीएम न्यायिक आकांक्षा गुप्ता भी मौजूद रहीं। बुजुर्ग महिला के प्रति दिखाए गए इस दयालु व्यवहार को देख वहां मौजूद फरियादी और कर्मचारी द्रवित हो उठे। सबकी जुबां पर एक ही बात थी -साहब हो तो ऐसे।

जुग-जुग जियो बेटा कहते हुए श्यामलता की आंखों से बहते आंसू और एसडीएम को दिए गए आशीर्वाद ने माहौल को संवेदनाओं से भर दिया। आमतौर पर शिकायतों के ढेर के बीच ठंडी प्रक्रिया देखने को मिलती है, लेकिन यहां एक अफसर का मानवीय चेहरा न सिर्फ फरियादियों के लिए राहत बन गया बल्कि व्यवस्था पर भी भरोसा जगाने वाला साबित हुआ।

# कार के बोनट में बैठा अजगर, वन विभाग की टीम ने जंगल में छोड़ा

- बोनट में करीब 7 फीट लंबा अजगर मौजूद था

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**



क्षेत्र के कोटवाधाम स्थित सत्यनाम पुरवा गांव में भाजपा नेता नागेंद्र प्रताप सिंह की कार में एक विशालकाय अजगर मिला। सोमवार की सुबह जब नागेंद्र प्रताप सिंह अपनी कार स्टार्ट करने गए तो उन्हें कुछ दिखाई दिया। उन्होंने बोनट खोलकर देखा। बोनट में करीब 7 फीट लंबा अजगर मौजूद था। नागेंद्र प्रताप ने तुरंत आसपास के लोगों को आवाज लगाई। जिसके बाद मौके पर ग्रामीणों की भीड़ लग गई। लोग वीडियो और फोटो बनाने लगे। भाजपा नेता ने इसकी सूचना वन विभाग के कर्मचारियों को दी। सूचना मिलते ही वन विभाग की टीम मौके पर पहुंच गई। डिप्टी रेंजर मनोज कुमार ने बताया कि विभागीय टीम ने अजगर को पकड़कर जंगल में छोड़ दिया है।

# दो बाइकों की भिड़ंत में चार युवक घायल, तीन रेफर

**चकरनगर, इटावा, समृद्धि न्यूज।**

सोमवार दोपहर समय उदी-भरेह मार्ग पर मानपुरा गांव के पास दो बाइकों की आमने-सामने जोरदार टक्कर हो गई।

हादसे में चार लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। तीन को जिला अस्पताल के लिए रेफर किया गया। सहसों थाना के गांव सिरसा निवासी शिवम यादव, रामू व शैलेन्द्र सोमवार दोपहर समय करीब दो बजे बाइक से राजपुर अस्पताल जा रहे थे, इसी दौरान सामने से दूसरी बाइक सवार राकेश गनियावर गांव से आ रहे थे। मानपुरा के पास पहुंचते ही दोनों बाइकों में आमने-सामने से टक्कर हो गई। टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि दोनों बाइकों के परखच्चे उड़ गए और चारों युवक सड़क पर गिरकर गंभीर रूप से घायल हो गए। राहगीरों की सूचना पर पहुंची थाना पुलिस ने घायलों को निजी वाहन से सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र राजपुर भेजा, जहां प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने उनकी गंभीर हालत देखते हुए जिला अस्पताल रेफर कर दिया। चिकित्सकों के अनुसार शिवम को मामूली चोटें आई हैं, जबकि रामू, शैलेन्द्र और वीटू के गंभीर चोट लगी हैं। थाना प्रभारी निरीक्षक सुधीर कुमार सिंह ने बताया कि दुर्घटनाग्रस्त दोनों बाइकों को कब्जे में लेकर आगे की कार्रवाई की जा रही है।

## मूक-बधिर हुआ महिला आयोग: प्रेरणा ज़ुबैरी

**इटावा।** सरकार जिस तरह से बेटी बचाओ,बेटी पढ़ाओ के नारों के साथ महिला शक्ति करण की बात करते हुए मिशन शक्ति जैसे महिला लुभावने कार्यक्रमों को चला कर महिलाओं के स्वावलंबन की बात कर रही है। उसको देख कर लगता है कि जैसे महिलाओं के स्तर में अमूल चूक सुधार हुए हैं। किंतु काग़ज़ों पर बातें करने एवं धरातल पर कार्य होने में ज़मीन आसमान का अंतर है। क्योंकि उसके बाद भी महिलाओं के प्रति लगातार बढ़ते आपराधिक मामले (विशेषत: बलात्कार से संबंधित) सरकार की कार्य प्रणाली पर प्रश्न चिन्ह खड़े करते हैं। यह बात कांग्रेस जिला प्रवक्ता प्रेरणा ज़ुबैरी ने अपना एक बयान जारी करते हुए कही। उन्होंने कहा कि हमारे देश में महिलाओं के प्रति अपराधों में दिनों दिन बढ़ोत्तरी के चलते आम महिलाओं का घर से निकलना दुश्वार होता जा रहा है। बात तब और गंभीर हो जाती है जब हमारे देश एवं प्रदेश का न्याय तंत्र महिलाओं की सुरक्षा एवं सम्मान से जुड़े निर्णयों में अपराधियों को सुरक्षा प्रदान करने वाले निर्णय सुनाने लगते हैं।

# ई-रिक्शा में पड़ा मिला चालक का शव, परिजनों ने जताया आक्रोश

**उन्नाव, समृद्धि न्यूज।**

स्पोर्ट स्टेडियम के पास ई-रिक्शा चालक के अपने रिक्शे में पड़े होने की सूचना पर पहुंची पुलिस उसे अस्पताल लाई। जहां डॉक्टर मृत घोषित कर दिया। सूचना पर मोर्चरी पहुंचे परिजनों ने हंगामा किया। इसपर दही एसओ ने उन्हें शांत कराया। सदर कोतवाली के उम्मीदों के शहर मोहल्ला निवासी सुमित (20) पुत्र सियाराम किराए का ई-रिक्शा चलाकर अपना पेट पालता था। रविवार की रात वह ई-रिक्शा लेकर निकला था। सोमवार भोरपहर दही थाना क्षेत्र के पं.दीनदयाल उपाध्याय स्पोर्ट्स स्टेडियम के पास वह अपने रिक्शे में अचेत पड़ा था। इसपर अन्य चालकों की सूचना पर पहुंची पुलिस ने उसे अस्पताल पहुंचाया। जहां डॉक्टर ने उसे मृत घोषित कर दिया। पुलिस ने ई-रिक्शा मालिक से संपर्क किया इसपर उसने परिजनों को इसकी खबर दी। अचानक हुई मौत से परिजनों में कोहराम मच गया। इस दौरान उन लोगों ने मौत पर शक जता हंगामा किया। दही एसओ पहुंचे और पीएम रिपोर्ट के आधार पर कार्रवाई का भरोसा दिलाया। बेटे की मौत से मां सुशीला भाई अंकित, आकाश विकाश व बहने शशि, सीमा रो-रोकर बेहाल रही।

## रिश्तेदारी में रह रहे युवक की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत

**उन्नाव।** सदर कोतवाली में अपने रिश्तेदार के यहां रह रहे युवक की मौत हो गई। सूचना पहुंचे उसके भाई ने मौत पर संदेह जताया। इसपर पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा। हरदोई जिला के संडीला कस्बा बारादरी मस्जिद निवाड़ी नईम (45) पुत्र स्व.याकूब सदर कोतवाली के मासवासी गांव में कई वर्षों से अपने रिश्ते के चाचा वारिस पुत्र जुम्मन के घर रहता था।

## सूचना

मेरी एलआईसी पॉलिसी सं. 265580525 में मेरा नाम भूलवश श्याम सिंह व जन्मतिथि 15/07/1991 दर्ज हो गया है, जबकि अन्य दस्तावेजों में मेरा नाम श्यामू व जन्मतिथि 01/01/1990 दर्ज है, जो सही है। दोनों ही नाम व जन्मतिथि एक ही व्यक्ति के है। **श्यामू पुत्र वीर सिंह निवासी भटासा, फर्रुखाबाद।**

# पुरानी रंजिश में दो पक्षों में मारपीट, दो लोग घायल

**ऊसराहार, इटावा, समृद्धि न्यूज।**

थाना क्षेत्र के ग्राम मुर्चा में पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों में मारपीट हो गई। घटना में दो लोग घायल हो गए। पीड़ित अशोक कुमार निवासी मुर्चा ने थाना ऊसराहार में तहरीर देकर बताया कि दिनांक 19 सितम्बर 2025 की शाम करीब 5 बजे वह घर पर खाना खा रहे थे। इसी दौरान पड़ोसी मदनलाल, अमरजीत, रामदेवी, सबनम, और प्रीत लाठी-डंडे लेकर घर में घुस आए और गाली-गलौज करते हुए जानलेवा हमला कर दिया। पीड़ित का आरोप है कि सभी लोग मारपीट करने लगे बीच विचाव के लिए आई उनकी पत्नी सुरजमुखी को भी पीट दिया गया। मारपीट के दौरान उन्हें सिर से लेकर पैरों तक चोटें आई हैं। पीड़ित ने आरोप लगाया कि उक्त लोगो ने उन्हें जान से मारने की धमकी भी दी है। वहीं दूसरे पक्षे से प्रीती ने ऊसराहार पुलिस को तहरीर दी है घटना की जानकारी के बाद पुलिस ने दोनों पक्षों से मिली तहरीर के आधार पर मामला दर्ज कर दिया है। प्रभारी निरीक्षक बलराम मिश्रा ने बताया कि दोनों ओर से मिले प्रार्थना पत्र पर रिपोर्ट दर्ज कर जांच की जा रही है।

# भाकियू कार्यकर्ताओं ने तहसीलदार को सौंपा ज्ञापन

- किसानों ने खजुरी माइनर की टेल तक पानी पहुंचाने की मांग की

**सिरौलीगौसपुर बाराबंकी, समृद्धि न्यूज।**



भारतीय किसान अवस्थी संगठन ने तहसील प्रशासन को दस सूत्रीय मांग पत्र सौंपा है। संगठन के जिलाध्यक्ष संतोष तिवारी के नेतृत्व में दर्जनों कार्यकर्ताओं ने तहसीलदार बालेंदु भूषण वर्मा और नायब तहसीलदार अन्नू सिंह को ज्ञापन दिया। किसानों ने खजुरी माइनर की टेल तक पानी पहुंचाने की मांग की है। साथ ही कोटवाधाम स्थित साधन सहकारी समिति के पुराने भवन को नीलाम कर नए भवन के निर्माण की मांग रखी है। विकास खंड दरियाबाद में लघु सिंचाई विभाग द्वारा नि:शुल्क बोरिंग की सुविधा देने की मांग की गई है। किसानों ने जिन लोगों ने स्वयं बोरिंग करवाई है, उन्हें मजदूरी का भुगतान करने की मांग भी रखी है। कोटवाधाम तीर्थ स्थल पर बैंकिंग और एटीएम की सुविधा तथा मंदिर परिसर की साफ-सफाई की मांग भी शामिल है।

संगठन ने चेतावनी दी है कि यदि मांगों पर शीघ्र कार्रवाई नहीं की गई, तो 13 अक्टूबर को कोटवाधाम से मुख्यमंत्री कार्यालय तक पैदल मार्च किया जाएगा। इस अवसर पर राम केदार रावत सहित कई महिला-पुरुष कार्यकर्ता उपस्थित थे।

## कार्यालय नगर पंचायत कम्पिल, जनपद. फर्रुखाबाद।

पत्रांक: 389/न0पं0 कम्पिल/रा0वि0आ0/नि0सू0/2025-26 दिनांक: 22/09/2025

### अल्पकालीन निविदा सूचना

नगर पंचायत कम्पिल, फर्रुखाबाद को राज्य वित्त अयोग के अन्तर्गत बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में मार्गों की मरम्मत कार्य कराये जाने की स्वीकृति प्रदान की गई है। जिसके लिए अल्पकालीन निविदा नगर पंचायत कम्पिल में वित्तीय वर्ष 2025-26 में समस्त ठेकेदार/आपूर्तिकर्ताओं हेतु निविदा पत्र के माध्यम से दिनांक 23/09/2025 को प्रातः 10:00 बजे से दिनांकः 29/09/2025 को अपरान्ह 03:00 बजे तक आमंत्रित की जाती हैं एवं समस्त निविदायें दिनांक 29/09/2025 को ही अपरान्ह 04: 00 बजे अधोहस्ताक्षरी के समक्ष/द्वारा खोली जायेंगी। निविदा सम्बन्धी अन्य समस्त जानकारी व नियम शर्तो हेतु किसी भी कार्यालय दिवस में कार्यालय समय में उपस्थित हो कर जानकारी प्राप्त की जा सकती है। बिना किसी कारण बताए किसी भी निविदा/समस्त निविदाओं को अस्वीकृत करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी को होगा।

| क्र | कार्य का नाम | आगणन धनराशि (With 18% GST) | जमानत धनराशि | निविदा शुल्क (With 18% GST) | अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | नगर पंचायत कम्पिल के सीमा विस्तारित बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों शंकरपुर, ग्रासपुर व अकबरपुर के मार्गों पर कटान वाले स्थानों पर मिट्टी भराव व समतलीकरण कार्य | 3.81 लाख | 8,000 /- | 500/- | एक सप्ताह |

(अवनीश कुमार)
अधिशासी अधिकारी
नगर पंचायत कम्पिल
फर्रुखाबाद।

(राजवती यादव)
अध्यक्ष
नगर पंचायत कम्पिल
फर्रुखाबाद।

# सभी क्षेत्रों में आगे हैं बालिकाएं : अर्चना पांडेय

**सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में हुआ कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम**




**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

मिशन शक्ति 5.2 के अंतर्गत बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के अंतर्गत सामुदायिक स्वास्थ्य केन्द्र के सभागार में आयोजित कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम में मुख्य अतिथि विधायक एवं पूर्व राज्य मंत्री अर्चना पांडेय ने कहा आज सभी क्षेत्रों में बालिकाएं आगे हैं।

विधायक ने कहा हमारी बहन बेटियां आईएएस और आईपीएस बन कर प्रशासनिक क्षेत्रों में कार्य कर रही हैं। बेटा और बेटी में कोई अंतर नहीं समझा जाए क्योंकि बेटा और बेटी एक समान हैं। जिला प्रोबेशन अधिकारी महेंद्र प्रताप सिंह ने कहा कि आज बालिकाओं को अच्छी शिक्षा एवं अच्छै पालन पोषण की आवश्यकता है। हब फॉर एम्पावरमेंट ऑफ वूमेन से प्रतिमा दुबे ने बालिकाओं की सुरक्षा हेतु हेल्प लाइन नम्बर वीमेन पावर लाइन 1090, महिला हेल्पलाइन 181, मुख्यमंत्री हेल्पलाइन 1076, पुलिस आपात कालीन सेवा 112 आदि के बारें में जानकारी दी। चिकित्सा केंद्र प्रभारी डॉ राहुल मिश्रा ने कहा कि हमें समाज में नकारात्मक परंपराओं एवं कुरीतियों को समाप्त करना होगा होगा। सामाजिक कार्यकर्त्ता अंकुश कुशवाहा के संचालन में हुए कार्यक्रम में महिला कल्याण विभाग की तरफ से 29 शिशु बालिकाओं को बेबीकिट, कपड़े,, डायपर, मिठाई, तौलिया का वितरण किया गया। इस कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य समाज में समान लिंगानुपात स्थापित करना, कन्या भ्रूण हत्या पर रोक, बच्चों के स्वास्थ्य एवं शिक्षा में सुधार करना, बालिकाओं के परिवार को आर्थिक सहायता प्रदान करना एवं बच्चे के जन्म के प्रति आत्मजजन मे सकारात्मक सोच विकसित करना आदि प्रमुख उद्देश्य हैं। इस अवसर पर हब फॉर एम्पावरमेंट ऑफ वूमेन से शालिनी सक्सेना, अनुपम, प्रदीप, जिला बाल संरक्षण इकाई से अजीत राठौर, सतीश पाल सहित अन्य संबधित लोग उपस्थित रहे।

## नेहरू कालेज में क्विज प्रतियोगिता का आयोजित



**छिबरामऊ, कन्नौज।** नेहरू कॉलेज में राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई के तत्त्वावधान में माय भारत पोर्टल पर रजिस्ट्रेशन के उपरांत 'विकसित भारत यंग लीडर्स डायलॉग 2026' के अंतर्गत क्विज प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें छात्र-छात्राओं ने बढ़चढ़ कर प्रतिभाग किया। इस अवसर पर जिला युवा कल्याण अधिकारी सागर माहेश्वरी सहित कॉलेज के शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहे। यह कार्यक्रम माय भारत पोर्टल के नोडल अधिकारी राघवेंद्र प्रताप सिंह के निर्देशन में संपन्न हुआ।

# मृतक युवक के परिवार को सपा ने दी आर्थिक मदद

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

गंगा विसर्जन के दौरान डूबने से मृत्यु हो गई थी। इस दुःखद घटना पर समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव के निर्देश अनुसार और जिला अध्यक्ष कलीम खान के नेतृत्व में प्रतिनिधिमंडल सदर विधानसभा क्षेत्र के ग्राम टिड़ियापुर पहुँचा। बीते दिनों गणेश विसर्जन के दौरान गंगा नदी में डूबकर मृत हुए युवक अंकित कुशवाहा 20 वर्ष के परिजनों से संवेदना व्यक्त करने हेतु किया गया।



**अखिलेश यादव के निर्देश पर दी गई एक लाख की सहायता**

प्रतिनिधिमंडल ने पार्टी फंड से एक लाख रुपये की आर्थिक सहायता का चेक मृतक के परिवार को सौंपा। यह सहायता पीड़ित परिवार को संबल प्रदान करने के उद्देश्य से दी गई। इस अवसर पर वरिष्ठ सपा नेता जय कुमार तिवारी बउअन मुख्य जिला प्रवक्ता विजय द्विवेदी समाजवादी युवजन सभा के प्रदेश उपाध्यक्ष हसीब हसन, विधानसभा अध्यक्ष पीपी सिंह, सलोवा जिलाध्यक्ष अंशू पाल, कार्यालय प्रभारी विजय यादव, सपा नेता यशवीर भदौरिया, विवेक पाल, टिंकू पाल, नितिन यादव, शिब्बू तिवारी, छात्र सभा जिलाध्यक्ष योगेश शर्मा, सद्दाम गुफरान अहमद, मोहम्मद कामरान सहित अनेक समाजवादी कार्यकर्ता उपस्थित रहे। समाजवादी नेताओं ने परिवार को ढांढस बंधाया और भरोसा दिलाया कि समाजवादी पार्टी दुख की इस घड़ी में परिवार के साथ खड़ी है।



## घायल को अस्पताल पहुंचाने पर मिलेगा इनाम

**छिबरामऊ, कन्नौज।** टीएसआई अरशद अली ने आमजन को जागरूक करते हुए यातायात नियमों के बारे में बताया और कहा घायल को अस्पताल पहुंचाने पर नगद इनाम सहित प्रशस्ति पत्र भी मिलेगा। पुलिस अधीक्षक विनोद कुमार के निर्देशन एवं प्रभारी यातायात रवि शंकर त्रिपाठी के मार्गदर्शन में टीएसआई अरशद ने पूर्वी बाईपास, फर्रुखाबाद चौराहा एवं तालग्राम चौराहे के आसपास आम जनता को बताया कि प्रायः देखने को मिलता है कही पर अगर किसी का एक्सीडेंट हो जाता है तो लोग पहले वीडियो बनाते हैं, फिर उसकी मदद करते हैं। उन्होंने कहा ऐसा कदापि न करें। घायल को घटना से एक घंटे के अंदर अस्पताल पहुंचाने वाले को नेक व्यक्ति की संज्ञा दी जाएगी और सरकार की तरफ से 25000 रुपए इनाम व प्रशस्ति पत्र दिया जाएगा। इस मौके पर टीएसआई ने नारा दिया फ़घायल को पहले अस्पताल पहुचाएं,बाद में वीडियो बनाएं। ट्रैफिक पुलिस राहगीरों को जानकारी देकर उनको यातायात नियमों का पालन करने के लिए प्रेरित भी कर रही है, लेकिन जो नियमों का उल्लंघन कर रहे हैं उनसे जुर्माना भी वसूल रही है।

# डॉक्टरों की लापरवाही से ट्रक ड्राइवर की दर्दनाक मौत

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

कस्बे में एक निजी अस्पताल में इलाज के नाम पर लूट और लापरवाही की ऐसी घटना सामने आई है, जिसने इंसानियत को शर्मसार कर दिया। पैसों की लालच में बिना सुविधाओं के ड्राइवर के पैर का ऑपरेशन कर दिया, जिससे उसकी दर्दनाक मौत हो गई। परिजनों ने गंभीर आरोप लगाते हुए मामले की शिकायत पुलिस से की है।

मिली जानकारी के अनुसार सिकंदरपुर चौकी क्षेत्र के धींगपुर गांव निवासी जोखी लाल जाटव का इकलौता 25 वर्षीय पुत्र प्रदीप जाटव कभी मजदूर तो कभी ट्रक ड्राइवर का कार्य करता था। कुछ दिन पूर्व ट्रक चलाते समय हुई सड़क दुर्घटना में प्रदीप घायल हो गया था। कई जगह उपचार के बाद उसे सौ शैया अस्पताल रोड़ स्थित न्यू लाइफ हॉस्पिटल एंड ट्रामा सेंटर में भर्ती कराया गया था। डॉक्टरों ने ऑपरेशन के लिए पांच लाख रुपये का अनुबंध थोपा। परिजनों ने तीन लाख रुपये नगद जमा कराए, तो बिना किसी सावधानी के ऑपरेशन कर दिया गया। सर्जरी के बाद प्रदीप की हालत बिगड़ने लगी। घबराए डॉक्टरों ने उन्हें कानपुर रेफर कर दिया। रास्ते में ही प्रदीप की सांसें थम गईं। मौत की सूचना मिलने पर परिजन अस्पताल की एम्बुलेंस से शव वापस ला रहे थे, लेकिन करमुल्लापुर चौराहे पर एम्बुलेंस ड्राइवर ने वाहन रोक दिया और फरार हो गया। उसके साथ अस्पताल के डॉक्टरों ने भी शव को गाड़ी में छोड़कर भागने का कृत्य किया। यह देखकर परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। उन्होंने डॉक्टरों पर इलाज में घोर लापरवाही, पैसे के लालच और मानवता की हत्या का आरोप लगाया है। प्रदीप परिवार का एकमात्र कमाने वाला था, जो ट्रक चलाकर गुजारा करता था। घटना की जानकारी मिलते ही अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी (एसीएमओ) केके त्रिपाठी और वाईके मंजुल ने अस्पताल पहुंचकर जांच शुरू की। परिजनों ने सीएमओ को शिकायत सौंपी है। पुलिस ने भी मामले की तहकीकात जानने के लिए जांच शुरू कर दी है। डॉक्टरों की इस करतूत ने पूरे इलाके में आक्रोश पैदा कर दिया है। घटना के बाद पत्नी श्वेता और आठ माह का पुत्र उमंग उर्फ गोलू अब अनाथों की तरह बेबस हो गए हैं।



**परिजनों ने लगाए गंभीर आरोप**

# विशाल अजगर देखकर हड़कंप जेसीबी से निकाला गया



**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

नवीन मंडी के पास एक विशाल अजगर सांप दिखने से इलाके में हड़कंप मच गया। स्थानीय लोगों ने तुरंत वन विभाग को सूचना दी।

कोतवाली प्रभारी विष्णुकांत तिवारी और मंडी चौकी इंचार्ज मौके पर पहुंचे। ग्राम प्रधान पवन यादव, अजमेर अली, मोनू अली, सिपाही सुनील कुमार और सोहित गिहार ने अजगर को निकालने का प्रयास किया, लेकिन वह नाले की पटिया के नीचे छुपा था। काफी कोशिशों के बाद भी अजगर बाहर नहीं आया, तो जेसीबी की मदद ली गई। जेसीबी से नाले की पटिया हटाने के बाद अजगर को निकाला गया और वन विभाग के अधिकारियों ने उसे सुरक्षित पकड़ लिया। अजगर के पकड़े जाने के बाद स्थानीय लोगों ने राहत की सांस ली। वन विभाग के अधिकारी अजगर को अपने साथ ले गए, ताकि उसे जंगल में सुरक्षित स्थान पर छोड़ा जा सके। इस घटना ने पूरे इलाके में चर्चा का विषय बना दिया।

# आजाद समाज पार्टी सभी सीटों पर लड़ेगी चुनाव



**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

सौरिख के पास राजापुर में आजाद समाज पार्टी (भीम आर्मी) के तत्वावधान में जाति तोड़ो, समाज जोड़ो व सदस्यता अभियान का आयोजन किया गया। इस अवसर पर मुख्य अतिथि प्रदेश संगठन मंत्री रामगोपाल ने कहा कि आजाद समाज पार्टी जिले की सभी जिला पंचायत सीटों पर मजबूती से चुनाव लड़ेगी। उन्होंने कहा कि बहुजन समाज की लड़ाई भीम आर्मी लड़ रही है और चन्द्रशेखर आजाद को लोग उम्मीद भरी निगाहों से देख रहे हैं। उन्होंने बाबा साहब के शिक्षा के अधिकार पर जोर देते हुए बच्चों को शिक्षित करने की अपील की। मण्डल प्रभारी छबिराम जाटव ने कहा, ÷शिक्षा शेरनी का दूध है, जो पिएगा वो दहाड़ेगा।÷ जिलाध्यक्ष प्रभात गौतम ने कहा कि पार्टी के प्रबुद्ध सम्मेलनों से विरोधी घबरा रहे हैं, पर बहुजन समाज के दिलों में पार्टी ने जगह बना ली है। उन्होंने पाखंडी बाबाओं पर निशाना साधते हुए कहा कि वे हिन्दू-मुस्लिम भाईचारे को तोड़कर देश को कमजोर कर रहे हैं। आने वाले समय में पार्टी यूपी में मजबूती से चुनाव लड़ेगी। कार्यक्रम में जिला प्रभारी शेर सिंह, युवा मोर्चा जिलाध्यक्ष नेम सिंह खटिक, जिला महासचिव चांद खां, जिला उपाध्यक्ष गुलाम वारिस, अनन्त शाक्य, सतीश जाटव, कृष्णादीप, डॉ. रमेश चंद्र, विधानसभा अध्यक्ष पुष्पेंद्र, ओमप्रकाश, पवन गौतम, मीडिया प्रभारी अनुज रावण, नगर अध्यक्ष अरशद खां, सुशील गौतम आदि मौजूद रहे।

## जनपदीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन आज

**छिबरामऊ, कन्नौज।** शासन के निर्देश पर जिला विद्यालय निरीक्षक के आदेशानुसार हीरालाल वीएन इंटर कॉलेज में 23 सितंबर को जनपदीय कबड्डी प्रतियोगिता का आयोजन होगा। इस प्रतियोगिता में जनपद कन्नौज के राजकीय, अशासकीय सहायता प्राप्त, और वित्तविहीन माध्यमिक विद्यालयों की बालक और बालिका कबड्डी टीमें भाग लेंगी। प्रधानाचार्य राधावल्लभ मिश्रा ने आयोजन की तैयारियों की गहन समीक्षा की और विद्यालय स्टाफ के साथ बैठक कर सभी की जिम्मेदारियां निर्धारित कीं। प्रतियोगिता में भाग लेने वाली टीमें सुबह 8 बजे से आयोजन स्थल पर पहुंचना शुरू करेंगी। कार्यक्रम का औपचारिक उद्घाटन सुबह 10 बजे मुख्य अतिथि पप्पू सरोज जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा किया जाएगा। विद्यालय के क्रीड़ाध्यक्ष वीरेंद्र कुमार वर्मा ने बताया कि जनपद के विभिन्न विद्यालयों से लगभग 50 टीमां के कुल 500 खिलाड़ी इस प्रतियोगिता में भाग लेंगे।

# हवन पूजन संग हुई मां दुर्गा प्रतिमाओं की स्थापना

**छिबरामऊ, कन्नौज, समृद्धि न्यूज।**

नवरात्र के पहले दिन नगर के देवी मंदिरों में मां दुर्गा के प्रथम स्वरूप मां शैलपुत्री की आराधना की गई। कई घरों सहित मोहल्ला दीक्षितान के बांके बिहारी मंदिर, मोहल्ला छपट्टी के दुर्गा मंदिर, मोहल्ला बस्तीराम में गमा देवी मंदिर के पास और इंदिरा आवास कॉलोनी में भी मां दुर्गा प्रतिमा की स्थापना की गई।



सौरिख रोड स्थित सिद्ध पीठ मां कालिका देवी मंदिर में भोर होते ही लंबी लाइनें लग गई। मंदिर के पुजारी पंडित विजय शुक्ला ने बताया श्रद्धालु एक-एक करके आए और देवी के दर्शन सहित उनकी पूजा-अर्चना की। शक्ति पीठ गमा देवी मंदिर के पुजारी पंडित बनारसी दास शास्त्री ने कहा शारदीय नवरात्र पर मंदिर में सामूहिक शक्ति साधना होगी। शारदीय नवरात्र में तिथि में वृद्धि होने के कारण नवरात्र शुभ कारक है। प्रतिदिन दुर्गा सप्तशती पाठ दुर्गा, चालीसा पाठ करना अति शुभकारक होगा। शक्ति की उपासना करने से घर में सुख शांति बनी रहती है। महाष्टमी का पूजन व्रत मंगलवार 30 सितंबर को होगा।महानवमी का व्रत 1 अक्टूबर बुधवार को होगा एवं 1 अक्टूबर बुधवार नवमी को ही हवन पूजन कर लिया जाएगा। नवमी व्रत का पारण 2 अक्टूबर बृहस्पतिवार को किया जाएगा। शक्तिपीठ के पुजारी ने बताया कि प्रत्येक वर्ष की भांति इस वर्ष भी शक्ति साधना सामूहिक रूप से शक्तिपीठ गमा देवी में होगी।

प्रातः जागरण 4 बजे, प्रातः सामूहिक आरती 5:30 बजे, दोपहर शयन 12 बजे, सांय जागरण 4 बजे, सांय सामूहिक आरती 5 बजे एवं रात्रि शयन 9 बजे होगा। शक्तिपीठ के पुजारी ने सभी देवी भक्तों को माता जी की सामूहिक संध्या आरती में सम्मिलित होने के लिए अधिकाधिक संख्या में उपस्थित होने के लिए अपील की है।

## अभ्युदय योजना के कोचिंग केन्द्रों में प्रशिक्षण जारी

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** जिलाधिकारी आशुतोष मोहन अग्निहोत्री के कुशल मार्गदर्शन में समाज कल्याण विभाग द्वारा संचालित अभ्युदय योजना के तहत जनपद की सभी तहसीलों में कोचिंग केन्द्रों का संचालन प्रभावी रूप से किया जा रहा है। इन कोचिंग केन्द्रों के माध्यम से आर्थिक और सामाजिक रूप से पिछड़े वर्ग के छात्रों को प्रतियोगी परीक्षाओं की तैयारी के लिए निःशुल्क एवं गुणवत्तापूर्ण शिक्षण प्रदान किया जा रहा है। इसी क्रम में अभ्युदय कोचिंग सेंटरए पीएसएम कॉलेज में प्रशिक्षु आईएएस अर्पित कुमार द्वारा विद्यार्थियों को मार्गदर्शन दिया गया। उन्होंने छात्रों से संवाद करते हुए बताया कि कोचिंग में अध्ययन का कार्य प्रतिदिन पूर्व निर्धारित रोस्टर और पाठ्यक्रम ;सिलेबस के अनुसार संचालित किया जाएगा। इससे छात्रों को योजनाबद्ध ढंग से तैयारी करने में सुविधा होगी और वे प्रतियोगी परीक्षाओं में बेहतर प्रदर्शन कर सकेंगें। उन्होंने कहा कि इस योजना का मुख्य उद्देश्य वंचित एवं जरूरतमंद वर्ग के युवाओं को मुख्यधारा से जोड़ना और उन्हें शिक्षा के माध्यम से सशक्त बनाना है।

## फर्जी हस्ताक्षर की होगी फॉरेन्सिक जांच सीडीओ ने दिए आदेश

**कन्नौज, समृद्धि न्यूज।** ग्राम विकास अधिकारी एसोसिएशन की ओर से फर्जी हस्ताक्षर को लेकर एक गंभीर मामला प्रकाश में आया है। इस संबंध में एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष गिरजेश तिवारी, प्रान्तीय प्रतिनिधि युवराज सिंह व महामंत्री विनोद पटेल ने 22 सितम्बर को एक ज्ञापन देकर जिला प्रशासन को अवगत कराया कि तथाकथित प्रधान संगठन जिलाध्यक्ष चन्द्रकान्त यादव प्रधान शरदपुर द्वारिकापुर, छिबरामऊ द्वारा मण्डलायुक्त कानपुर को भेजे गए एक शिकायती पत्र में उनके फर्जी हस्ताक्षर अंकित किए गए हैं। एसोसिएशन पदाधिकारियों ने बताया कि 19 मार्च 2025 की समिति की कार्यवाही और एक पुराने ज्ञापन का भी गलत तरीके से दुरुपयोग किया गया है। उन्होंने शिकायती पत्र को निराधारए भ्रामक और मनगढ़ंत बताते हुए जिला परियोजना प्रबन्धक शलभ त्रिपाठी ईमानदारी से कार्य कर रहे हैं और पंचायत सचिव उनके कार्य व्यवहार से संतुष्ट हैं।

## छात्राओं की शिकायत पर जागा प्रशासन, चमेंड गांव को मिली सड़क की सौगात



**कोंच, जालौन।** कोंच विकास खण्ड के चमेंड गांव में छात्राओं द्वारा बीते दिनों सड़क न होने की एसडीएम से शिकायत की गई थी। इसको लेकर रविवार को एसडीएम ज्योति सिंह स्वयं गांव पहुंचीं और छात्राओं की समस्याओं को गंभीरता से सुना। उन्होंने आश्वासन दिया कि गांव में जल्द ही सड़क बनाई जाएगी, साथ ही साफ सफाई व अन्य मूलभूत समस्याओं को लेकर भी मौके पर मौजूद अधिकारियों को तत्काल समाधान करने के निर्देश दिए। इस दौरान मंडी सचिव सोनू भी मौजूद रहे। एसडीएम ज्योति सिंह ने बताया कि शासन स्तर से छात्राओं की समस्या को देखते हुए सड़क निर्माण की स्वीकृति मिल गई है। करीब डेढ़ किलोमीटर लंबी गांव से जुझारपुरा तक सड़क मंडी परिषद से 49 लाख 85 हजार रुपये की लागत से बनाई जाएगी। गांव में जैसे ही यह सूचना पहुंची, ग्रामीणों में खुशी की लहर दौड़ गई।

# चित्रकला प्रतियोगिता में छात्र-छात्राओं ने दिखाया हुनर

**सेवा परववाड़ा के तहत चित्रकला प्रतियोगिता का हुआ अयोजन**

**जलालाबाद, समृद्धि न्यूज।**

क्षेत्र के अनौगी स्थित डॉ भीमराव अंबेडकर राजकीय महाविद्यालय में सेवा पखवाड़ा 2025 के अंतर्गत चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्राचार्य डॉ. हेमेंद्र सिंह ने बताया कि विकसित भारत की व्यापक थीम के साथ सेवा पखवाड़ा मनाया जा रहा है।

यह थीम भारत को पूर्ण विकसित राष्ट्र के रूप में रूपांतरित करने की परिकल्पना को प्रदर्शित करती है। इस विशेष पखवाड़ा में छात्र छात्राओं के लिए चित्रकला प्रतियोगिता का आयोजन महाविद्यालय में किया गया।




कार्यक्रम के दौरान मौजूद शिक्षक व छात्र-छात्राएं

जिसका उद्देश्य कलात्मक अभिव्यक्ति के माध्यम से विकसित आत्मनिर्भर एवं डिजिटल भारत की परिकल्पना के लक्ष्य को छात्र- छात्राओं के बीच प्रसारित करना है। डॉ हरीराम यादव असि. प्रोफेसर जंतु विज्ञान ने विकसित, आत्मनिर्भर एवं डिजिटल भारत को चित्रकला के माध्यम से अभिव्यक्त करने के संबंध में छात्र-छात्राओं को जानकारी दी।

# पालिकाध्यक्ष ने मंदिरों की सफाई व विद्युत व्यवस्थाओं को परखा

**कोंच,जालौन समृद्धि न्यूज।**

नवरात्रि के प्रथम दिन कस्बे में भक्तिमय माहौल देखने को मिला। मां दुर्गा की पूजा-अर्चना के लिए श्रद्धालु सुबह से ही मंदिरों में पहुंचने लगे। इसी क्रम में नगर पालिका अध्यक्ष प्रदीप गुप्ता ने कस्बे के सिंह वाहिनी बड़ी माता मंदिर व प्रमुख देवी मंदिरों का भ्रमण कर व्यवस्थाओं का जायजा लिया। उन्होंने साफ-सफाई, पेयजल, सड़क और विद्युत आपूर्ति जैसी मूलभूत सुविधाओं की स्थिति को परखा और जिम्मेदार कर्मचारियों को आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। पालिका अध्यक्ष ने कहा कि नवरात्रि के नौ दिनों तक श्रद्धालुओं की भारी भीड़ मंदिरों में उमड़ती है। ऐसे में सफाई व्यवस्था में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जगह-जगह सड़क किनारे फैली गंदगी को तुरंत साफकरने के निर्देश दिए गए। साथ ही मंदिर परिसरों में पर्याप्त प्रकाश व्यवस्था सुनिश्चित करने के लिए विद्युत विभाग के अधिकारियों को विशेष रूप से सतर्क रहने को कहा गया। भक्तों की सुविधा के लिए पेयजल की पर्याप्त व्यवस्था करने और मंदिरों के आसपास अवैध पार्किंग पर रोक लगाने पर भी जोर दिया गया। पालिकाध्यक्ष ने स्पष्ट कहा कि नवरात्रि पर्व पर कस्बे की छवि स्वच्छ और सुसज्जित दिखनी चाहिए, ताकि श्रद्धालुओं को किसी प्रकार की असुविधा न हो।

# नवरात्र पर गांव से लेकर शहर तक पहुंचेगा सुरक्षा, सशक्तिकरण का संदेश

**उरई,जालौन समृद्धि न्यूज।**

शारदीय नवरात्र पर्व के अवसर पर जनपद जालौन में मिशन शक्ति फेज-5 के तहत भव्य और दिव्य कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा। महिलाओं व बालिकाओं की सुरक्षा, सम्मान और आत्मनिर्भरता को केन्द्र में रखकर तैयार की गई इस रूपरेखा पर अमल के लिए जिलाधिकारी राजेश कुमार पाण्डेय और पुलिस अधीक्षक डॉ. दुर्गेश कुमार ने कलेक्ट्रेट सभागार में अधिकारियों की बैठक कर विस्तृत दिशा-निर्देश दिए।

जिलाधिकारी ने कहा कि मिशन शक्ति की गूंज गांव-गांव और शहर-शहर सुनाई देगी। नुक्कड़ नाटक, रैली, सांस्कृतिक कार्यक्रम, संवाद गोष्ठियाँ




और जनजागरूकता अभियानों के माध्यम से महिलाओं व बालिकाओं तक सुरक्षा और सशक्तिकरण का संदेश पहुंचेगा। विद्यालयों और महाविद्यालयों में छात्राओं को हेल्पलाइन नंबरों 112, 1090, 181, 1098, 1930 और 1076 की जानकारी दी जाएगी। वहीं, पुलिस विभाग नियमित बैठकों के माध्यम से महिलाओं की समस्याओं का त्वरित निस्तारण सुनिश्चित करेगा। उन्होंने बताया कि 22 सितम्बर को मंदिरों और सार्वजनिक स्थलों पर एंटी रोमियो स्क्वॉड द्वारा सघन अभियान चलाकर शोहदों के विरुद्ध मौके पर ही कठोर कार्रवाई की जाएगी। 25 सितम्बर को राजकीय मेडिकल कॉलेज के ऑडिटोरियम में विभिन्न क्षेत्रों में ख्याति प्राप्त और बहादुरी का परिचय देने वाली महिलाओं को

**जनपद में होंगे भव्य व दिव्य कार्यक्रम मिशन शक्ति फेज-5 की तैयारियां पूर्ण**

सम्मानित किया जाएगा। इनमें बीट पुलिस अधिकारी, आंगनबाड़ी कार्यकत्री, बीसी सखी, लेखपाल, एएनएम, आशा वर्कर, ग्राम पंचायत अधिकारी और रोजगार सेवक की उपस्थिति अनिवार्य होगी।

इन आयोजनों में ग्राम प्रधानों और सभासदों का भी सहयोग लिया जाएगा। शासन की कल्याणकारी योजनाओं की जानकारी दी जाएगी और लाभ प्राप्त करने में आ रही बाधाओं का मौके पर ही समाधान किया जाएगा। महिलाओं से आवेदन लेकर उनका पंजीयन कर योजनाओं से जोड़ा जाएगा। जिलाधिकारी ने कहा कि मिशन शक्ति के माध्यम से महिलाओं और बालिकाओं के जीवन में सकारात्मक बदलाव लाना प्रदेश सरकार का लक्ष्य है। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिए कि कार्यक्रम इतने प्रभावी ढंग से आयोजित हों कि जनपद की पहचान भव्य और दिव्य आयोजनों के रूप में स्थापित हो। इस अवसर पर मुख्य विकास अधिकारी के.के. सिंह, अपर जिलाधिकारी संजय कुमार, अपर जिलाधिकारी न्यायिक योगेंद्र सिंह, मुख्य चिकित्सा अधिकारी नरेंद्र देव शर्मा, ज्वाइंट मजिस्ट्रेटध्उप जिलाधिकारी नेहा ब्याडवाल सहित सभी संबंधित विभागों के अधिकारी मौजूद रहे।

# व्यापारियों ने स्वदेशी अपनाने का लिया संकल्प

**उरई,जालौन समृद्धि न्यूज।**

सोमवार को स्वदेशी के समर्थन में जिला परिषद उरई स्थित व्यापार मंडल के जिला उपाध्यक्ष बलवीर सिंह जादौन के प्रतिष्ठान पूजा फर्नीचर पर अखिल भारतीय उद्योग व्यापार मंडल जनपद जालौन के तत्वाधान में व्यापार मंडल के पदाधिकारियों ने हस्ताक्षर अभियान चलाया जहां पर सैकड़ों नागरिकों ने स्वदेशी ओर एक राष्ट्र एक चुनाव के समर्थन में हस्ताक्षर किए।

जिलाध्यक्ष संतोष गुप्ता ने वहां उपस्थित सभी व्यापारियों ओर नागरिकों से स्वदेशी अपनाएंगे स्वदेशी खाएंगे और स्वदेशी पहनने का संकल्प दिलाई जिलाध्यक्ष ने कहा कि सिर्फओर सिर्फ स्वदेशी अपना करके ही हम अमेरिकी राष्ट्रपति एवं अन्य देशों को



मुंहतोड़ जवाब दे सकते हे हमारे देश में रोजमर्रा की जानी बाली 50 फीसदी से अधिक विदेशी वस्तुएं हैं हमें उनको त्याग कर स्वदेशी इस्तेमाल करने की आवश्यकता है। चाहे दंत मंजन कोलगेट हो, चाहे शीतल पेय में पेप्सी कोकाकोला हो या वस्त्र ओर अन्य सामग्री हो हम ज्यादातर वस्तुएं विदेशी इस्तेमाल कर रहे है। थोड़ा सा जागरूक होकर हम स्वयं अपने रिश्तेदार पड़ोसी हो या अपने मित्रों को यदि स्वदेशी के लिए प्रेरित करेंगे तो निश्चित रूप से अमेरिकन उत्पादकों की बिक्री कम होने से हम विदेशी वस्तुओं का मुंहतोड़ जवाब दे पाएंगे जिससे भारत की अर्थ व्यवस्था को मजबूत ओर ताकतवर बनाएंगे एवं विकसित भारत 2047 का लक्ष्य आसानी से हासिल कर पाएंगे। जिला महामंत्री प्रदीप द्विवेदी ने कहा कि यह अभियान प्रदेश नेतृत्व के दिशा निर्देशन पर जिले के सभी नगरों तहसीलों और कस्बों में चलाएंगे।

# पिकअप व ई-रिक्शा आपस में भिड़े, एक युवक की मौत

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।**

पिकअप व ई-रिक्शा की टक्कर से दोनों वाहन पलट गये। जिससे ई-रिक्शा में सवार एक युवक की मौत हो गयी। सूचना मिलते ही परिजनों में कोहराम मच गया।

पुलिस ने पहुंचकर शव को कब्जे में लेकर पंचनामा भरवाकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। पुलिस ने दोनों वाहनों को अपने कब्जे में ले लिया। जानकारी के अनुसार फतेहगढ़ कोतवाली के नया नगला ग्राम निवासी 22 वर्षीय धर्मजीत पुत्र रामनिवास सुबह 5:00 बजे काम के लिए कमालगंज के ग्राम भटपुरा में ई-रिक्शा पर बैठकर आ रहा था। कमालगंज के दीप केसरी मंदिर महरुपुर रावी के सामने गुरसहायगंज की तरफ से आ रही पिकअप जिसमें फल लदे हुए थे की आपस में आमने-सामने टक्कर हो गई एवं दोनों वाहन पलटा गये। जिसमें ई-रिक्शा में बैठे व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए। जिसमें धर्मजीत ई-रिक्शा के नीचे दब गया। स्थानीय लोगों ने उसे बाहर निकाला। जिन्हें इलाज के लिए सीएससी कमालगंज लाया गया। वहीं मौका पाकर पिकअप चालक मौके से फरार हो गया। हालत गंभीर होने पर धर्मजीत को लोहिया अस्पताल रेफर कर दिया गया। वहां पर भी हालत में सुधार न होने पर डॉक्टरों द्वारा परिजनों को घायल को हैलट अस्पताल कानपुर ले जाने की सलाह दी गयी। एंबुलेंस से कानपुर जा रहे घायल ने रास्ते में ही दम तोड़ दिया। धर्मजीत की मौत की सूचना पर थाना अध्यक्ष कमालगंज राजीव कुमार ने मौके पर पहुंचकर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा एवं पुलिस ने ई-रिक्शा एवं पिकअप को अपने कब्जे में ले लिया।


मृतक का फाइल फोटो


पलटा पड़ा ई-रिक्शा

# दुष्कर्म व पॉक्सो एक्ट के आरोपी को सात वर्ष का कारावास

- चौदह हजार रुपए के अर्थदंड से किया गया दंडित
- अर्थदंड का अस्सी प्रतिशत पीड़िता को दिया जाएगा

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

अपर जिला जज एवं सत्र न्यायाधीश विशेष पॉक्सो न्यायाधीश डॉ0 अनिल कुमार सिंह ने दुष्कर्म व पॉक्सो के मामले में ओमकार पुत्र मातादीन निवासी पुरोरी थाना कम्पिल को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर सात वर्ष का कारावास व 14 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया है। जानकारी के अनुसार बीते 9 वर्षों पूर्व थाना कम्पिल क्षेत्र की निवासी एक महिला ने पुलिस अधीक्षक को शिकायती पत्र दिया था। जिसमें बताया था कि दिनांक 6 सितंबर 2016 को मेरी 13 वर्षीय पुत्री गर्मी की वजह से मकान की छत के ऊपर लेटी हुई थी कि तभी अचानक ओंकार छत के पीछे से नसेनी लगाकर छत पर चढ़ आया और मेरी पुत्री को बदनियती से तमंचा रखकर उसके साथ अश्लील हरकतें कर बलात्कार का प्रयास करने लगा। पुत्री के चिल्लाने पर मैं व अन्य आसपास के लोग आ गये। जिसके बाद आरोपी जानमाल की धमकी देते हुए मौके से भाग गया। घटना की शिकायत थाना पुलिस से की। वहीं पुलिस ने कहा कि जांच कर कार्यवाही की जायेगी, लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई। इसके बाद मैंने पुलिस अधीक्षक को प्रार्थना पत्र दिया। पुलिस अधीक्षक के आदेश पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया। विवेचक ने साक्ष्य गवाह के आधार पर न्यायालय में आरोप पत्र दाखिल कर दिया। बचाव पक्ष की दलील व शासकीय अधिवक्ता प्रदीप सिंह, विकास कटियार की पैरवी के आधार न्यायाधीश डॉ. अनिल कुमार सिंह ने ओमकार को दोषी करार देते हुए न्यायिक हिरासत में लेकर सात वर्ष का कारावास व 14 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया। अर्थदंड का अस्सी प्रतिशत पैसा पीड़िता को दिया जायेगा।



# काम दिलाने व शादी करने का झांसा देकर महिला से लूटे 15 हजार, मुकदमा दर्ज

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।**

पीड़िता शीला देवी उर्फ जावित्री पत्नी हेतराम निवासी ग्राम भंवतापुर थाना पूरनपुर जिला पीलीभीत उम्र करीब 45 वर्ष कुछ दिन पहले से अपने पति से अलग लखनऊ के चारबाग स्टेशन पर चटाई बेचने व चंदन तिलक लगाने का काम करती है। कुछ दिन पहले मुझे रेलवे स्टेशन चारबाग पर फर्रुखाबाद के रहने वाले चरनजीत पुत्र नामालूम, श्यामा देवी पत्नी स्व0 दिनेश व राज पुत्र दिनेश मिले। जिन्होंने मुझे बातों से बहला फुसलाकर कहा कि वह मुझे फर्रुखाबाद में काम दिला देंगे और यदि मैं चांहूगी तो मेरी शादी भी करा देंगे। मैं उनकी बातों में आकर उनके साथ उनके घर रेलवे स्टेशन कमालगंज जिला फर्रुखाबाद के पास नई बस्ती (हरदेव नगर) आ गई। मेरे पास मेरे बैग मे 15 हजार 5 सौ रूपये व मेरी चांदी की एक जोड़ी पायल व चांदी के कान के कुंडल थे और कुछ कपड़े भी थे। कमालगंज आने के बाद श्यामा देवी आदि ने मुझे काम नहीं दिलवाया। जब मैंने उनसे कहा कि मैं वापस जा रही हूँ, तो श्यामा के घर पर उसके लड़के राज व लड़की रोशनी व श्यामा व चरनजीत ने कल दिनांक 20.09.2025 की रात में गाली-गलौज करते हुए लाठी-डण्डों से मारपीट की तथा जान से मारने की धमकी भी दी तथा मेरा बैग जिसमें उक्त सारा सामान था। वह भी हड़प लिया। मैं डर के कारण श्यामा के घर से चुपचाप रात में ही निकल गई और मैं पैदल चलकर थककर श्यामा के घर से काफी दूर पहुंचकर बैठ गई। किसी ने मेरे बारे में 112 पर सूचना दी। तब पुलिस वाले वहां पहुंचे और मेरी डाक्टरी कराई। मेरे बैग में रखे सामान के साथ मेरा छोटा मोबाइल श्यामा के घर छूट गया है। पुलिस ने तहरीर के आधार पर मुकदमा दर्ज कर जांच शुरु कर दी है।


पीड़ित महिला

# चालक को झपकी आने से पलटी खाद से भरी ट्रैक्टर-ट्राली


सड़क पर पलटी ट्रैक्टर ट्राली व बिखरी पड़ी खाद

**कमालगंज, समृद्धि न्यूज।**

ट्रैक्टर चालक को अचानक झपकी आ जाने से खाद की बोरियां से लदा ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया। जिससे खाद की बोरियां सड़क पर बिखर गयीं। वहीं चालक घायल हो गया। उसे उपचार हेतु सीएचसी में भर्ती कराया गया है। जानकारी के अनुसार सोमवार को ट्रैक्टर खाद की बोरियां लेकर जा रहा था, तभी कमालगंज थाना क्षेत्र के रानीपुर स्थित पेट्रोल पंप के सामने ट्रैक्टर अनियंत्रित होकर पलट गया। जिससे खाद की बोरियां सड़क पर बिखर गयी। बताते चलें कि ट्रैक्टर चालक को झपकी आने से यह घटना घटी। उपरोक्त दुर्घटना में ट्रैक्टर चालक घायल हो गया। घटना की सूचना पुलिस को दी गयी। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने घायल ट्रैक्टर चालक को सीएचसी में भर्ती कराया। जहां ट्रैक्टर चालक का उपचार चल रहा है। वहीं चिकित्सकों ने बताया कि ट्रैक्टर चालक की हालत खतरे से बाहर है।

# युक्त धारा एप का रोजगार सेवकों को दिया गया प्रशिक्षण

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

शासनादेश के अनुसार विकासखंड अधिकारी के निर्देशन में रोजगार सेवकों को युक्त धारा एप का प्रशिक्षण दिया गया।

नवाबगंज विकास खंड क्षेत्र के समस्त रोजगार सेवकों को विकास खंड कार्यालय सभागार परिसर में आयोजित कार्यक्रम में शासनादेश के तहत विकास खंड अधिकारी के निर्देशन में प्रशिक्षण दिया गया। एपीओ मनरेगा गौरव दिवाकर तथा विनीत कुमार वर्मा मनरेगा सहायक ने शासन की योजना युक्त धारा एप के तहत प्रशिक्षण दिया। अब मनरेगा में गड़बड़ी नहीं हो पाएगी यदि कोई भी रोजगार सेवक या अन्य कर्मी मनरेगा में गड़बड़ी करता है तो युक्त धारा एप के माध्यम से उसके खिलाफ कार्यवाही की जा सकेगी। प्रशिक्षण के दौरान रोजगार सेवक, ब्लॉक अध्यक्ष सरजू यादव, कुंवर पाल सिंह, कर्मवीर राजपूत, नितिन कुमार, सुरजन सिंह, पुष्पेंद्र यादव, गुड्डी देवी, रामरूप यादव सहित तमाम रोजगार सेवक व मनरेगा कर्मी मौजूद रहे।


प्रशिक्षण लेते रोजगार सेवक

## खबरें एक नजर में

### फोन पर कहासुनी को लेकर पत्नी व साली ने युवक को पीटा

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** फोन पर हुई कहासुनी को लेकर युवक को पत्नी व साली ने मारपीट कर घायल कर दिया। पीड़ित ने थाना पुलिस को तहरीर देकर न्याय की गुहार लगायी है। जानकारी के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव सितवनपुर निवासी ओम प्रताप पुत्र बिना सिंह ने थाना पुलिस को दी तहरीर में बताया कि सोमवार सुबह घर से नवरात्रि के व्रत रखने के लिए बाजार से सौदा खरीदने गया था, तभी पत्नी ने फोन किया कि तुम्हारे मोबाइल में जो पैसे हैं वह सुनार के यहां डाल दो और व्रत का कोई सामान ना लो। जिस पर कुछ कहासुनी सुनी हो गई और जब पति वापस लौटा, तो घर आते ही पत्नी पूनम ने गाली-गलौज किया तथा घर में ही सगे भाई को ब्याही साली पप्पू पत्नी आशीष दोनों एक साथ मारपीट करने लगे। जिससे युवक घायल हो गया और उसकी नाक में काफी चोट लग गयी। तब पीड़ित थाने आया और थाना पुलिस को पत्नी वैशाली के विरुद्ध थाने में तहरीर दी। तहरीर के आधार पर थाना पुलिस ने मेडिकल परीक्षण कर कर कार्रवाई करने की बात कही।


थाने में मौजूद घायल युवक

### फूड इंस्पेक्टर ने परचून दुकानों पर छापेमारी कर भरे सैंपल


परचून की दुकान से सैंफल भरते फूड इंस्पेक्टर

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** फूड इंस्पेक्टर ने परचून दुकानों पर छापेमारी कर सैंपल भरे। इसकी भनक लगते ही कई दुकानदार अपुनी-अपनी दुकानें बंद कर भाग गये। जानकारी के अनुसार नवरात्रि के चलते परचून की दुकानों पर भक्तों की पूजा सामग्री खरीदने के लिए काफी भीड़भाड़ देखी गयी। ऐसे में जनता को मिलावटी चीजों की बिक्री करने से रोकने के उद्देश्य से फूड इंस्पेक्टर ने परचून की दुकानों पर छापेमारी की। फूड इंस्पेक्टर की आहट से कई परचून दुकानदार अपनी-अपनी दुकानें बंद कर भाग गये। कई दुकानों पर पहुंचकर फूड इंस्पेक्टर ने सैंपल भरे। दुकानदार अपनी दुकानों को बंद कर इधर-उधर खड़े होकर जानकारी करने लगे। फूड इंस्पेक्टर शिवदास ने फोन पर बताया कि दो दुकानों से सेम्पल लिए हैं। दुकानदारों के नाम पूछने पर कागज घर पर रखे होने की बात कहकर फोन काट दिया। वहीं फूड इंस्पेक्टर ने बताया कि नकली चीजों की बिक्री नहीं होने दी जायेगी।

### रंजिशन दबंगों ने युवक को पीटा

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के गांव सोना जानकीपुर निवासी शिवम सोमवार शाम लगभग पांच बजे अपने भाई सुरजीत के साथ खेत से चारा लेने जा रहा था, तभी रास्ते में बघार पुल के पास गांव डुढ़ियापुर निवासी युवक व उसके साथी रंजिश को लेकर शिवम के साथ गाली-गलौज करने लगे। गाली-गलौज का विरोध करने पर युवक व उसके साथी शिवम के साथ लाठी-डंडे से मारपीट करने लगे। बचाने आये भाई सुरजीत के साथ भी युवक व उसके साथियों ने मारपीट की। थाना पुलिस को शिवम ने युवक व उसके साथियों के खिलाफ तहरीर दी। पुलिस ने जांच कर कार्यवाही का भरोसा दिया।

### अज्ञात वाहन की टक्कर से टैक्सी चालक की मौत, मुकदमा दर्ज

कमालगंज, समृद्धि न्यूज। अज्ञात वाहन की टक्कर से टैक्सी चालक गंभीर रुप से घायल हो गया। कानपुर में उपचार के दौरान उसकी मौत हो गयी। परिजनों ने थाना पुलिस को मुकदमा दर्ज करने हेतु तहरीर दी है। जानकारी के अनुसार रामरतन पुत्र स्व0 नाथूराम निवासी महरूपुर सहजू थाना कोतवाली फतेहगढ़ का निवासी है। पीड़ित का पुत्र वीरेन्द्र उम्र 45 वर्ष थ्रीव्हीलर संख्या यू.पी.76टी6519 पर चालक था। दिनांक 03.09.2025 को रात्रि लगभग 9 बजे मेरा पुत्र उक्त टैक्सी को वापस लेकर घर आ रहा था। जैसे ही मेरा पुत्र रामलीला मैदान कमालगंज के सामने पहुँचा, तो किसी अज्ञात वाहन ने तेजी व लापरवाहीपूर्वक चलाकर टैक्सी में टक्कर मार दी। जिससे मेरे पुत्र के शरीर पर गंभीर चोटें आयीं। जिसे इलाज हेतु लोहिया अस्पताल ले जाया गया। हालत बिगड़ने पर वहां से रेफर कर दिया गया। इसके बाद सिटी अस्पताल ले जाया गया। वहाँ पर हालत गंभीर होने पर इलाज हेतु प्रान्जुल हॉस्पिटल कानपुर ले गये। जहाँ पर इलाज के दौरान मेरे पुत्र की दिनांक 21.09.2025 को रात्रि में मौत हो गयी। इलाज में लगे रहने के कारण पीड़ित घटना की सूचना नहीं दे सका था। सोमवार को सूचना दे रहा है।

### वृद्धा के लापता होने की दी तहरीर

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** थाना क्षेत्र के गांव बघौना निवासी यदुवीर सोमवार सुबह लगभग 7 बजे जनपद मैनपुरी के थाना दन्नाहार के गांव अरका निवासी बहन रामायनश्री पत्नी बदन सिंह (60) वर्ष को साथ लेकर शुकरुल्लापुर रेलवे स्टेशन के लिए निकले थे, तभी गांव के बाहर निकलते ही यदुवीर की बहन रामायनश्री रास्ता भटक गई। कुछ दूर चलने के बाद यदुवीर ने पीछे देखा, तो उनकी बहन गायब थी। यदुवीर ने अपनी बहन रामायनश्री को आसपास व रिस्तेदारी में काफी तलाश किया, लेकिन रामायनश्री का कोई पता नहीं चल सका। थाना पुलिस को यदुवीर ने अपनी बहन रामायनश्री के लापता होने की तहरीर दी। पुलिस ने जांच कर कार्यवाही का भरोसा दिया।

# घर-घर बिराजीं मैया, देवी मंदिरों में उमड़ा आस्था का सैलाब

**फर्रूखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

सोमवार को शारदीय नवरात्र का पहले दिन घर-घर में मैया का पदार्पण हो गया। मां के स्वागत की तैयारी भक्तों ने अपने-अपने प्रकार से की। नगर के देवी मंदिरों में पूजा अर्चना करने के लिए भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। इस दौरान सुरक्षा व्यवस्था के मद्देनजर पुलिस बल तैनात रहा।

जानकारी के अनुसार शहर के प्रमुख देवी मंदिरों को रविवार को ही दुल्हन की तरह सजा दिया गया था। भोर होते ही मन्दिरों के कपाट श्रद्धालुओं के लिए खोल दिए गए। देवी मूर्तियों का नये वस्त्रों व आभूषणों से श्रंगार किया गया। महाकाल मन्दिर, गुरुगांव देवी मन्दिर, शीतला माता मन्दिर, मठिया देवी मन्दिर, मां वैष्णो देवी मन्दिर सहित सभी देवी मन्दिरों में श्रद्धालुओं का सैलाब उमड़ा। पूजा सामग्री की दुकानों पर भारी भीड़ देखी गयी। ऐतिहासिक द्वापरकालीन गुरुगांव देवी मन्दिर में नवरात्र के लिए मन्दिर को तैयार करने की कई दिन पूर्व से तैयारियां चल रही थीं। मन्दिर का रंग-रोगन कर नया लुक दिया गया है। गेट को आकर्षक ढंग से सजाया गया। एक दिन पूर्व से यहां मन्दिर के बाहर दुकानदारों ने डेरा डाल दिया। रविवार की शाम को सड़क के दोनों ओर चूना डाला गया। मन्दिर व्यवस्थापकों ने पूजा के विशेष इंतजाम किये हैं। सोमवार को नवरात्र के पहले दिन भोर होते ही दर्शनों के लिए मन्दिर के कपाट खोल दिये गए। बढ़पुर स्थित शीतला माता मन्दिर में मां की प्रतिमा को आकर्षक ढंग से गया। लोगों का मानना है कि माता के दर्शन से हर इच्छा पूरी होती है। रेलवे रोड स्थित मठिया देवी मन्दिर व भोलेपुर स्थित मां वैष्णोदेवी मन्दिर में भी मां की मूर्तियों को आकर्षक ढंग से सजाया गया। सुबह से ही मन्दिरों में भक्तों की भारी भीड़ उमड़ी। ऐतिहासिक मन्दिर मठिया देवी में भक्तों ने पूजा अर्चना की तथा प्रसाद चढ़ाया। पूरे दिन देवी के दर्शन करने वालों की भीड़ लगी रही। देवी मूर्तियों के साथ ही राम दरबार की मूर्तियों को आकर्षक ढंग से सजाया गया था। घरों में महिलाओं ने कलश स्थापित कर पूजा-अर्चना की। नौ दिनों तक महिलाएं व्रत रखकर मां की आराधना में लीन रहेंगी। पूजा की थाली लिए नंगे पांव महिलाएं मन्दिर की ओर जाती दिखीं। नगर में बज रहे देवी गीत माहौल में आध्यात्म का रंग घोल रहे थे। वहीं मंदिरों के बाहर पुलिस बल मुस्तैदी से तैनात रहा।


शीतला माता मंदिर में पूजा अर्चना करते भक्तगण

### सोशल मीडिया पर अश्लील फोटो अपलोड करने वाला युवक गिरफ्तार

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** कादरीगेट थाना क्षेत्र के लालगेट निवासी एक महिला ने युवक पर सोशल मीडिया के जरिए बदनाम करने और जान से मारने की धमकी देने का गंभीर आरोप लगाया है। पीड़िता ने पुलिस को दी तहरीर में बताया कि हरदोई जनपद के थाना पाली क्षेत्र के साजनपुर निवासी अभिषेक मिश्रा पुत्र विपिन कुमार ने उसकी इंस्टाग्राम आईडी देखकर उसके नाम और फोटो से नकली आईडी बनाई। आरोप है कि आरोपी ने महिला और उसके रिश्तेदारों की फोटो पर अभद्र व अश्लील टिप्पणियां करते हुए उन्हें एडिट कर सोशल मीडिया पर वायरल किया। शिकायत पर कार्रवाई न होने से परेशान पीड़िता ने साइबर क्राइम और थाने में बार-बार गुहार लगाई। आरोप है कि बीते दिनों रात 9 बजे आरोपी युवक जबरन उसके घर घुस आया और जान से मारने की धमकी देकर भाग गया। घटना की जानकारी 112 डायल पर दी गई, लेकिन पुलिस पहुंचने से पहले आरोपी फरार हो गया। सोमवार को जब पीड़िता ने कलेक्ट्रेट परिसर में आरोपी की पहचान कर पुलिस को सूचना दी, तो आरोपी ने वहीं महिला के साथ मारपीट शुरू कर दी। बीच-बचाव करने पहुंचे महिला के रिश्तेदारों को भी चोटें आईं। हैरानी की बात यह रही कि पुलिस ने पीड़िता के रिश्तेदारों को ही हिरासत में लेकर धारा 151 के तहत चालान कर दिया। मामले को लेकर पीड़िता ने न्याय की गुहार लगाई है। पुलिस का कहना है कि घटना की जांच कराई जा रही है और आरोपी के खिलाफ आवश्यक कार्रवाई की जाएगी।


पुलिस हिरासत में आरोपी


चित्रकला प्रतियोगिता में भाग लेते छात्र

### छात्रों ने चित्रकला से दिया स्वच्छता का संदेश

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।** नगर पंचायत नवाबगंज में स्वच्छता ही सेवा 2025 अभियान के तहत एक कार्यक्रम का आयोजन किया गया। वार्ड 14 गांधीनगर स्थित प्राथमिक विद्यालय में सोमवार को आयोजित इस कार्यक्रम का संचालन अधिशासी अधिकारी प्रमोद कुमार बैस ने किया। कार्यक्रम का आयोजन अध्यक्ष अनिल राजपूत के निर्देशन में हुआ। इस दौरान विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने स्वच्छता के विषय पर चित्रकला प्रतियोगिता में भी बढ़-चढ़कर हिस्सा लिया। बच्चों ने अपनी कलात्मक प्रतिभा से स्वच्छता के संदेश को रंगों और रेखाओं के माध्यम से प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में छात्रों को स्वच्छता की शपथ दिलाई गई। इस अवसर पर नगर पंचायत की टीम से कम्प्यूटर ऑपरेटर हितांशु कुमार, कार्यालय सहायक अंबुज भारद्वाज, प्रधानाचार्य संजीव रंजन, प्रशांत कटियार और प्रज्ञानंद शाक्य उपस्थित रहे।

# खतरे के निशान से 15 सेमी नीचे पहुंचीं गंगा, कटान में 10 मकान समाये

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

बाढ़ को डेढ़ माह से अधिक का समय बीत चुका है। तीनों तहसील क्षेत्रों के गांव अब भी प्रभावित हैं। बीते सप्ताह गंगा का जलस्तर घटा था, लेकिन दोबारा बढ़ने लगा। हालांकि रविवार की रात को जलस्तर 5 सेंटीमीटर कम होकर 136.95 सेंटीमीटर पर पहुंच गया है। जो खतरे के निशान से महज 15 सेंटीमीटर नीचे है। अब दिलीप की मड़ैया गांव में पिछले चार दिनों से लगातार कटान हो रहा है। गांव के करीब 10 से अधिक मकान नदी में समा चुके हैं। ग्रामीणों में जबर सिंह, बबलू, बाबूराम आदि के मकान बह गए हैं, जबकि गिरीश चंद्र का मकान आधा गंगा में लटक गया है। ग्रामीणों का कहना है कि जलस्तर कम होते ही कटान और तेज हो जाएगा। कमालगंज क्षेत्र में भी कटान का सिलसिला जारी है। वहीं **गंगा** का जलस्तर बढ़ने से अमृतपुर तहसील क्षेत्र के करीब दो दर्जन गांवों में पानी भर गया है। ग्रामीणों के सामने चारे की समस्या गंभीर होती जा रही है। स्टेट हाईवे पर भी एक से डेढ़ फीट तक पानी बह रहा है। इसके अलावा जलस्तर बढ़ने से शमशाबाद और शाहजहांपुर मार्ग पर फिर से पानी भर गया है।

बीते सप्ताह पानी उतरने से सड़क पर आवाजाही आसान हुई थी, लेकिन दोबारा जलस्तर बढ़ने से तटवर्ती गांवों की परेशानियां और बढ़ गई हैं। ग्रामीणों का कहना है कि लंबे समय से बाढ़ और पानीभराव के कारण बीमारियों का खतरा मंडरा रहा है। हालांकि स्वास्थ्य विभाग ने शिविर लगाकर मरीजों का उपचार शुरू किया है। वहीं चिकित्सक कैंप लगाकर ग्रामीणों की जांच कर उन्हें दवायें देने के साथ-साथ विशेष एतियात बरतने की सलाह दे रहे हैं।


गंगा के कटान में समाया मकान

### फर्जी मोहर से शपथ पत्र बनाने पर अधिवक्ता पर एफआईआर

**कायमगंज, समृद्धि न्यूज।** फर्जी मोहर से शपथ पत्र बनाने पर अधिवक्ता के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है। अधिवक्ता सुमित कुमार मिश्रा ने आरोप लगाया है कि अधिवक्ता गोपाल कृष्ण पाठक ने उनके ओथ कमिश्नर पद की मोहर चोरी कर ली। गोपाल कृष्ण पाठक ने फर्जी हस्ताक्षर करके कई शपथ पत्रों को प्रमाणित किया और इसके बदले अवैध धन वसूला। चिलौली निवासी सुमित कुमार मिश्रा के मुताबिक ये फर्जी शपथ पत्र 2018 से 2022 के बीच विभिन्न मुकदमों में दाखिल किए गए। इनमें सरकार बनाम आदिल, नजमा बनाम बाबू और सरकार बनाम रामसेवक के मामले शामिल हैं। जब सुमित कुमार मिश्रा ने इस कार्य का विरोध किया, तो गोपाल कृष्ण पाठक ने उन्हें जान से मारने की धमकी दी। उन्होंने पुलिस में शिकायत की, लेकिन पुलिस ने मुकदमा दर्ज नहीं किया। तब उन्होंने न्यायालय के आदेश पर मुकदमा दर्ज कराया।

# नवरात्रि पर खाकी ने मरीजों को वितरित किये फल

**नवाबगंज, समृद्धि न्यूज।**

नवरात्रि प्रारंभ होते ही खाकी का मानवीय चेहरा देखने को मिली, जब खाकी ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर मरीज को फलों का वितरण किया।

कस्बा नवाबगंज स्थित सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पर सोमवार को नवरात्रि प्रारंभ होते ही थाना पुलिस के दरोगा कस्बा इंचार्ज गीतम सिंह ने मातहतों के साथ सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर मरीजों को फलों का वितरण किया। स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती मरीज आयुष कुमार ग्राम नगला शंभू पिलखाना, प्रांजलि कुमारी ग्राम नगला शंभू पिलखाना, हिना रानी बंजारा बस्ती नवाबगंज, प्रदीप वाल्मीकि नया गनीपुर नवाबगंज, सुनीता देवी नगला हीरा सिंह को थाना पुलिस ने फल वितरण किया। जिससे मरीजों के चेहरे खिले उठे। थाना पुलिस के द्वारा फल वितरण से सभी मरीज खुश दिखे। इस मौके पर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र के चिकित्सा अधीक्षक डॉक्टर लोकेश शर्मा सहित कई डॉक्टर व थाना पुलिस के दरोगा कस्बा इंचार्ज गीतम सिंह, दरोगा गिरीश चंद्र, कांस्टेबिल अरविंद कुमार, किरण सिंह आदि लोग मौजूद रहे।


मरीजों को फल वितरित करते कस्बा इंचार्ज

### छत से गिरकर ग्रामीण गंभीर घायल, उपचार के दौरान मौत

नवाबगंज, समृद्धि न्यूज। छत पर सो रहा ग्रामीण रात्रि में अचानक छत से गिरकर घायल हो गया। उसे अस्पताल में भर्ती कराया गया। जहां दोपहर को उसकी मौत हो गयी। जिससे परिजनों में कोहराम मच गया। जानकरी के अनुसार थाना क्षेत्र के गांव सिरौली निवासी देवेंद्र पाल पुत्र रामबख्श उम्र 47 वर्ष खेती किसानी के साथ-साथ अपना निजी ट्रैक्टर लेकर किराए पर चलाता था। बीती रात उनकी पत्नी श्रीदेवी के मुताबिक वह खाना खाकर छत पर सोने चला गया। अचानक लगभग 1:30 रात्रि उसकी बहन कांति देवी ने अपने भाई को जमीन पर पड़ा देखा, तो उसकी चीख निकल गई। सभी जाग गए और घायल को निजी वाहन से लोहिया अस्पताल ले गए। जहां डॉक्टरों ने उन्हें सैफई के लिए रेफर कर दिया। परिजनों ने सैफई ना ले जाकर फर्रुखाबाद के एक प्राइवेट हॉस्पिटल में भर्ती किराया। जहां इलाज के दौरान आज दोपहर लगभग 12:00 बजे देवेंद्र पाल की मौत हो गई। देवेंद्र पाल की पत्नी श्रीदेवी और उसके पुत्र आकाश पाल 18, रजत 9 का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। मृतक के भाई जयवीर सिंह पाल ने थाने पहुंचकर अपने भाई का पोस्टमार्टम कराए जाने का लिखित प्रार्थना पत्र दिया। उसके आधार पर थाना पुलिस ने फर्रुखाबाद प्राइवेट हॉस्पिटल में पहुंचकर बवना चौकी इंचार्ज दरोगा राजेश कुमार ने शव का पंचनामा भरकर शव कब्जे में लेकर मोर्चरी हाउस भिजवाया।

# देश में एनएबीएच की मान्यता पाने वाला एम्स बना चौथा अस्पताल

**फर्रुखाबाद/रायबरेली, समृद्धि न्यूज।**

देश के बड़े अस्पतालों में अखिल भारतीय आयुर्विज्ञान संस्थान रायबरेली एम्स भी शामिल हो गया है। बोर्ड ऑफ क्वालिटी काउंसिल ऑफ इंडिया ने एम्स को एक्रिडिटेशन बोर्ड फॉर हॉस्पिटल एण्ड हेल्थकेयर प्रोवाइडर्स (एनएबीएच) की मान्यता दे दी है। मान्यता पाने वाला देश का चौथा एम्स है। आयुष्मान भारत योजना में दस प्रतिशत ज्यादा भुगतान मिल सकेगा।

फर्रुखाबाद निवासी शिक्षक स्व. सुनील प्रसाद के पुत्र डॉ. निखिल प्रसाद ने जानकारी देते हुए बताया कि एनएबीएच एक गुणवत्ता प्रमाण पत्र है, जो अस्पतालों को उच्च गुणवत्ता और अच्छे मानकों का पालन करने में मदद

**फर्रुखाबाद के चिकित्सक डॉ. निखिल प्रसाद एम्स में दे रहे है सेवायें**

करता है। मान्यता प्रक्रिया में प्रयोगशाला की क्षमता का मूल्यांकन, अन्तर्राष्ट्रीय मानकों का पालन और गुणवत्ता प्रबंधन प्रणाली शामिल है। 28 जुलाई को एम्स की मान्यता मिली। डॉ.रेशम राजपूत और चिदम्बर बीएन की टीम ने एम्स पहुंचकर मानकों की जांच की थी। अब दिल्ली, नागपुर, भोपाल के एम्स को यह मान्यता मिली थी। एम्स के चिकित्साधीक्षक डॉ.नीरज श्रीवास्तव ने बताया कि मान्यता मिलने से देश के प्रतिष्ठित अस्पतालों में एम्स के रुप में शामिल हो गया है। अब बेहतर



जानकारी देते डॉ. निखिल प्रसाद व डॉ. हृदेश सिंह

चिकित्सा सुविधायें व उनके मापदंडों को तैयार कर आम लोगों को फायदा पहुंचाना है। मरीजों की सुरक्षा व उपचार मुहैया कराना कसौटी पर खड़े उतरने के लिए तैयार है। आईसीयू, आपरेशन थिऐटर, ओटीपी, एरिया, साफ-सफाई, व्यवस्था एक वानगी थी। टीम की हरी झण्डी मिलने के बाद मान्यता प्रदान की गई है। अब रिसर्च में दस प्रतिशत आयुष्मान का भुगतान ज्यादा मिल सकेगा। फर्रुखाबाद के चिकित्सक डॉ. निखिल प्रसाद एम्स रायबरेली प्रशासन विभाग के कार्यो द्वारा मान्यता दिलाने के लिए चिकित्सीय टीम में शामिल होकर मापदंडों पर खरे उतरे। उनके इस सराहनीय कार्य से रायबरेली के सभी चिकित्सकों में खुशी की लहर है और उन्हें बधाई दी है, वहीं फर्रुखाबाद के लोगों ने भी डॉ. निखिल प्रसाद के कार्यों की सराहना की है। वहीं डॉ. हृदेश सिंह प्रशान विभाग के भी कार्यों की सराहना की गई।

# बस स्टैण्ड पर महाराणा प्रताप प्रतिमा के लिए हुआ भूमि पूजन

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

रोडवेज बस स्टैण्ड पर महाराणा प्रताप की मूर्ति स्थापना के कार्य का डीएम ने पूजन कर शुभारम्भ किया। सोमवार को जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी ने संस्कृति विभाग द्वारा रोडवेज बस स्टेशन परिसर में स्थापित की जा रही महाराणा प्रताप की मूर्ति के स्थापना के कार्य का भूमि पूजन कर शुभारंभ किया।

बताते चले कि राष्ट्रीय राजपूत करणी सेना सहित कई क्षेत्रीय संगठन रोडवेज बस स्टैण्ड पर महाराणा प्रताप की प्रतिमा लगाए जाने को लेकर कई वर्षो से संघर्षशील रहे। जिसके बाद पर्यटन विभाग से रुपये स्वीकृत और रोडवेज बस अड्डा पर स्थान तय कर लिया गया था। इस मौके पर ठाकुर वीरेन्द्र सिंह राठौर, कैप्टन डीएस राठौर, संजय सिंह, अनिल प्रताप सिंह, रामबहादुर सिंह, महेश पाल सिंह उपकारी, रोडवेज एआरएम राजेश कुमार, देवेन्द्र सिंह आदि मौजूद रहे।



भूमि पूजन करते डीएम आदि

# बस में सीट को लेकर सवारी व चालक-परिचालक भिड़े, चले ईंट-पत्थर

## मानवाधिकार संगठन ने थाने पहुंचकर कराया दोनों पक्षों में समझौता

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

बीती रात फर्रुखाबाद से जयपुर जा रही बस में सीट को लेकर बस चालक/कंडक्टर तथा यात्रियों में पहले कहा सुनी हुई। उसके बाद मारपीट हो गई। जिसमें यात्रियों ने बस तथा बस कर्मियों पर पथराव कर दिया। जिसके चलते बस की खिड़की के शीशे फूट गए और परिचालक सोनू के सर में पत्थर लगने से लहुलूहान हो गया है। गणेश ट्रेवल्स की बस में हुई तोड़फोड़ की जानकारी पाकर कादरी के थाने की पुलिस ने पहुंचकर 19 यात्रियों को और बस के ड्राइवर तथा कंडक्टर को हिरासत में ले लिया। सूचना पर अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन के प्रदेश उपाध्यक्ष श्याम सुंदर लल्ला वर्मा ने अपने प्रदेश अध्यक्ष धीरज पाण्डेय को सूचित किया और वह भी रात्रि 12 बजे थाने पहुंचे।



थाने में सुलह समझौता कराते धीरज पाण्डेय आदि

दोनों पक्षों को आपस में सुलह समझौता कराया। इस मौके पर संगठन के मोहम्मद फरमान खान, अभिषेक गिहार, शिवम वर्मा, सत्यम वर्मा आदि मौजूद रहे। धीरज कुमार पांडे ने कहा कि अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन प्रत्येक पीड़ित, कमजोर, असहाय व्यक्ति के साथ 24 घंटे निस्वार्थ मदद के लिए खड़ा है।

# भाकियू भानू गुट की जिला कमेटी घोषित

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

**नये चेहरों को दी गई तरजीह**

भारतीय किसान यूनियन भानू गुट के जिलाध्यक्ष जगपाल सिंह राठौर ने जिला कार्यकारिणी घोषित की। जिसमें नवीन पदाधिकारियों का माल्यार्पण कर स्वागत किया और संगठन को मजबूत करने के निर्देश दिये। राष्ट्रीय अध्यक्ष भानू प्रताप सिंह के निर्देशानुसार जिलाध्यक्ष जगपाल सिंह राठौर ने कमेटी की घोषणा की। जिसमें व्यापार प्रकोष्ठ का जिलाध्यक्ष उदय बहादुर सिंह राठौर को बनाया। वहीं सैनिक प्रकोष्ठ का जिलाध्यक्ष शिवपाल सिंह सोमवंशी को घोषित किया। जिला कार्यकारिणी में संरक्षक रक्षपाल सिंह सोमवंशी बने। युवा जिलाध्यक्ष ज्ञानेन्द्र सिंह राजपूत बनाये गये। जिला महासचिव अवधेश सिंह राठौर को बनाया गया। जिला संगठन प्रचार मंत्री अवनीश कुमार शुक्ला बने। संरक्षक कैप्टन उदय राज सिंह, वरिष्ठ उपाध्यक्ष विधि सलाहकार, लक्ष्मण सिंह बने। वरिष्ठ जिला महामंत्री शिवपाल सिंह राजपूत को बनाया गया। ब्लाक अध्यक्ष मोहम्मदाबाद क्षेत्रपाल सिंह राठौर बने। ब्लाक अध्यक्ष बढ़पुर विकास राठौर, विद सलाहकार मोहम्मदाबाद दिलीप सिंघानिया, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ मोहम्मदाबाद के ब्लाक अध्यक्ष आशिक खान, ब्लाक बढ़पुर सचिव गौरव कुमार, ब्लाक बढ़पुर उपाध्यक्ष नीरज कुमार, ब्लाक बढ़पुर महामंत्री अमित कुमार, ब्लाक बढ़पुर उपाध्यक्ष श्याम वीर सिंह, ब्लाक बढ़पुर कोषाध्यक्ष रामवीर सिंह, ब्लाक बढ़पुर मीडिया प्रभारी धीरज कुमार सिंह, ग्रामसभा अध्यक्ष जैतपुर सुभाष चन्द्र सिंह, ग्रामसभा मौधा अध्यक्ष विमलेश सिंह राठौर को बनाया गया। सभी का जिलाध्यक्ष जगपाल सिंह ने माल्यार्पण कर स्वागत किया।



नवीन कमेटी के साथ मौजूद किसान नेता

# महापंचायत में बोले राकेश टिकैत सक्रिल रेट पर दिया जाये मुआवजा

**महापंचायत में किसानों ने रखी अपनी-अपनी समस्यायें**

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

भारतीय किसान यूनियन टिकैत गुट द्वारा महापंचायत का आयोजन हथियापुर में सम्पन्न हुआ। किसान नेता व प्रवक्ता राकेश टिकैत ने महापंचायत को संबोधित किया। किसान नेताओं ने राकेश टिकैत का बघार पर फूल मालाओं से स्वागत किया और काफिले के साथ हथियापुर पहुंचे। जहां उन्होंने किसान महापंचायत को सम्बोधित करते हुए कहा कि जिलाधिकारी किसानों की समस्याओं का शीघ्र निस्तारण करें। लिंक एक्सप्रेस-वे में जो किसानों की




एसडीएम से वार्ता करते राकेश टिकैत

जमीन ली जा रही है, गांव-गांव सक्रिल रेट अलग है। उन उपजाऊ जमीन का सक्रिल रेट से अधिक है। जबकि सक्रिल जमीन का रेट कम आंका गया है। हाथीपुर का सक्रिल रेट 1 करोड़ 30 लाख प्रति हे0 है। जबकि अदिउली का सक्रिल रेट केवल 21 लाख प्रति हे0 है। इसी प्रकार आवाज पर का सक्रिल रेट 1 करोड़ 30 लाख व गुतासी का सक्रिल रेट 21 लाख है। उसके बावजूद भी सक्रिल रेट में असमानता है। जिस कारण किसान जमीन नहीं देना चाहता है। रेट एक समान दिया जाये। आगरा-लखनऊ एक्सप्रेस-वे पर चढ़ने व उतरने का रोड समांतर प्रस्तावित चौड़ाई 120 मीटर में है, जिसे बनवाया जाये आदि मांगो को लेकर महापंचायत हुई। वहीं जिलाधिकारी सम्बोधित ज्ञापन एसडीएम को सौंपा। इस मौके पर सीओ सिटी के साथ बड़ी संख्या में फोर्सबल मौजूद रहा।इस मौके पर रवि प्रताप सिंह, राजवीर सिंह जादौन, समीम सिद्दीकी, जिलाध्यक्ष अजय कटियार, जिला महामंत्री अभय यादव, अरविन्द शाक्य, छविनाथ शाक्य, सुबोध यादव, बृजेश गंगवार, अरविन्द गंगवार, लक्ष्मीनाराण, अशोक यादव, कृष्ण गोपाल मिश्रा, शिवराम शाक्य, सुशील दीक्षित, राजेश यादव, विमलेश शाक्य, राजीव, अनीश सिंह, अजीत, पवन जोशी, रामप्रकाश पाल, संजय यादव, विजय सिंह, प्रदीप यादव, सतीश कठेरिया, अंकेश गंगवार, सुग्रीव पाल, राजेश गंगवार आदि बड़ी संख्या में किसान नेता मौजूद रहे।

# बेटियों को सशक्त बनाने के लिए मिशन शक्ति-05 कार्यक्रम सम्पन्न

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

शारदीय नवरात्रि के प्रथम दिवस पर बेटियों को सशक्त बनाने के उद्देश्य से महीयसी महादेवी वर्मा राजकीय बालिका इंटर कॉलेज फतेहगढ़ में मिशन शक्ति 5.0 कार्यक्रम के अंतर्गत सीओ सिटी ऐश्वर्या उपाध्याय द्वारा छात्राओं को जागरूक किया गया।

प्रधानाचार्य दीपिका राजपूत ने छात्राओं को आत्मविश्वास के साथ बिना किसी डर के अपनी समस्या साझा करने के लिए प्रेरित किया। सीओ सिटी के द्वारा छात्राओं को आपात कालीन नम्बर 112, साइबर हेल्पलाइन नंबर 1030, चाइल्ड हेल्पलाइन नंबर 1098, महिला हेल्पलाइन नंबर 1090 आदि के बारे में बताया।

छात्राएं बदनामी के डर से शिकायत नहीं करती हैं, लेकिन महिला हेल्पलाइन नंबर 1090 पर अपनी समस्या बताने पर पहचान गोपनीय रहेगी और संबंधित के विरुद्ध कार्यवाही की जाएगी। इस अवसर पर प्रवक्ता सर्वेश शाक्य, ज्योति, अर्चना गुप्ता, निर्मला सिंह, महिला थाना प्रभारी रक्षा सिंह एव अन्य पुलिस कर्मी उपस्थित रहे। सभी छात्राओं को हेल्पलाइन नंबर से सम्बंधित पत्रक भी वितरित किए गए।



कार्यक्रम में मौजूद छात्रायें

# भाजपा नेता के प्रयास से आठ महीने से बंद स्ट्रीट लाइट हुई ठीक

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

फतेहगढ़ छोटी जेल चौराहे पर एक लाइट 8 महीने से खराब पड़ी थी। कई बार नगर पालिका अधिकारियों को सूचित किया, स्ट्रीट लाइट को ठीक नहीं किया गया। जिससे अंधेरा होने के कारण काफी घटनाएं घटित हो चुकी थी। स्थानीय लोगों की सूचना भाजपा नेता राहुल राठौर ने मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत की। जिसके बाद कई बार नगर पालिका में सूचना दी। पालिका कर्मियों ने स्ट्रीट लाइट को पोल से उतारकर ठीम कर पुनः चौराहे पर लगा दिया। राहुल राठौर ने कहा कि जब किसी समस्या का समाधान न हो तो मुख्यमंत्री पोर्टल पर शिकायत कर दें, जिससे समस्या का निस्तारण हो जायेगा।



स्ट्रीट लाइट ठीक करता पालिका कर्मी

# जीएसटी दर संशोधन पर ग्राहकों व व्यापारियों से भाजपा नेताओं ने ली जानकारियां

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

सोमवार को केंद्र सरकार द्वारा जीएसटी की दरों में कटौती करने पर भाजपा जिलाध्यक्ष फतेहचंद वर्मा शहर के विभिन्न व्यापारिक प्रतिष्ठानों पर पहुंचे, जहां पर उन्होंने जीएसटी की दरों में संशोधन से ग्राहकों को होने वाले फायदे की जानकारी व्यापारियों से ली।

जिलाध्यक्ष फतेह चंद्र वर्मा ने बताया केंद्र की भाजपा सरकार ने जीएसटी स्लैब में बदलाव करके जनकल्याण एवं आत्मनिर्भर भारत की नींव रखी है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने एक नए भारत के निर्माण के लिए हर वर्ग को सुविधा देने का कार्य किया। नवरात्र से जन उपयोगी वस्तुओं की दर काफी घट जाएगी, जीएसटी की दरों में भारी कमी का फैसला देश की जनता के हित में है, सभी वर्गो को ध्यान में रखकर जीएसटी में बदलाव किया गया है। भाजपा कार्यकर्ता व्यापारिक प्रतिष्ठानों एवं घर-घर जाकर सरकार के फैसलों की जानकारी एवं जनता के हितों की जानकारी जन-जन तक पहुंचाने का कार्य करेंगे। जीएसटी की दरों में की गई कटौती से स्पष्ट है की सरकार उद्यमियों को वैश्विक प्रतिस्पर्धा के लिए तैयार कर रही है। देश में बनने वाली वस्तुओं पर भी जीएसटी की दरों को काम करके मजदूर वर्ग के लोगों को अधिक से अधिक लाभ मिलेगा। जिलाध्यक्ष ने बताया कि रोजमर्रा की वस्तुएं स्कूटर एवं मोटरसाइकिल एवं कपड़ों पर भारी छूट दिखाई दे रही है। व्यापारियों से निवेदन किया गया है कि वह अपने-अपने प्रतिष्ठानों पर सरकार के निर्णय एवं जीएसटी की दरों में कटौती को प्रदर्शित करने का कार्य करें, ताकि उनके व्यापार को बढ़ाने में अधिक से अधिक सहायता मिलेगी। उन्होंने बताया कई ग्राहकों से बातचीत के दौरान सरकार के निर्णय की जानकारी जनता को है यह एक उत्सव है। जिसमें जनता की मेहनत की कमाई को सरकार ने बचाने का कार्य किया। उन्होंने बताया बाइक शोरूमों व इलेक्ट्रॉनिक वस्तुओं के शोरूमों एवं वस्त्र के शोरूमों पर पहुंच कर जानकारी हासिल की। इस दौरान डीएस राठौर, हिमांशु गुप्ता, मुकेश गुप्ता, अभिषेक बाथम, संजय गर्ग, संजय सिंह, अभिषेक बाजपेई, छोटू दुबे, शिवांग रस्तोगी आदि लोग मौजूद रहे।



ग्राहक से जानकारी लेते भाजपा नेता

# क्षेत्रीय जोन एथलेटिक्स प्रतियोगिता में छात्रों ने दिखाया दमखम

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

क्षेत्रीय जोन एथलेटिक्स प्रतियोगिता का आयोजन शक्ति सैनिक इंटर कालेज मौधा के मैदान पर सम्पन्न हुआ।

प्रतियोगिता में 14 विद्यालयों के 289 खिलाड़ियों ने भाग लिया। अंडर डिसक्स थ्रो में प्रांशु प्रथम, अमन कुमार द्वितीय, कुनाल तृतीय स्थान पर रहे। क्षेत्रीय माध्यमिक एथलेटिक्स प्रतियोगिता का शुभारम्भ विद्यालय के संस्थापक प्रबंधक गजेन्द्र पाल सिंह राठौर की अध्यक्षता में दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम प्रारम्भ हुआ। प्रबंधक पीयूष राठौर, प्रधानाचार्य कणवेन्द्र सिंह राठौर, मुख्य अतिथि अर्चना राठौर रही। विशिष्ट अतिथि जिला विद्यालय निरीक्षक नरेन्द्र पाल सिंह रहे। फर्रुखाबाद जोन एथलेटिक्स प्रतियोगिता में डीआईओएस ने कहा कि इतने बड़े मैदान में कार्यक्रम हो रहा है। बहुत सुंदर लग रहा है, व्यवस्था कम होने के बावजूद भी विद्यालय ने सहयोग किया है। क्रीड़ा सचिव अतुल दास के निर्देशन में समस्त व्यायाम शिक्षकों ने प्रतियोगिता सम्पन्न करायी। इस मौके पर शिक्षक नेता यादवेन्द्र सिंह परिहार, प्रधानाचार्य प्रेमपाल सिंह, ओमपाल सिंह रघुवंशी, शिवओम द्विवेदी, महेश राजपूत, शिक्षक संघ के जिलाध्यक्ष प्रवेश शाक्य मौजूद रहे। निर्णायक मण्डल में देवेन्द्र कुमार, सुब्रत शाक्य, सतेन्द्र सिंह, सुनील कुमार पाल, राहुल यादव, अनुराग पटेल, अर्जुन प्रताप सिंह, अभिषेक अवस्थी, शुभम मौर्या, रजनीश शिवा, अवधेश यादव, मनीष अग्निहोत्री, नीता दुबे, मनीषा यादव आदि लोगों ने सहयोग किया।



लम्बीकूद प्रतियोगिता में भाग लेते छात्र

# 30 सितम्बर को दिव्यांगों को वितरित किये जायेंगे उपकरण: डीएम

## सेवा पखवाड़ा के तहत होगा कार्यक्रम, 3726 लाभार्थियों को लाना होगा पहचान पत्र

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।**

कलेक्ट्रेट सभागार में जिलाधिकारी आशुतोष कुमार द्विवेदी की अध्यक्षता में सेवा पखवाड़ा के अंतर्गत 30 सितंबर को एलिम्को कानपुर द्वारा दिव्यांगजन को उपकरण वितरण की तैयारियों की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में निर्णय हुआ कि कार्यक्रम का आयोजन सातनपुर मंडी में होगा।

इसमें लाभार्थियों को देने वाली व्हीलचेयर आदि उपकरणों के वितरण पर चर्चा हुई। लाभार्थियों को ब्लाइंड स्टिक, व्हीलचेयर व हियरिंग एड वितरित की जानी है। सभी लाभार्थियों को मंडी स्थल तक बसों से लाया जाएगा। लाभार्थियों को घर तक सुरक्षित पहुंचना भी होगा। 3726 लाभार्थियों को अपना पहचान पत्र लाना अनिवार्य है, सभी लाभार्थियों की सूची बना ले व वर्गीकरण भी कर ले। कार्यक्रम के उपरांत लाभार्थियों से फीडबैक भी अवश्य प्राप्त कर ले, एक पंजीकरण पटल भी अवश्य लगे, ताकि यदि कोई आवेदक अवशेष है तो भविष्य में उसे भी लाभ प्राप्त हो सके यह ध्यान देना है कि सभी लाभार्थी सकुशल आएं और सकुशल वापस जाएं। बैठक में संबंधित जिला स्तरीय अधिकारी उपस्थित रहे।




बैठक लेते डीएम

## ई-रिक्शा चालक का रोडवेस बस स्टैण्ड के पास पड़ा मिला शव

**फर्रुखाबाद, समृद्धि न्यूज।** दो दिन से लापता ई-रिक्शा चालक का शव रोडवेस बस स्टैण्ड के पास एचडीएफसी बैंक के पास पड़ा मिलने से क्षेत्र में सनसनी फैल गयी। सूचना पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की और शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया। जानकारी के अनुसार थाना कादरीगेट के मोहल्ला अंडियाना निवासी शिवनाथ पुत्र ओमकार ई-रिक्शा चलाकर अपना भरण पोषण करता था। वह २० सितम्बर को ई-रिक्शा चलाने निकला था। घटना के संदर्भ में मृतक के पिता ने बताया कि शिवनाथ शराब पीने का आदि था। शिवनाथ के पांच बच्चे है। मौत की सूचना पर मृतक की पत्नी मोहिनी व परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल हो गया। पुलिस ने शव का पंचनामा भरकर पोस्टमार्टम के लिए भिजवाया।

# लाखों श्रद्धालुओं ने लेहड़ा मंदिर में टेका मत्था

समृद्धि न्यूज





**महाराजगंज।** शारदीय नवरात्रि के प्रथम दिन आप सोमवार को कतारबद्ध हो देर रात से ही लाखों श्रद्धालुओं ने मां भगवती लेहड़ा वाली माता के दरबार में मत्था टेक आशीर्वाद प्राप्त किया। लेहड़ा वाली माता का दरबार में देर रात से ही श्रद्धालु भक्तो की भीड़ पैदल व दो पहिया और चारपहिया से चलने वाले दर्शनार्थियों से लबलब भरी रही।

पूरा लेहड़ा तपा घण्टा घड़ियाल व जय माता जी के जयघोष से गूंज रहा था मानो मां भगवती दुर्गा का पदार्पण धरती पर हो गया है। मां शैलपुत्री का पूजन अर्चन वन्दन नवरात्रि के प्रथम दिन होता है। नवरात्रि व्रत रखने वाले मां के श्रद्धालु भक्तों ने भीष्म गर्मी में भी मां के आस्था से लबरेज होते देर रात से मां आद्रवनवासनी के दरबार में जमा हो नारियल चुनरी चढ़ाकर और कपूर अगरबत्ती दिखाकर अपनी मनोकामनाएं पूर्ण की। जिससे फरेन्दा कस्बा जाम से जूझ रहा था। फिर दर्शनार्थियों के श्रद्धा विश्वास में कोई कोरकसर नहीं देखा गया। पूर्वांचल का यह प्रसिद्ध शक्तिपीठ पीठ आज भी दर्शनार्थियों के आस्था का केंद्र है।

बगल में पौहारी बाबा का मंदिर है वहां की भभूति पशुओं के लिए बहुत उपयोगी साबित होता है वहां भी दर्शन करने पहुंचे श्रद्धालु भक्त श्रद्धा सुमन अर्पित कर अपनी मन्नतें पूरी की। जिससे आज सोमवार को नवरात्रि के प्रथम दिन लेहड़ा वाली माता के दरबार में भक्तों के आस्था का उमड़ा जनसैलाब ऐतिहासिक रहा। यह मंदिर आज भी अपने इतिहास को संजोए हुए है।

### नवरात्रि व्रत को लेकर फलों के दामों में भारी इजाफा



**महराजगंज, समृद्धि न्यूज।** नवरात्रि का प्रथम दिन आज़ सोमवार से शुरू हुआ है। मां भगवती दुर्गा/लेहड़ा देवी के दरबार में उमड़ा भक्तों का जनसैलाब नारियल चुनरी चढ़ाकर पूजन अर्चन वन्दन कर अपनी मन्नतें पूरी की इसी क्रम में जनपद के विभिन्न तहसीलों व ब्लाको में पांडालो में सजी हुई मां भगवती शैलपुत्री का पूजन अर्चन वन्दन किया जा रहा। नवरात्रि का शुभारंभ होते ही फलो के दामों में बढ़ोतरी होती देखी जा रही है जिससे व्रत रख रहे लोगों को मंहगाई की मार झेलनी पड़ रही है फिर भी व्रत उपवास रख रहे श्रद्धालु भक्तो की संख्या में इजाफा होता जा रहा है। फल विक्रेता प्रमोद ने बताया कि जो केले का कैरेट ढाई सौ रुपए में मिलता था आज पांच सौ रुपए कैरेट मिल रहा है। आज खुले बाजार में केला 60रुपये दर्जन,सेब 100 से120 रुपए किलो,अनार 150 रुपये किलो, पपीता 60 रुपये किलो, मूंगफली 140रुपये किलो,लावा 1200 रुपये किलो, तिन्नी चावल 150 किलो व कपूर 1200 रुपये किलो खुलें बाजार में बिक रहे हैं।आलम यह हो गया कि कमरतोड़ु मंहगाई से व्रती व दैनिक मजदूर आहत हैं फिर भी मां जगतजननी जगदम्बा के भक्त श्रद्धा में पीछे नहीं है मंहगाई का दंश झेल रहे नवरात्रि व्रत रखने वाले मां के भक्त हांफ रहे है। फिर भी फलों के दामों में बढ़ोतरी होती जा रही है व्रत उपवास रखने वाले लोगों द्वारा फलों की खरीददारी कम कर दी गई जिससे बिक्री पर ग्रहण लग गया है।

## पुरानी रंजिश में बेकाबू हुआ खूनी संघर्ष, पति-पत्नी लहूलुहान, मचा हड़कंप

**महराजगंज।** चौक थाना क्षेत्र में बी रविवार सुबह करीब 7 बजे पुरानी रंजिश को लेकर दो पक्षों में विवाद खूनी संघर्ष में बदल गया। देखते ही देखते लाठी-डंडे चले और मारपीट इतनी बढ़ गई कि पति-पत्नी बुरी तरह जख्मी हो गए। महिला को पीटने का वीडियो भी वायरल हो रहा है। खून से लथपथ दोनों को गांव वालों ने किसी तरह बचाया। घटना से पूरे इलाके में दहशत फैल गई। पीड़ित मोशलिम पुत्र इस्मोहमद, निवासी पड़री कला चौक, का कहना है कि वह सुबह कुछ सामान लेकर घर लौटे। इसी दौरान देखा कि पड़ोसी अपने मकान की छत पर ईंट का काम करा रहा था। पीड़ित ने सुझाव दिया कि सीढ़ी के ऊपर भी दीवार खड़ी कर लो क्योंकि वहां से उनके घर का नल और स्नान करती महिलाएं साफ दिखती हैं। इसी बात को लेकर कहासुनी शुरू हुई और विवाद ने हिंसक रूप ले लिया।

## विद्यालय का ताला तोड़कर राशन, बर्तन गैस सिलेंडर चोरी

समृद्धि न्यूज



**अहरौरा (मिर्जापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के अहरौरा डीह गांव में स्थित प्राथमिक विद्यालय अहरौरा डीह के रसोईघर व कमरे का ताला तोड़कर चोर रविवार की रात्रि गैस सिलेंडर, सहित बर्तन एव चावल गेहूं उठा ले गए। सोमवार को सुबह जब विद्यालय के अध्यापक पहुंचे तो विद्यालय के कमरों का ताला टूटा देखकर अवाक रह गए और पुलिस को सूचना दी। मौके पर पहुंचे चौकी प्रभारी ने जांच पड़ताल किया।

प्राथमिक विद्यालय अहरौरा डीह की प्रभारी प्रधानाध्यापिका प्रीति सिंह ने पुलिस को तहरीर देकर बताया की सोमवार की सुबह जब वह विद्यालय पहुंची तो देखा की विद्यालय के मुख्य गेट तीन कमरों व किचन रूम का ताला टूटा हुआ है। अंदर जाकर देखने पर पता चला की गैस सिलेंडर की दो टंकी, चूल्हा, कुकर, आधा दर्जन प्लास्टिक की कुर्सी सहित चार बोरी चावल दो बोरी गेहूं गायब है। प्रीति सिंह ने घटना की जानकारी तत्काल पुलिस को दिया मौके पर पहुंची पीआरवी पुलिस व चौकी प्रभारी आशीश कुमार सिंह घटना स्थल का निरीक्षण कर चोरों को गिरफ्तार करने का आश्वासन दिया।विद्यालय की अध्यापिका प्रीति सिंह ने बताया की ताला तोड़कर वही फेंका गया था और गैस सिलेंडर, बर्तन कूकर सहित राशन गायब है।

## शव रखकर सड़क जाम के मामले में 12 नामजद व 50 के विरुद्ध मुकदमा

समृद्धि न्यूज

**महाराजगंज।** बीते 17 सितंबर को करेंट की चपेट में आने से एक युवक के मौत के बाद पोस्टमार्टम से लाश वापस आने पर सड़क पर शव रखकर चक्का जाम करके मुकदमा पंजीकृत एवं मुआवजा मांगे जाने के मामले में फरेंन्दा चौकी इंचार्ज के द्वारा दिए गए तहरीर पर 12 नामजद व 50 अन्य महिला पुरुष के विरुद्ध फरेंदा थाने में मुकदमा पंजीकृत किया गया।

मिली जानकारी के अनुसार बीते 17 सितंबर को उपनगर आनंद नगर वार्ड नंबर 8 गांधीनगर निवासी करन का मौत कसौधन बरतन भंडार का शटर उठाते समय करेंट की चपेट में आने से हो गया था। फरेंदा थाना पुलिस द्वारा करन का शव कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम हेतु भेज दिया गया था। पोस्टमार्टम के पश्चात शव वापस आने पर कसौधन बर्तनभंडार के सामने गोरखपुर सोनौली राष्ट्रीय राजमार्ग पर करन के परिजन व अन्य लोगों द्वारा सड़क जाम करके फरेन्दा थाने पर मुकदमा पंजीकृत किए जाने एवं मुआवजा दिए जाने की मांग किया जाने लगा। उक्त प्रकरण में उपनगर आनंदनगर के चौकी इंचार्ज उप निरीक्षक गंगाराम यादव द्वारा फरेन्दा थाने पर दिए गए तहरीर के अनुसार उन्होंने कहा कि करन के परिजन द्वारा कोई तहरीर पहले नहीं दिया गया पोस्टमार्टम के बाद शव आने के पश्चात जबरदस्ती पुलिस पर दबाव बनाए जाने लगा काफी मिन मनौव्वल करने के पश्चात भी सड़क जाम कर रहे लोगों ने नहीं माना और शासन प्रशासन के विरुद्ध नारेबाजी तथा पुलिस वालों को धमकी देने का कार्य करते रहे पुलिस के उच्च अधिकारी एवं प्रशासनिक अधिकारियों के आने के बाद काफी समझाने बुझाने पर लोगों ने चक्का जाम को हटाया।

## विधायक के प्रयास से महाव नाले की समस्या से मिली स्थायी राहत

समृद्धि न्यूज



**महाराजगंज।** महाव नाला नौतनवा और सिसवा विधानसभा क्षेत्र के ग्रामीणों के लिए अभिशाप बन चुका था। बरसात का मौसम आते ही नेपाल से छोड़े गए पानी के कारण यह नाला उफान पर आ जाता था और सैकड़ों गांवों को जलमग्न कर देता था। परिणामस्वरूप किसानों की फसलें बर्बाद हो जाती थीं, लोगों के घर डूब जाते थे, व्यापारियों को भारी आर्थिक नुकसान उठाना पड़ता था और आवागमन पूरी तरह से ठप हो जाता था।

लेकिन वर्ष 2022 के बाद से हालात पूरी तरह बदल गए हैं। जब नौतनवा की जनता ने परिश्रमी, कर्मठ और दूरदर्शी नेता ऋषि त्रिपाठी को विधायक चुना, तब उन्होंने इस समस्या को अपनी प्राथमिकताओं में सबसे ऊपर रखा। विधायक बनने के तुरंत बाद उन्होंने प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ को महाव नाले की समस्या से अवगत कराया। मुख्यमंत्री के मार्गदर्शन और विधायक त्रिपाठी के लगातार प्रयासों से वन विभाग, सिंचाई विभाग तथा अन्य विभागों के संयुक्त सहयोग से महाव नाले की समस्या का समाधान निकाला गया।

इस कार्य के चलते पिछले तीन वर्षों से नौतनवा और सिसवा के सैकड़ों गाँवों में जलभराव की स्थिति बिल्कुल समाप्त हो गई है।

आज किसान निश्चिंत होकर अपनी फसलों की बुवाई और कटाई कर पा रहे हैं। घरों में पानी घुसने का खतरा टल चुका है और व्यापारी भी अब निर्बाध रूप से अपना कारोबार कर पा रहे हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि वर्षों पुरानी इस समस्या के समाधान से पूरे क्षेत्र ने राहत की सांस ली है। महाव नाला पहुँच कर विधायक ने कहा की की समस्या का स्थायी समाधान न केवल जनता को संकट से मुक्त कर पाया है, बल्कि यह भी साबित करता है कि यदि जनप्रतिनिधि दृढ़ इच्छाशक्ति और ईमानदारी से काम करें तो असंभव दिखने वाली समस्याओं का भी समाधान संभव है।

# भाजपा नेता के बेटे की कार ने ली रिटायर्ड होमगार्ड की जान

▸ नशे में धुत होकर मचाया कहर, ग्रामीणों में जबरदस्त आक्रोश

समृद्धि न्यूज



**महाराजगंज।** गोरखपुर-सोनौली हाईवे पर बीते शनिवार की शाम एक दर्दनाक हादसे में 62 वर्षीय रिटायर्ड होमगार्ड की जान चली गई। हादसा इतना भयानक था कि मौके पर ही उनकी मौत हो गई। घटना के पीछे जिला पंचायत के ठेकेदार, भाजपा नेता और शराब व्यवसायी के बेटे का नाम सामने आ रहा है, जिसने नशे की हालत में तेज रफ्तार फॉर्च्यूनर से यह भीषण टक्कर मारी।

**डियूटी से लौट रहा था होमगार्ड**

मृतक मिठाई प्रसाद, निवासी ग्राम कौलही, थाना नौतनवा, किसी निजी संस्था में ड्यूटी कर रहे थे। शनिवार शाम वह अपनी ड्यूटी समाप्त कर साइकिल से घर लौट रहे थे। जैसे ही वे छपवा टोल प्लाजा के पास पहुंचे, पीछे से आई फॉर्च्यूनर ने उन्हें बुरी तरह कुचल दिया। ये टक्कर इतनी जबरदस्त थी कि मिठाई प्रसाद ने मौके पर ही दम तोड़ दिया।

**एकमात्र कमाऊ सदस्य थे मिठाई प्रसाद**

जानकारी के अनुसार, मृतक मिठाई प्रसाद अपने परिवार के एकमात्र कमाऊ सदस्य थे। उनके पीछे चार विवाहित बेटियां और दो छोटे बच्चे हैं। पिता की मौत की सूचना मिलते ही परिवार में कोहराम मच गया। पत्नी और बच्चों का रो-रोकर बुरा हाल है। गांव में मातम का माहौल है।

**भाजपा नेता के बेटे पर गंभीर आरोप**

वहीं मृतक के भाई और ग्रामीणों ने बड़ा आरोप लगाया है कि हादसे के समय फॉर्चुनर में सवार युवक नशे में धुत थे और लापरवाही से गाड़ी चला रहे थे। ग्रामीणों ने दावा किया कि गाड़ी भाजपा नेता, जिला पंचायत ठेकेदार और शराब व्यवसायी लालचंद चौधरी की है। लोगों ने आरोपियों की गिरफ्तारी और मृतक परिवार को उचित मुआवजा दिलाने की मांग की है।

**परिजनों का रो-रोकर बुरा हाल, ग्रामीणों में आक्रोश**

गुस्साए ग्रामीणों ने सड़क पर प्रदर्शन किया और प्रशासन से कड़ी कार्रवाई की मांग की। उनका कहना है कि आए दिन नशे में धुत वाहन चालक सड़क पर हादसे को अंजाम देते हैं, लेकिन प्रशासन सख्त कार्रवाई नहीं करता। उन्होंने कहा कि अगर जल्द से जल्द आरोपी को गिरफ्तार नहीं किया गया, तो वे सड़कों पर उतरकर उग्र आंदोलन करेंगे। वहीं घटना की जानकारी मिलते ही पुलिस और प्रशासन के अधिकारी मौके पर पहुंचे। शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया है। अधिकारियों ने कहा है कि जांच की जा रही है और दोषियों को किसी भी हाल में बख्शा नहीं जाएगा।

### बेटी के गुम होने पर पिता ने दर्ज कराई गुमशुदगी रिपोर्ट

**हलिया (मिर्ज़ापुर)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के वीरपुर गांव निवासी शिव प्रसाद कहार ने रविवार की देर शाम थाने में तहरीर देकर पुत्री के गुम होने पर गुमसुदगी दर्ज कराई है। पुलिस गुमसुदगी दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल करने में जुट गई है। तहरीर में बताया है की पुत्री 25 वर्षीय सविता घर से 20 सितंबर को घर से 9 बजे रात ननिहाल थाना क्षेत्र के अहुगी कला जाने की बात कहकर चली गई जो वापस लौट कर घर नहीं आई जिस पर पुलिस ने तहरीर के आधार पर गुमसुदगी दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल करने में जुट गई है। इस संबंध में थानाध्यक्ष हलिया राजीव कुमार श्रीवास्तव ने बताया की पुत्री के गुम होने पर पिता की तहरीर पर गुमसुदगी दर्ज कर मामले की जांच पड़ताल किया जा रहा है।

## बाढ़ की समस्या को लेकर ग्रामीणों ने एडीएम को सौंपा शिकायत पत्र



समृद्धि न्यूज

**महराजगंज।** निचलौल क्षेत्र के ग्राम मिश्रौलिया, झुलनीपुर, गिरहियां, बैठवलिया के ग्रामीणों ने एडीएम न्यायिक नवनीत गोयल को शिकायती पत्र सौंपा। बाढ़ की समस्या का समाधान कराने की मांग की।

झुलनीपुर के प्रधान राम प्रवेश, प्रधान प्रतिनिधि राकेश चौधरी, छविलाल भारती, अंबरीश तिवारी, संजय राय, उमाशंकर पाल, संदीप मद्धेशिया, अरविंद पांडेय, अशोक पांडेय, बेचन पासवान, हरिनारायन निषाद ने बताया कि नेपाल से निकली छोटी गंडक नदी क्षेत्र के अमडी पुल से होकर मिश्रौलिया, गुलरभार, झुलनीपुर, गिरहिया, ढेशो होते हुए दस किलोमीटर आगे ढोढिला घाट घुघली तक गई है। इसके साइफन की साफ-सफाई न होने से मिट्टी पट जाने से बरसात में जल निकासी नहीं हो पाती है। इसकी वजह से साइफन गूलरभार गांव के आगे कई जगहों पर टूटने तथा ओवरफ्लो पानी होने से सैकड़ों एकड़ फसल डूब कर बर्बाद हो गई है। पानी के जल जमाव होने से जनजीवन अस्त-व्यस्त है। ग्रामीणों ने मांग की कि सायफन की सफाई कराकर बाढ़ में डूबी फसलों की क्षतिपूर्ति दिलाई जाय।

## अब दुश्मनों के घर में घुसकर मारने की क्षमता रखता है अपना भारत : पंकज

समृद्धि न्यूज

**महराजगंज।** जिला पंचायत के स्व.प्रदीप चौधरी स्मृति सभागार में भाजपा सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम के अंतर्गत प्रबुद्ध सम्मेलन को संबोधित करते हुए केन्द्रीय वित्त राज्यमंत्री पंकज चौधरी ने कहा कि आज का भारत बदल चुका है।

अब भारत किसी से याचना नहीं करता, बल्कि दुश्मनों के घर में घुसकर मारने की क्षमता रखता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश ने जिस प्रकार आत्मविश्वास और दृढ़ संकल्प का परिचय दिया है, वह पूरी दुनिया के सामने उदाहरण बन गया है। उन्होंने कहा कि भारत ने हर क्षेत्र में मजबूत पहचान बनाई है, चाहे वह अर्थव्यवस्था हो, सुरक्षा हो या तकनीकी क्षेत्र। देश की नीतियां और नेतृत्व ने जनता में नया विश्वास जगाया है। कहा कि पीएम के नेतृत्व में सेवा ही संगठन की मूल भावना बनी है। सेवा पखवाड़ा कार्यक्रम का उद्देश्य समाज के अंतिम व्यक्ति तक सरकारी योजनाओं का लाभ पहुंचाना और सेवा कार्यों के माध्यम से जनता का विश्वास अर्जित करना है। पनियरा विधायक ज्ञानेंद्र सिंह ने कहा कि सेवा पखवाड़ा केवल औपचारिक आयोजन नहीं बल्कि समाज के लिए समर्पण का उत्सव है। सदर विधायक जयमंगल कन्नौजिया ने कहा कि भाजपा संगठन सदैव सेवा कार्यों के लिए अग्रणी रहा है।

सेवा पखवाड़ा के दौरान रक्तदान शिविर, स्वास्थ्य जांच शिविर, स्वच्छता अभियान और लाभार्थियों तक योजनाओं की पहुंच सुनिश्चित करना इसका मुख्य लक्ष्य है। जिला प्रभारी राम जियावन मौर्य और जिलाध्यक्ष संजय पांडेय ने भी सेवा पखवाड़ा को समाज हित में एक सशक्त पहल बताते हुए संगठन की प्रतिबद्धता को दुहराया। संचालन सम्मेलन के जिले संयोजक पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष कृष्ण गोपाल जायसवाल ने किया। इस अवसर पर कुशीनगर के पूर्व जिलाध्यक्ष प्रेमचंद मिश्रा, जिपं अध्यक्ष रविकांत पटेल, प्रमुख प्रतिनिधि इंजी. विवेक गुप्ता, राम हरख गुप्ता, प्रमुख आनंद शंकर वर्मा, ओम प्रकाश जायसवाल, वरिष्ठ नेता अजय कुमार श्रीवास्तव, पूर्व प्रमुख रणजीत बहादुर सिंह, अमरेंद्र मणि पांडेय ने भी अपने विचार रखे। बड़ी संख्या में भाजपाई व प्रबुद्ध जन उपस्थित रहे।

# रामलीला में धनुष यज्ञ, परशुराम लक्ष्मण संवाद का मंचन



समृद्धि न्यूज

**चुनार (मिर्जापुर)।** नगर के गोला साहब राम स्थित रामलीला मैदान में श्री राघवेंद्र रामलीला नाट्य समिति के तत्वावधान में चल रहे इक्कीस दिवसीय रामलीला में रविवार की रात धनुष यज्ञ, परशुराम लक्ष्मण संवाद का मंचन हुआ।जनक नगरी के रूप में फूल माला और रंग बिरगें झालरों से मंच की हुई सजावट लीला प्रेमियों को आकर्षित कर रहा था।लीला में शिवजी के धनुष का खंडन करने अनेकों देश के राजा आएं थे जो धनुष को हीला भी न सके।


विश्वामित्र श्रीराम को धनुष खंडन करने के लिए उठने का इशारा करते हैं गुरू से अनुमति लेकर जैसे ही श्रीराम धनुष को उठाते हैं वह खंड खंड हो जाता है।धनुष का खंडन होते ही प्रभु श्रीराम चन्द्र की जय, सियावर राम चन्द्र की जय के जयघोष से रामलीला मैदान गुंजायमान हो रहा था। लीला के दौरान रावण और बाणासुर व धनुष खंडन के बाद परशुराम लक्ष्मण का संवाद बड़ा ही रोचक रहा। लीला में समर्थ वैद्य राम, वाचस्पति भरत, अश्विनि दूबे लक्ष्मण, लक्ष्य पुजारी शत्रुध्न, वैकटेश्वर पांडेय विश्वामित्र,यश मिश्रा सीता,शशिकांत पांडेय जनक, गोविंद जायसवाल रावण, रामआसरे दास बाणासुर,चन्द्रहास गुप्ता पेटफुलवा राजा व समिति के अध्यक्ष लक्ष्मीकांत पांडेय ने (परशुराम) का बहुत ही सुंदर अभिनय किया। रामलीला देखने के लिए शाम से ही आसपास के गांव व स्थानीय लीला प्रेमियों की भारी भीड उमड़ पड़ी।लीला को सकुशल संपन्न कराने में कमेटी संरक्षक बचाऊ लाल सेठ, रमाशंकर पांडेय, गौरीशंकर दीक्षित,अखिलेश मिश्रा, पवन पांडेय, रामजी साहू,फूलचंद, संजय साहू, पवन जायसवाल, अमित कुमार गुप्ता, अजय शेखर पांडेय, करतार सिंह, अजय अग्रवाल आदि लोग सहयोग एवं श्रद्धाभाव से लगे रहे।

### गड़बड़ा शीतला धाम में भक्तों ने मां के चरणों में नवाया शीष



**हलिया (मिर्ज़ापुर)।** स्थानीय विकास खंड के प्रसिद्ध गड़बड़ा शीतला धाम में नवरात्रि के प्रथम दिन सोमवार को भोर से ही भक्त सेवटी नदी में स्नान के बाद पुरूष व महिलाए अलग अलग कतार बद्ध हो गए। हाथ में नारियल, चुनरी, फूल माला लिए मां के गर्भ गृह तक माता के जैकारा लगाते हुए पहुंच कर विधि विधान से दर्शन पूजन किया है स्थानीय जनपद के अलावा पड़ोसी राज्य मध्य प्रदेश के सीधी,सतना तथा पड़ोसी जिले के प्रयागराज, सोनभद्र, भदोही के भक्तों ने निजी साधन से पहुच माँ के चरणों में शीश झुकाया। चेचक से निजात पाने के लिये कुछ लोग मां शीतला के नाब दान का जल भी बोतल में भरकर ले गए वही घर पर कलश स्थापना के लिये कुछ भक्त जल व फूल ले गये।मंदिर के पीछे लिखे गड़बड़ा चालीसा को लोगों ने पढ़कर मनोकामनाएं पुर्ण किया। सुरक्षा व्यवस्था में एक प्लाटून पीएसी के साथ थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव व मेला प्रभारी श्यामलाल, हेड कांस्टेबल अभिषेक चौबे, ड्रमंडगंज थानाध्यक्ष ब्रह्मदिन पाण्डेय व संत नगर के थानाध्यक्ष राजेश कुमार पुलिस कर्मियों द्वारा दो तरफ बैरियर लगाकर साधनों को मेला परिक्षेत्र से पूर्व पार्किंग कराया है। जिसके कारण मेले में आने जाने वाले लोगों को दिक्कत नहीं हुई। मंदिर प्रबंधक प्रकाश चंद्र शुक्ल, सुभाष चंद्र शुक्ल व ज्ञान चंद्र शुक्ल ने बताया कि भोर से ही पचास हजार भक्तों ने दर्शन पूजन किया है। दर्शनार्थियों के सुविधा के लिये 20 वालेंटियर्स व सीसी टीवी कैमरा से निगरानी किया जा रहा है।

### नवरात्रि के प्रथम दिनमाता शैलपुत्री स्वरूप का दर्शन पूजन



**चुनार (मिर्जापुर)।** शारदीय नवरात्रि के प्रथम दिन सोमवार को अदलपुरा स्थित बड़ी शीतला माता धाम में पहुंचे श्रद्धालुओं ने मां का जयकारा लगाते हुए माता शैलपुत्री स्वरूप का दर्शन पूजन किए। सुबह चार बजे भोर में ही मंगला आरती के बाद मंदिर का कपाट श्रद्धालुओं को दर्शन पूजन के लिए खोल दिया गया।क्षेत्र के अलावा वाराणसी, जौनपुर, भदोही, चंदौली, सोनभद्र आदि जिले से आए श्रद्धालुओं ने नारियल, चुनरी, लाचीदाना, पेड़ा,लड्डू, गुड़हल का मालाफुल आदि प्रसाद लेकर कतार में खड़े हो कर मां का जयकारे लगाते हुए गर्भगृह में पहुंच कर मत्था टेक आशीर्वाद लिया।एसपी,एएसपी ओपी सिंह के निर्देश पर सीओ मंजरी राव, कोतवाल विजय शंकर सिंह, मेला प्रभारी चौकी इंचार्ज कुमार संतोष ने दलबल के साथ सुरक्षा व्यवस्था में लगे रहे।

## खबरें एक नजर में

### साधन सहकारी समिति का ताला तोड़कर लाखों की चोरी

**हलिया (मिर्जापुर), समृद्धि न्यूज।** स्थानीय थाना क्षेत्र के महुगढ़ सिकटा गांव साधन सहकारी समिति का बीती रात चोर ताला तोड़करनगदी समेत लाखों का सामान उठा लेगए। सूचना पर पहुंची पुलिस घटना की छानबीन मेंजुट गई है। क्षेत्र के महुगढ़ सिकटा गांव मेंसाधन सहकारी समिति है। समिति के सचिव अवकाश पर गए थे। आंकिक दीपचंद्र सुबह लगभग दस बजेसदस्यता अभियान सेसमिति पर लौटे तो चैनल का ताला टूटा देख उनके होश उड़ गए। अंदर देखा तो सारा सामान बिखरा पड़ा था। कार्यालय का भीताला टूटा पड़ा था। उसमें रखे इनवर्टर, बैट्री, कंप्यूटर, एलईडी टीवी, लैपटॉप, ऑपरेटर का बैग, आठ हजार रुपए, बायोमेट्रिक डिवाइस गायब थे। उन्होंने तत्काल घटना की सूचना विभागीय अधिकारियों और ग्राम प्रधान को दी। हलिया थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। समिति के आंकिक दीपचंद नेबताया कि लगभग तीन लाख रुपए सेअधिक की चोरी हुई है। किसी भी समितियों पर सीसीटीवीकैमरा नहीं लगा है। सीसीटीवी कैमरा लगा होता तो चोरों की पहचान हो सकती थी। इस संबंध मेंहलिया थानाध्यक्ष राजीव कुमारश्रीवास्तव नेबताया कि तहरीर के आधार पर जांच की जा रही है। जांच के बाद आगेकी कार्रवाई की जाएगी। जल्द ही घटना काखुलासा किया जाएगा।

### पति के गुम होने पर पत्नी ने दी तहरीर



**हलिया (मिर्ज़ापुर), समृद्धि न्यूज।** स्थानीय थाना क्षेत्र के बडौहा गांव निवासी मदीना ने सोमवार को थाने में तहरीर देकर पति के गुम होने पर गुमशुदगी दर्ज कराने की मांग किया है। पुलिस मामले की जांच पड़ताल करने में जुट गई है। तहरीर में बताया है की मेरे पति वकील रविवार की सुबह 7 बजे घर से पैदल निकले की लौटकर वापस नहीं आये है। काफ़ी खोजबीन करने के बाद भी कही पता नहीं चलने पर सूचना दे रही हूँ। तहरीर मिलने पर पुलिस मामले की जांच पड़ताल करने में जुट गई है। इस संबंध में थानाध्यक्ष राजीव कुमार श्रीवास्तव ने बताया की पति के गुम होने पर पत्नी द्वारा गुमशुदगी दर्ज कराने के लिए तहरीर दिया गया है। मामले की जांच पड़ताल किया जा रहा है। जांच के बाद गुमशुदगी दर्ज किया जायेगा।

### बैनामा करने के नाम पर 2.27 लाख की ठगी, मिल रही धमकी

**महराजगंज, समृद्धि न्यूज ।** श्यामदेउरवा थाना क्षेत्र के अमवा गांव निवासी मुर्तुजा अंसारी के साथ ठगी की गई है। पीड़ित ने पुलिस को तहरीर देकर बताया कि पिपरिया गांव निवासी आरोपी ने नहर पटरी के बगल में तीन डिसमिल जमीन का बैनामा करने का वादा कर उससे दो लाख 27 हजार रुपये ले लिया। लेकिन तय समय सीमा बीत जाने के बाद भी न तो जमीन का बैनामा किया और न ही पैसा वापस किया। पीड़ित मुर्तुजा अंसारी का कहना है कि आरोपी ने भरोसा दिलाया था कि जल्द ही रजिस्ट्री कर दी जाएगी। लेकिन अब वह बार–बार आनाकानी कर रहा है। अब हालात ऐसे हो गए हैं कि आरोपी खुलेआम डराने–धमकाने पर उतारू है। पीड़ित ने पुलिस से गुहार लगाई है कि मामले की जांच कर उन्हें न्याय दिलाया जाए और आरोपी के खिलाफ कड़ी कार्रवाई की जाए। चौकी प्रभारी अमित कुमार सिंह ने बताया कि तहरीर के आधार पर मामले की जांच की जा रही है।

### वृद्ध माता-पिता की सेवा किसी तीर्थ कम नहीं है : दुर्गेश

**महाराजगंज, समृद्धि न्यूज।** नगर पंचायत आनंद नगर के वार्ड नंबर 4 गणेशपुर में स्थित आधारशिला वृद्धा आश्रम में रह रही बुजुर्ग माता–पिता के बीच आस्था एनजीओ के तरफ से कार्यक्रम कर उनके बीच में उपहार वितरित कर फल व मिष्ठान प्रसाद स्वरूप दिया गया। उक्त कार्यक्रम के मुख्य अतिथि के रुप में जिला कार्यक्रम अधिकारी दुर्गेश कुमार तथा एनजीओ के पदाधिकारी मौजूद रहे। आधारशिला वृद्धाश्रम में रह रहे 105 वृद्ध जिसमें 48 महिलाएं शेष पुरुषों के बीच में आस्था एनजीओ के तरफ से कार्यक्रम कर वृद्धजनों का दुख बांटा गया। कार्यक्रम के मुख्य अतिथि जिला कार्यक्रम अधिकारी दुर्गेश कुमार ने अपने संबोधन में कहा कि वृद्ध माता–पिता की सेवा किसी तीर्थ कम नहीं है। उन्होंने कहा कि आधारशिला वृद्ध आश्रम मे रह रहे सभी माता–पिता के बीच वह अपने आप को पाकर काफी गौरवान्वित हो रहे हैं। इस दौरान कार्यक्रम में एनजीओ के पदाधिकारी तथा वृद्धा आश्रम के प्रबंधक प्रदीप कटिहार सहित सभी कर्मचारी एवं रह रहे वृद्ध माता–पिता मौजूद रहे।

### पिकअप की टक्कर से एक युवक की मौत, एक गंभीर

**महराजगंज,समृद्धि न्यूज ।** चौक थाना क्षेत्र में बीते शनिवार को सड़क हादसे ने एक परिवार की खुशियां छीन गई। जानकारी के मुताबिक टोला सेखुई निवासी दिवाकर और जयकरन आधार कार्ड बनवाने के लिए मोटरसाइकिल से जा रहे थे। दोनों दोस्त जब पड़री गांव के पास पहुंचे तभी अचानक तेज रफ्तार पिकअप ने अनियंत्रित होकर उनकी मोटरसाइकिल में टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि दोनों सड़क पर गिरकर लहूलुहान हो गए। हादसे के बाद पिकअप चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। घटना की सूचना राहगीरों ने परिजनों को दी। जब तक परिजन मौके पर पहुंचे, तब तक दोनों युवक खून से लथपथ होकर तड़प रहे थे। आनन–फानन में एंबुलेंस बुलाई गई और पुलिस भी मौके पर पहुंच गई। दोनों को जिला अस्पताल ले जाया गया। वहां से डॉक्टरों ने उनकी गंभीर हालत देखते हुए गोरखपुर मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया। गोरखपुर मेडिकल कॉलेज पहुंचने पर डॉक्टरों ने जयकरन को मृत घोषित कर दिया। जबकि दिवाकर का इलाज अभी भी चल रहा है और उसकी हालत नाजुक बताई जा रही है। इस दर्दनाक हादसे के बाद परिजनों का रो–रोकर बुरा हाल हो गया है। गांव में भी मातम पसर गया। समृद्धि न्यूज़ संवाददाता ने जब चौक थाना अध्यक्ष से इस मामले में बात की तो उन्होंने बताया कि अभी तक पीड़ित पक्ष की ओर से कोई तहरीर नहीं मिली है। तहरीर मिलने के बाद विधिक कार्रवाई की जाएगी।

### विश्वामित्र के आश्रम में महाराजा जनक ने निमंत्रण भेजा



**हलिया (मिर्ज़ापुर), समृद्धि न्यूज।** आदर्श श्रीरामलीला समिति ड्रमंडगंज द्वारा चलाए जा रहे सत्रह दिवसीय श्रीरामलीला में रविवार की रात्रि फुलवारी व मीना बाजार का मंचन हुआ। गुरु विश्वामित्र के आश्रम में श्रीराम लक्ष्मण शिक्षा ग्रहण कर रहे थे। तभी महाराजा जनक ने पुत्री सीता के स्वयंबर के लिए विश्वामित्र के आश्रम में निमंत्रण भेजा। विश्वामित्र श्रीराम लक्ष्मण को लेकर जनकपुर पहुंचे जहां महाराजा जनक ने उनका स्वागत सत्कार किया। उसके बाद विश्वामित्र श्रीराम लक्ष्मण के साथ एक कक्ष में रुके। विश्वामित्र ने श्रीराम लक्ष्मण को पूजा के लिए फुलवारी से फूल लाने के लिए भेजा। संयोगवश उसी समय सीता भी अपनी सखियों के साथ फुलवारी में घूमने गयीं थीं। श्रीराम को फुलवारी में देखकर जानकी मोहित हो गई और प्रफुल्लित मन से अपने सखियों से श्रीराम के बारे में चर्चा करने लगीं। मीना बाजार का भी रंगारंग दृश्य देखकर दर्शक मंत्रमुग्ध हो गए। दर्शक देर रात तक श्रीरामलीला का आनंद लेते रहे। उक्त अवसर पर श्रीरामलीला समिति ड्रमंडगंज के अध्यक्ष अंजनी सोनी, उपाध्यक्ष राजेन्द्र कुमार गुप्ता,आशीष केशरी, विजय पाल, कोषाध्यक्ष सुभाष सोनी सहित अन्य पदाधिकारी उपस्थित रहे।